रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 11 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-349 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### दिव्यांगजन पर्वतारोही दल ने किलिमंजारो चोटी पर 7800 वर्ग फुट का तिरंगा फहराया

**नयी दिल्ली।** हिमालय पर्वतारोहण संस्थान के दिव्यांगजन अभियान दल ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो के उहुरू शिखर पर 7800 वर्ग फुट का भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया है। रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में ग्रुप कैप्टन जय किशन के नेतृत्व में वहां गये इस दल में दिव्यांग उदय कुमार एवं अन्य शामिल थे।

### पुलिस ने जारी किया कठुआ में देखे गए आतंकादियों के चित्र



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कठुआ जिले के कुछ हिस्सों में हाल के दिनों में देखे गए आतंकवादियों के चित्र (स्केच) जारी किये हैं। कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनायत अली ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि पुलिस ने चार आतंकवादियों का स्केच जारी किये हैं, जिन्हें आखिरी बार मल्हार, बानी और सियोजधार में देखा गया था।

### दो मृतक आश्रित महिलाओं को योगी ने दिया आर्थिक संबल

**गोरखपुर।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में दो मृतक आश्रित महिलाओं को क्रमशः पांच और दो लाख रुपये की आर्थिक



सहायता राशि सौंपी और भरोसा दिलाया कि दुख और संकट की हर परिस्थिति में सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र के बेलवाडाढ़ी निवासी धर्मात्मा सिंह के निधन के बाद परिवार को आर्थिक संबल की आवश्यकता को देखते हुए उनकी पत्नी कमलेश सिंह को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। गोरखनाथ मंदिर में चेक देने के साथ मुख्यमंत्री ने परिवार का हाल जाना और आश्वस्त किया कि संकट में मदद करने में उनकी सरकार हमेशा तत्पर है।

### टीवी सोमनाथन कैबिनेट सचिव नियुक्त

**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारतीय



प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी टीवी सोमनाथन को कैबिनेट सचिव नियुक्त किये जाने का निर्णय किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के जारी सर्कुलर के अनुसार, सोमनाथन इस माह के अंत में अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे।

# फ्लाइट से सफर करता था सूरजू, नक्सली मुहैया करवाते थे रकम

## लेवी के पैसों से शहरी नेटवर्क मजबूत कर रहे थे नक्सली

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पुलिस ने नक्सलियों के मनी ट्रेल नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए 5 माओवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक झा ने मामले का खुलासा करते हुए कहा कि, नक्सलियों की लेवी वसूली, अर्बन नेटवर्क की एक चेन को पुलिस ने तोड़ दिया है। बीजापुर और मानपुर क्षेत्र से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जो जंगल में छिपे बैठे माओवादियों की मदद कर रहे थे। एसडीओपी मयंक तिवारी ने बताया कि, सूरजू टेकाम की गिरफ्तारी के बाद से ही उनसे जुड़े नक्सल नेटवर्क को पुलिस ट्रेक कर रही थी। उन्होंने बताया कि, सुरजू मानपुर से देश के कई हिस्सों में बड़े शहरों का दौरा कर रहा था। हमने देखा कि उसके लिए फ्लाईट बुक की जाती है। इस बुकिंग्स की जांच में हमें बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि, ये पैसा नक्सलियों की लेवी वसूली से आ रहा था। पड़ोसी जिलों में माओवादी अपने सहयोगियों से वसूली करवाते थे। इसके लिए बाकायदा टारगेट भी तय किया जाता था। 2022 में यह टारगेट एक करोड़ था। इसमें से तेंदूपत्ता व्यापारी व अन्य लोगों ने 60 लाख रुपए बैंक अकाउंट में और बाकी की रकम नगदी हवाले की थी। इससे पहले और बाद में भी नक्सल सहयोगियों ने बड़ी रकम लेवी के तौर पर वसूली थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फायनेंशियल ट्रेल एवं इलेक्ट्रानिक एवं अन्य दस्तावेजों का विश्लेषण किया जा रहा है। सोनाराम फरसा (28), विजय जुर्री (32), रामलाल करमा (35), राजेंद्र कड़ती (30) और विवेक सिंह (35) के आपसी लिंक और नक्सलियों से कनेक्शन के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें शामिल विवेक मानपुर ब्लॉक मुख्यालय का मूल निवासी है जो वर्तमान में रायपुर में रहता है। विवेक के सूरजू से भी तार जुड़े हैं। गौरतलब है कि मानपुर इलाके के कलवर गांव निवासी आदिवासी नेता सुरजू टेकाम वर्तमान में जेल में बंद है। कुछ माह पहले सुरजू टेकाम को मोहला-मानपुर जिला पुलिस ने उसके कलवर स्थित घर से विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार कर नक्सल प्रकरणों के तहत जेल दाखिल कराया था।



### सूरजू के लिए विजय बुक करता था फ्लाईट

गिरफ्तार नक्सल सहयोगी सूरजू टेकाम माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार एवं शहरी नेटवर्क को आगे बढ़ाने के लिए लगातार शहरी क्षेत्रों में आ-जा रहा था। प्रायोजित ऑपरेशन कगार, कार्पोरेटीकरण, सैनिकीकरण के विरोध में 23 मार्च 2024 को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने सूरजू 22 मार्च को फ्लाईट के माध्यम से रायपुर से दिल्ली गया था।ये टिकट आरोपी विवेक सिंह ने बुक की थी। उसे इसके लिए पैसा नक्सलियों की लेवी से उपलब्ध करवाया गया था। सूरजू के साथ सोनाराम फरसा के लिए भी टिकिट बुक कराई गई थी। पुलिस के अनुसार विवेक सिंह नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को लगातार अलग-अलग माध्यम से सहयोग कर रहा था और दोनों एक दूसरे से लगातार संपर्क में थे।

### तेंदूपत्ता ठेकेदार भी संदेह के दायरे में

नक्सलियों द्वारा भैरमगढ़ क्षेत्र में तेंदूपत्ता ठेकेदारों को धमकी देकर सोनाराम फरसा, विजय जुर्री, रामलाल करमा और राजेंद्र कड़ती के माध्यम से लेवी वसूली की जा रही थी। चारों ने अपने बैंक अकाउंट के माध्यम से लेव्ही के तकरीबन 60 लाख रुपए प्राप्त किए और बाद में बैंक से नगदी निकालकर नक्सलियों को पहुंचाया। राजेंद्र कड़ती का बड़ा भाई मोहन कड़ती कुख्यात नक्सली कमांडर है। उक्त सभी कई वर्षों से नक्सलियों से मिलकर ठेकेदारों से लेवी वसूली, राशन-दवाई व अन्य जरूरत की सामग्री की सप्लाई कर रहे थे। जिसमें तेंदूपत्ता ठेकेदार भी संदेह के दायरे में है।

### राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने लगाए गंभीर आरोप

नक्सल सहयोगियों में शामिल विवेक सिंह को लेकर सांसद संतोष पांडेय ने कहा स्व.



नंदकुमार बघेल मेरे ही संसदीय क्षेत्र में भोले-भाले आदिवासियों को बरगलाते थे। सांसद संतोष पांडेय ने सीएम भूपेश बघेल के पूर्व सलाहकार विनोद वर्मा को लेकर कहा कि, जहां विनोद वर्मा और जेएनयू के लोग आदिवासियों के बीच आकर मीटिंग करते थे। आज विवेक सिंह जो नंदकुमार बघेल का पीए था, सलाहकार था वे नक्सलियों के साथ धरे गए हैं। उन्होंने अराजकता फैलाने वालों को फंडिंग की है। विवेक सिंह को लेकर उन्होंने कहा कि, मां भगवती के लिए अपशब्द कहने वाला विवेक सिंह गिरफ्तार हुआ है। जिस प्रकार से इन्होंने मां चंडी को अपशब्द कहे, रामायण के ध्वज को जलाने का काम किया जिसमें सूरजू भी संलिप्त था... आज सबका पर्दाफाश हो गया है।

## मुर्मु तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को वहां राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया है। मुर्म को यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है। बाद में, दोनों राष्ट्रपतियों ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें आईटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य और दवा, कृषि और क्षमता निर्माण पर चर्चा हुई। मुर्मु ने प्रधानमंत्री सानाना गुसमाओ के साथ भी चर्चा की। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती के संबंधों का प्रतिबिंब है। भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती की गहराई का प्रतीक। पोस्ट में कहा गया कि मुर्मु और तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति ने दिली के राष्ट्रपति महल में सकारात्मक वार्ता की। चर्चा में आईटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य और दवा, कृषि, क्षमता निर्माण सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया।

## बैंकों के घटते जमा पर सीतारमण ने जतायी चिंता, नवाचारी उत्पाद लाने की सलाह

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों में घटते जमा पर चिंता जताते हुये कहा कि बैंकों को कुछ नवाचारी और आकर्षक पोर्टफोलियो लाने के बारे में सोचना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग बैंकों में पैसे जमा करने के लिए आकर्षित हो सके क्योंकि अभी लोगों के पास अधिक रिटर्न पाने के लिए शेयर बाजार सहित बैंकों से अच्छे कई विकल्प है। सीतारमण ने यहां भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल के सदस्यों की बैठक में भाग लिया। यह बैठक केंद्रीय बजट 2024-25 और वित्त विधेयक पारित किए जाने के कुछ बाद हुई है। इसमें आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक के अन्य निदेशक मंडल के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। वित्त मंत्री ने बैठक के बाद कहा बैंकों को कुछ इनोवेटिव और आकर्षक पोर्टफोलियो लाने के बारे में सोचना चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग बैंकों में पैसे जमा करें। अभी लोगों के पास अधिक रिटर्न पाने के लिए बैंकों से अच्छे कई विकल्प हैं।

## जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति से मुलाकात की

वार्ता ◄ माले/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। डॉ. जयशंकर ने मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून, आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद और वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक के साथ भी बातचीत की। विदेश मंत्री ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने आज हुयी बैठक के दौरान भारत द्वारा सहायता प्राप्त छह 'उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनों का उद्घाटन किया और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू से मुलाकात करके गौरवान्वित महसूस किया। उन तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाईं। हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। डॉ. जयशंकर ने कहा, रक्षा मंत्री मौमून के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत-मालदीव रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त पहल और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने में हमारे साझा हित पर चर्चा हुई।

## चीनी उत्पादन का मुनाफा किसानों के खातों में पहुंचना चाहिएः शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसान की समृद्धि ही सरकार की प्राथमिकता है और उसका



लक्ष्य चीनी उत्पादन का सारा मुनाफा किसान के बैंक खातों में पहुंचाना है। शाह नेशनल फेडरेशन ऑफ को ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के 'चीनी उद्योग संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार 2022-23' समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और सहकारिता के आठ क्षेत्रों में सहकारी चीनी मिलों को राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारा देश पुराने समय से सहकारिता आंदोलन का साक्षी रहा है और सहकारिता हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित अनेक राज्यों ने इसमें नेतृत्व की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद सहकारिता आंदोलन में ज़रूरी बदलाव नहीं हुए और इसके कारण यह कुछ राज्यों तक सीमित रह गया।

## भारतीय हॉकी टीम का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत



**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम का पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में भाग लेकर स्वदेश लौटने पर हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। खेल मंत्री डा मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर लौटी हॉकी टीम के खिलाड़ियों से भेंट की एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। मांडविया ने खिलाड़ियों से कहा कि ओलंपिक खेलों में 52 साल बाद लगातार दूसरी बार पदक जीत कर आपने देश का नाम रोशन किया है, पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। टीम के सदस्य हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने कांस्य पदकों के साथ राष्ट्रीय स्टेडियम पहुंचे और ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## प्रधानमंत्री ने वायनाड में भूस्खलन प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया

**वायनाड/ नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के वायनाड में भूस्खलन की तबाही से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया।



मोदी नयी दिल्ली से केरल पहुंचे। इलाके के हवाई सर्वेक्षण के समय मोदी के साथ केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन भी थे। मोदी हवाई सर्वेक्षण के बाद आपदा प्रभावित इलाकों में खुद जाकर स्थिति का जायजा लेंगे। सूत्रों के अनुसार, मोदी वहां स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं पर बातचीत भी कर सकते हैं। नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हवाई सर्वेक्षण के दौरान मोदी ने उस इलाके का भी निरीक्षण किया, जहां से भूस्खलन शुरू हुआ था। उन्होंने पुंचिरिमट्टम, मुंडिकि और चूड़ालमाला इलाके का भी हवाई निरीक्षण किया। गौरतलब है कि पारिस्थितिकी की दृष्टि से संवेदनशील पश्चिमी घाट क्षेत्र में 30 जुलाई को भूस्खलन की घटना में करीब दो सौ लोगों की मौत हो गयी थी और सैंकड़ों की संख्या में लोग घायल हो गये। भारी वर्षा के कारण भूस्खलन इरुवझिंजी पुझा नदी में बाढ़ के चलते शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री ने 30 जुलाई को वायनाड त्रासदी की सूचना मिलते ही बैठक की समीक्षा की थी और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सेना, वायु सेना और नौसेना को राहत और बचाव कार्य में लगाने का निर्देश दे दिया था।

### 484 करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति

## साय सरकार की पहल : राज्य के 160 आईटीआई होंगे अपग्रेड

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य के 160 आईटीआई को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन किया जा रहा है। इसके लिए रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से 484 करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। मॉडल आइटीआई में उन्नयन के पश्चात युवाओं को स्थानीय उद्योगों की मांग के मुताबिक प्रशिक्षण मिल सकेगा। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने मॉडल आईटीआई में उन्नयन को राज्य के युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य के आईटीआई को मॉडल आईटीआई में अपग्रेड करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण में प्रदेश के 160 आईटीआई के लिए 484.22 करोड़ रुपए का तीन वर्षीय प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। बलौदाबाजार के सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल आईटीआई बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सिडबी योजना के तहत 20 करोड़ 13 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति जारी की गई है। वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार के सकरी शासकीय आई टी आई के विभिन्न ट्रेड का उन्नयन और अधोसंरचना के कार्य किये जाएंगे। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मशीन टूल्स और उपकरण के लिए तीन करोड़ 23 लाख रुपए जारी किया गया है। इसमें कंप्यूटर, हार्डवेयर और नेटवर्क मेंटनेंस के लिए एक करोड़ पांच लाख रुपए, इलेक्ट्रिशियन के लिए 75 लाख रुपए, फीटर के लिए 46 लाख, मेकेनिक डीजल के लिए 44 लाख और वेल्डर के लिए 53 लाख रुपए शामिल हैं। इसी तरह सिविल वर्क में आईटीआई के नए भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 44 लाख रुपए, गार्ड रूम के लिए सात लाख 42 हजार रुपए, मोटर गाड़ियों के पार्किंग के लिए एक करोड़ 25 लाख रुपए, स्टाफ क्वाटर्स निर्माण के लिए 11 करोड़ 78 लाख रुपए तथा प्रवेश द्वार और बाऊण्ड्रीवाल के लिए 34 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।



# नड्डा, पटेल, पाटिल ने राजकोट में किया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

एजेंसी ◀ राजकोट
www.dailypioneer.com



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने शनिवार को राजकोट में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। नड्डा ने राजकोट के रेसकोर्स मैदान पर हजारों लोगों के उमंग-उत्साह और देशभक्ति से सराबोर माहौल के बीच तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभा को संबोधित करते हुये कहा, गुजरात तपस्वी, संतों-महंतों, समाज सुधारकों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों की भूमि है, जिसकी मिट्टी से हमें प्रेरणा मिलती है। मैं इस भूमि को नमन करता हूं। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यह भूमि हमारी आंतरिक चेतना को प्रज्वलित करती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज यहां हर ओर तिरंगा लहरा रहा है, इसे देखकर हमें स्वतंत्रता संग्राम का कालखंड याद आ रहा है। स्वतंत्रता की लड़ाई में गुजरात का बड़ा योगदान रहा है। गुजरात के महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गुजरात के सपूत और देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत काल में देश को 2047 तक विकसित बनाने का स्वप्न देखा है और उसे साकार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने युवाओं से वीरों-शहीदों के बलिदान और आजादी के संघर्ष के इतिहास को याद रखने की अपील करते हुये कहा कि हमें यह आजादी आसानी से नहीं मिली है। हजारों वीरों और शहीदों ने बलिदान दिया है तथा लाखों परिवारों ने अपना सुख-चैन त्याग कर दिन-रात देखे बिना मां भारती की आजादी के लिए संघर्ष किया है। नड्डा ने नौ अगस्त, 1942 को महात्मा गांधी के उद्घोष 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का उल्लेख करते हुये कहा कि जन-जन की आवाज बन गये उस आंदोलन ने अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी थी। उसके बाद कई आंदोलन हुये और तब जाकर देश आजाद हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की आजादी के लिये अनेक वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया था। आज सरहद पर तैनात सुरक्षा बलों के जवान देश की सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं, जिसके कारण हम शांति और सुरक्षा के वातावरण में जी रहे हैं। ऐसे में एक नागरिक के रूप में हमारा भी यह कर्तव्य है कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए इस अमृत काल में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प लें, यही तिरंगा यात्रा की सच्ची सफ्लता होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया के बड़े देशों की अर्थव्यवस्थायें डगमगा रही हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से छलांग लगाते हुये दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। तिरंगा यात्रा में हम सभी यह संकल्प लें कि देश को अगले तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनायेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के विकास का उल्लेख करते हुये कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत जापान को पीछे छोड़कर तीसरा अग्रणी देश बन गया है। भारत अपनी मोबाइल फोन मांग का 97 फीसदी स्थानीय स्तर पर उत्पादन करता है। किसी समय भारत को रक्षा उपकरणों के मामले में पूरी तरह से आयात पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन भारत बुलेटप्रूफ जैकेट और अन्य सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। उन्होंने सभा में उपस्थित युवा पीढ़ी और बच्चों से कहा कि देश को विकसित बनाने में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। पटेल ने इस अवसर पर राजकोटवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि श्री मोदी ने स्वतंत्रता पर्व को जनआंदोलन बनाने के लिये देश को 'हर घर तिरंगा' और 'तिरंगा यात्रा' का विचार दिया है।

## 487 किलोग्राम कोकीन तस्करी मामले का सरगना सिमरनजोत संधू जर्मनी में गिरफ्तार

**चण्डीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंद्रीय एजेंसी के साथ एक संयुक्त अभियान में 487 किलोग्राम कोकीन तस्करी मामले (2020) के सरगना सिमरनजोत संधू को जर्मनी में गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि संधू एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी का मुख्य सरगना है और जर्मनी में मादक पदार्थ तरस्करी अपराधों के लिए वांछित है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों वाले संधू ने भारत और अन्य यूरोपीय देशों में मादक पदार्थों की तस्करी में प्रमुख भूमिका निभाई। डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों के अनुसार ड्रग नेटवर्क को खत्म करने और हमारे राज्य को मादक पदार्थ-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लाड़ली बहनों को रोजगार प्रशिक्षण देने की योजना बना रही सरकार : यादव

पायनियर संवाददाता ◀ टीकमगढ़
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स में लाड़ली बहनों को 10-15 हजार रुपये महीना मिले, इसके लिए सरकार उन्हें प्रशिक्षण दिलाने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव यहां लाड़ली बहनों के लिए आयोजित 'रक्षाबंधन और श्रावण उत्सव' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व पौधरोपण कर मुख्यमंत्री ने प्रदेश को हरा-भरा बनाने की अपील की। अपने संबोधन में डॉ यादव ने कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं को 10-15 हजार रुपये महीना मिले, इसके लिए सरकार उन्हें प्रशिक्षण दिलाने की योजना बना रही है। आज 25 हजार से ज्यादा स्थानों पर लाड़ली बहना योजना की 1250 रुपए की राशि और रक्षाबंधन के शगुन की 250 रुपए की राशि एक साथ अंतरित की जा रही है। आज अकेले टीकमगढ़ में 2 लाख 11 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में राशि आ रही है। बुंदेलखंड के इस जिले टीकमगढ़ के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यहां के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। केन-बेतवा लिंक परियोजना का बहुत जल्द भूमिपूजन होने वाला है, जिससे हर किसान के खेत तक पानी पहुंचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों को सम्मान निधि दे रहे हैं और राज्य सरकार भी अन्नदाताओं के खाते में राशि लगातार अंतरित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकमगढ़ को बहुत जल्द मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। इसके साथ ही अब दूध खरीदने पर भी बोनस मिलने जा रहा है।

# पंजाब से तीन नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट को वापस लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने कहा कि पंजाब से तीन नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट को वापस लिया जाना राज्य के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। खन्ना ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि आप सरकार 3264 करोड़ की परियोजना के लिये पंजाब में जमीन उपलब्ध कराने में बुरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति इस हद तक खराब हो चुकी है कि ठेकेदारों के काम करने से इनकार करने के कारण पंजाब में राजमार्ग परियोजनाओं को रोकना सरकार की बड़ी विफलता है। इससे पता चलता है कि यह सरकार राज्य के विकास और बुनियादी ढांचे के लिए कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि सिर्फबयानबाजी या विज्ञापन से पंजाब रंगला नहीं बन सकता, बल्कि इसके लिये एक व्यापक योजना बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि ये सड़क परियोजनायें संचालित होतीं तो राज्य को बड़ा आर्थिक और व्यावसायिक लाभ मिलता। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति( एससी) बच्चों के लिए 250 करोड़ रुपये के वजीफे का मामला भी हाशिये पर है, इससे साफहै कि इसकी मंशा में खोट है। खन्ना ने कहा कि माननीय सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उन्हें न तो सरकार चलाने का कोई अनुभव है और न ही राज्य के विकास के प्रति उनके मन में कोई गंभीरता है। उन्होंने कहा कि पंजाब के इतिहास में इस सरकार से निकम्मी कोई सरकार नहीं हो सकती।

## सिसोदिया छोटी जेल से बड़ी जेल आ रहे हैं : विज



**चंडीगढ।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया के जेल से बाहर आने पर चुटकी लेते हुए कहा कि सिसोदिया छोटी जेल से बड़ी जेल में आ रहे हैं। विज ने कहा कि सिसोदिया को हफ्ते में दो दिन थाने में हाजिरी लगवानी है, पासपोर्ट उनका जब्त है जिससे वो कहीं आ जा नहीं सकते, लिहाजा वो छोटी जेल से बड़ी जेल में आये है। उन्होंने कहा कि जमानत होना, रिहा होना नहीं होता। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोंली का बयान आया था की इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा 25 प्रतिशत नये चेहरों को मौका देगी। बड़ोंली के इस बयान का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है, आवश्यकता पड़े तो 25 प्रतिशत ही क्यों सारे विधायकों का रिकार्ड देख कर ही टिकटें देनी चाहिए। विज ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी अमन सेहरावत ने देश की झोली में एक और पदक डाला है। उन्होंने कहा कि सारे हिंदुस्तान में अब तक जो मैडल आये हैं, उनमें लगभग सभी हरियाणा के खिलाडियों ने लिए है, क्योंकि हरियाणा की मिट्टी में ही खेल बसा हुआ है जिसे बच्चा-बच्चा जानता है।

# बीएसएफ को बंगलादेश की नयी सरकार में बीजीबी के साथ अच्छे संबंधों की उम्मीद

एजेंसी ◀ शिलांग
www.dailypioneer.com

सीमा सुरक्षा बल ने उम्मीद जतायी कि बंगलादेश में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने के बाद बॉर्डर गार्ड बंगलादेश के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे। बीएसएफ, मेघालय फ्रंटियर के महानिरीक्षक हरबक्स सिंह ढिल्लों ने कहा, अब तक बीजीबी के साथ हमारे संबंध बहुत अच्छे रहे हैं। मुझे उनके व्यवहार में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखता क्योंकि वे एक पेशेवर शक्ति हैं और हम भी एक पेशेवर शक्ति हैं। हम उनसे बातचीत करते रहते हैं। उच्चतम स्तर पर समझ की भावना होती है। मुझे उनके साथ संबंधों पर तत्काल कोई खतरा नहीं दिखता। बीएसएफअधिकारी ने कहा कि उपलब्ध सूचना के अनुसार दूर-दराज के इलाकों को छोड़कर स्थिति सामान्य से बहुत अलग है। जमीन पर हालांकि, चीजें धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। उन्होंने कहा, बीजीबी को शिविरों तक ही सीमित कर दिया गया था और उन्हें अतिरिक्त बल दिया जा रहा है। वे अपने क्षेत्रों को नियंत्रित कर रहे हैं। हम बीजीबी के साथ संवाद कर रहे हैं और पिछले कुछ दिनों में हम उनके संपर्क में हैं। बंगलादेश में राजनीतिक हिंसा के बाद से बीएसएफके जवान हाई अलर्ट पर हैं और सीमा पर गश्त लगा रहे हैं। हमारे सैनिक हाई अलर्ट पर हैं। हमने सीमा पर अपनी ताकत बढ़ाई है और वर्चस्व के क्षेत्र को फिर से समायोजित किया है। हमने सभी संवेदनशील बिंदुओं का फिर से दौरा किया है और नियमित मूल्यांकन किया जा रहा है और हर चीज की समीक्षा की जा रही है। बंगलादेश में हिंदुओं पर हमलों और भारत विरोधी भावनाओं पर ढिल्लों ने आशा व्यक्त की कि मुहम्मद यूनुस हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करेंगे। ढ़िल्लो ने कहा बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस के बयान के अनुसार, यह स्पष्ट संकेत है कि सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा की जाएगी। हमारी सरकार बंगलादेश में मौजूदा स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ है और उसी के अनुसार मामले को उठाएगी। बीएसएफ के आईजी ने कहा कि एक भी बंगलादेशी ने मानवीय आधार पर या मेघालय से लगी पड़ोसी देश की 444 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। उन्होंने कहा, हमारे सैनिक हाई अलर्ट पर हैं और विशेष संवेदनशील क्षेत्रों का आकलन किया जा रहा है। हर चीज की समीक्षा की जा रही है। कोई भी जमीनी स्तर पर इस अंतर महसूस कर सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या बंगलादेश एक बार फिर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विद्रोहियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन सकता है, ढ़िल्लो ने कहा, अभी तक, इसके कोई संकेत नहीं हैं। अगर ऐसी चीजें होती हैं तो हम स्थिति का आकलन करेंगे और इस पर प्रतिक्रिया देंगे क्योंकि बीएसएफ एक पेशेवर बल है जो उग्रवाद से भी लड़ता है, चाहे वह जम्मू-कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर के राज्य हों। हम जानते हैं कि कैसे उचित और एहतियाती कदम उठाने हैं और उठाए जाते हैं।

## अनंतनाग में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच शुरू मुठभेड़ शुरू हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने अनंतनाग के अहलान गगरमांडू इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान छेड़ा। इसी दौरान वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि इलाके में कड़ी घेराबंदी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

## किरतपुर-मनाली फोरलेन पर दरकी पहाड़ी, पेट्रोल पंप क्षतिग्रस्त

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के उपमंडल सुंदरनगर के चमुखा स्थित किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पेट्रोल पंप के साथ मौजूद पहाड़ दरकने का मामला सामने आया है। इस कारण पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण पेट्रोल पंप को नुकसान पहुंचा है। अभी इस भूस्खलन में किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। वहीं इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि अगर समय रहते पेट्रोल पंप के कर्मचारी बाहर नहीं निकलते तो बड़ा हादसा सामने आ सकता था। मामले पर फोन के माध्यम से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर भेज हालातों का जायजा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है।

## भेड़िए के लगातार हमलों से आक्रोशित भीड़ ने किया हाईवे जाम

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़िए के लगातार हमलों से आक्रोशित भीड़ ने आज हाइवे जाम कर दिया। शनिवार को सैकड़ों लोगों की भीड़ ने बहराइच सीतापुर हाइवे मार्ग जाम कर दिया, लोग क्षेत्र में लगातार हो रहे भेड़िए के हमले से जा रही मासूम बच्चों की जान व लोगों की हमलों से घायल होने की घटनाओं से आक्रोशित हैं। आवागमन बाधित होने की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व वन विभाग के सक्षम अधिकारियों के काफी मान मनौव्वल व आदमखोर भेड़ियों को जल्द ही पकड़ लेने के आश्वासन के बाद जाम खुल सका। गौरतलब है कि लगातार भेडियों के हमले में अब तक तीन बच्चों की जान चली गयी है और कई बच्चे घायल हो गये है। इसको लेकर ग्रामीणों के बीच दहशत बनी हुई है हालांकि वन विभाग ने दो भेडियों को पकड़ा भी है लेकिन इसके बावजूद हमलों को सिलसिला जारी है ।

## मराठी अभिनेता विजय कदम का निधन

**मुंबई।** दिग्गज मराठी अभिनेता विजय कदम का शनिवार को मुंबई के अंधेरी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। रंगमंच, फिल्म और टेलीविजन में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेता कई वर्षों से कैंसर से जूझ रहे थे। आज उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस लीं। उनका अंतिम संस्कार अंधेरी के ओशिवारा श्मशान घाट पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये।

# मुरादाबाद से हवाई सेवाएं शुरू होने से पीतल उद्योग को पंख लगेंगे :धर्मपाल सिंह

वार्ता ◀ मुरादाबाद
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार को मुरादाबाद से हवाई सेवाएं शुरू होने के मौके पर कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद पीतल उद्योग की सोने जैसी चमक अब सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर भी दिखाई देगी और यहां के पीतल उद्योग को पंख लगेंगे। हिंडन व देहरादून के लिए भी जल्दी हवाई सेवाएं शुरू हो जाएंगी। प्रदेश सरकार मे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह व राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने पहली उड़ान सेवा का शुभारंभ करते हुए यात्रियों को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया तथा सभी को 'शुभ यात्रा' हो कह बधाई और शुभकामनाएं दीं। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मुरादाबाद से लखनऊ के लिए हवाई सेवाएं शुरू होने से 10 अगस्त का दिन पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए काफी महत्वपूर्ण है। देश के प्रधानमंत्री का सपना है कि हवाई जहाज की यात्रा हवाई चप्पल पहनने वाला एक सामान्य व्यक्ति भी कर सके, इसके मुरादाबाद से लखनऊ के लिए हवाई उड़ान योजना की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का उत्तर प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों को हवाई सेवा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उद्योगों की स्थापना और संचालन के लिए सेफ्टी, कनेक्टिविटी और इलेक्ट्रिसिटी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिकता के साथ प्रदान की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार मे उद्योगों की स्थापना सुरक्षित माहौल में ही संभव है,इसे मद्देनजर रखते हुए सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था सर्वोपरि है। उत्तर प्रदेश की बेहतरीन कानून व्यवस्था का केवल देश में ही बखान नहीं किया जाता है।

## किरतपुर-मनाली फोरलेन पर दरकी पहाड़ी, पेट्रोल पंप क्षतिग्रस्त

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के उपमंडल सुंदरनगर के चमुखा स्थित किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पेट्रोल पंप के साथ मौजूद पहाड़ दरकने का मामला सामने आया है। इस कारण पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण पेट्रोल पंप को नुकसान पहुंचा है। अभी इस भूस्खलन में किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। वहीं इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि अगर समय रहते पेट्रोल पंप के कर्मचारी बाहर नहीं निकलते तो बड़ा हादसा सामने आ सकता था। मामले पर फोन के माध्यम से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर भेज हालातों का जायजा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है।

## बरसात में मकान का छज्जा गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुनारान टोला में बरसात के दौरान मकान का छज्जा गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। इटावा के पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मकान गिरने की घटना शुक्रवार रात को घटी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत करनपुरा वार्ड नंबर 14 सुनारान टोला में 72 साल की बिट्टी नाम की एक बुजुर्ग महिला अकेले घर पर रहती थी।


# ड्रोन दीदी वंदना केवट कर रहीं प्रधानमंत्री के सपनों को साकार

एजेंसी ◀ रायसेन
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के रायसेन जिले की सिलवानी जनपद के ग्राम भानपुर निवासी वंदना केवट स्वसहायता समूह तथा नमो ड्रोन योजना की मदद से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार कर रहीं हैं। 'ड्रोन दीदी' के नाम से मशहूर वंदना केवट को नई दिल्ली में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिससे वह और उनका परिवार बेहद खुश है। इस संबंध में वंदना केवट ने कहा कि स्वसहायता समूह तथा नमो ड्रोन योजना की मदद से उनके जीवन में बदलाव आया है। वह आर्थिक रूप से सक्षम हुई हैं तथा समाज में भी मान-सम्मान बढ़ा है। स्वसहायता समूह से जुड़ने से पहले उनका परिवार आर्थिक तंगी में जीवनयापन कर रहा था। वंदना केवट से ड्रोन वाली दीदी बनने तक के सफ्र के बारे में उन्होंने बताया कि नमो ड्रोन योजना में चयनित होने के बाद उन्हें ग्वालियर में ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उन्हें इसी वर्ष मार्च महीने में योजना के तहत निःशुल्क ड्रोन दिया गया। कंपनी से आए इंजीनियर ने उन्हें ड्रोन चलाने का पूरा प्रशिक्षण दिया, जिसके बाद वह खेतों में ड्रोन से कीटनाशकों का छिड़काव करने लगी। वंदना ने मार्च से अभी तक 35 से ज्यादा किसानों के खेत में ड्रोन द्वारा कीटनाशक का छिड़काव किया है, जिससे उन्हें 30 हजार रुपए से ज्यादा की आय हो चुकी है। सरकार की स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने की योजना के तहत ड्रोन स्प्रे उपलब्ध कराया गया है।

# संशोधन से सुनिश्चित होगी निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया : सुक्खू

एजेंसी ◀ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) प्रणाली में संशोधन की घोषणा की है। इन सुधारों का उद्देश्य अधिकारियों के मूल्यांकन को सीधे उनके कार्य परिणामों से जोड़कर जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सचिवों और जिलों में तैनात उपायुक्तों सहित सभी अधिकारियों का मूल्यांकन केवल उनके एपीएआर के आधार पर किया जाएगा। नई प्रणाली के तहत प्रदर्शन मूल्यांकन सीधे सभी अधिकारियों के कार्य परिणामों से जुड़ा होगा। उत्कृष्ट, बहुत अच्छा, अच्छा और औसत जैसी पारंपरिक वर्णनात्मक श्रेणियों को एक संख्यात्मक ग्रेडिंग स्केल से बदल दिया जाएगा। उनकी वार्षिक कार्य योजना की उपलब्धियां, अन्य कार्य-संबंधी विशेषताएं और व्यक्तिगत व कार्यात्मक विशेषताएं सुधारों में नकारात्मक अंकन भी शामिल है। अधिकारियों का मूल्यांकन तीन प्रमुख संकेतकों के आधार पर किया जाएगा, जिसके तहत सरकारी आदेशों या परामर्श का पालन न करने पर अधिकारियों के 1-10 के मापदण्ड पर अपने समग्र ग्रेड से दो अंक कम होने की भी संभावना हो सकती है। सुक्खू ने पारदर्शिता को एक प्रमुख मापदंड के रूप में रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को उनका मूल्यांकन प्राप्त होगा, जो कार्य को बढ़ावा देगा और उनके कार्य प्रदर्शन में सुधार को प्रोत्साहित करेगा। एपीएआर प्रक्रिया अब पूरी तरह से ऑनलाइन होगी, जिससे संचालन सुव्यवस्थित होगा और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 31 दिसंबर की समय सीमा लागू होगी। उन्होंने कहा कि यह संशोधन निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए गए हैं, विशेष रूप से क्षेत्र-स्तर के अधिकारियों के लिए, जिनका प्रदर्शन मात्रात्मक लक्ष्यों को पूरा करने से जुड़ा होगा। उन्होंने कहा कि उच्च प्रबंधन अधिकारियों का गुणात्मक पहलुओं और व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर मूल्यांकन जारी रहेगा।

## पंजाबी टीजीटी के 104 पदों का परिणाम घोषित

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि सरकार ने ध्येय सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्तियां करने की प्राथमिकता तय की है और आयोग भी इसका निरंतर पालन कर रहा है। सिंह ने कहा कि 50 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिये आयोग तत्पर है। इसी कड़ी में आयोग ने ग्रुप डी और ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) पंजाबी पदों का परिणाम घोषित किया है। आयोग ने विज्ञापन संख्या 1/2024 के तहत विज्ञापित ग्रुप डी के पदों की शेष 3200 पदों का परिणाम घोषित किया है। इसके अलावा 5/2023 के पंजाबी टीजीटी के 104 पदों का भी परिणाम घोषित किया है।

# शिक्षा संस्थान बंद करना निजी संस्थानों को लाभ पहुंचने का मार्ग : सुखराम

वार्ता ◀ शिमला
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा जनता को दी गई सभी सुविधाएं वापिस लेना का प्रदेशव्यापी अभियान चला रखा है। चौधरी ने कहा कि एचआरटीसी में महिलाओं, पुलिस कर्मियों, स्टूडेंट्स को मिलने वाली सारी सुविधाएं कांग्रेस सरकार वापिस ले रही है। जयराम सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को किराए में पचास फीसदी छूट दी गई थी, सच में जयराम ठाकुर सरकार जनकल्याण के लिए जानी जाती है। पहले ये पच्चीस फीसदी छूट थी, पर भाजपा सरकार ने इसे 50 प्रतिशत किया। इस निर्णय से कांग्रेस सरकार ने महिलाओं पर 130 करोड़ का सालाना बोझ डाल दिया है। एचआरटीसी प्रबंधन के अनुसार सरकारी बसों में हर रोज छह लाख यात्री सफर करते हैं, इनमें से 1.60 लाख महिलाएं हैं और उन्हें किराए में पचास फीसदी छूट मिलती थी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार हिम केयर योजना में बदलाव करना और हिमाचल प्रदेश की 60 प्रतिशत आबादी को इस जनकल्याणकारी योजना से बाहर करना सरकार के जन विरोधी रवैए को दिखाता है। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों एवं शिक्षा संस्थानों को बंद करना और मर्ज करना जन हित कर निर्णय नहीं है। अगर स्कूलों की कमी होगी तो उससे निजी स्कूलों को लाभ होगा, सवाल यह उठता है की क्या इस सरकारी स्कूलों को बंद करके सरकार निजी संस्थानों को लाभ पहुंचाना चाहती हैं? प्रदेश में लगभग 100 स्कूल बंद किए जा रहे हैं और 460 स्कूलों को विलय किया जा रहा है।

# मुंडा क्षेत्र बुनागांव में पारंपरिक रीति-रिवाज से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






जिला कोंडागांव अंतर्गत मुंडा क्षेत्र बुनागाँव में विश्व आदिवासी दिवस पारंपरिक रीति रिवाज से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।13 ग्राम पंचायत के 37 ग्राम के हजारों सर्व आदिवासी सगाजनों की उपस्थिति में अस्पताल मैंदान से सर्व प्रथम पूरे क्षेत्र में बाईक रैली निकाली गई।क्षेत्र के गांयता, पुजारी, सिरहा गुनिया, जनप्रतिनिधियों और सगाजनो के द्वारा प्रत्येक ग्राम से आये देवी-देवता, पेन पुरखा, आंगा देव, पेन बाबाओं और जिम्मेदारीन याया की सेवा अर्जी कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति में आदिवासीयों का प्रतीक सतरंगी झंडा फहराया गया जिसे सभी सगाजनो के द्वारा खड़े होकर सम्मान दिया गया। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य ऐसे आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करना जो अपनी इच्छा से बाकी समाज से अलग और शुरुआती संपर्क से दूर है उन्हें समाज में जोड़ना था। उदबोधन में तुलसी नेताम ने युवा युवतियों के संवैधानिक अधिकार, सूरज नेताम ने उच्च शिक्षा और स्वरोजगार, देवकुंवर नुरेटी महिला सशक्तिकरण राधे नेताम पशु चिकित्सा, झिटकू मरकाम ग्राम सभा सशक्तिकरण, दिनेश कोर्राम ने आदिवासी रिती रिवाज और संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर समाज में बेहतर कार्य करने वालों में सूरज नेताम शिक्षा, दुर्गेश नेताम, अनिल पोयाम पढ़ाई, जगबती नेताम मितानिन, राधेश्याम नेताम पशु चिकित्सा, रति नेताम ग्राम विकास, बुधरू नेताम तकनीकी कृषि, तुलसी नेताम समाज सेवा, ग्राम पंचायत मालाकोट स्वच्छता, बुनागांव को जल जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए प्रशस्ति पत्र श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी लया लयोर के, साथ ही सभी सगाजनो ने रेला पाटा और बस्तरिया पारंपरिक लोक गीतों पर सामुहिक नृत्य किया। समाज के पदाधिकारियों में अध्यक्ष सैजू नेताम,जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम, सरपंच पंचमी कौशिक, अनिरुद्ध नेताम, मुन्ना नेताम, दया नेताम, जयनाथ नेताम, संतोष नेताम, शंकर नेताम, सुरेश नेताम, दीपक कोर्राम, विरेन्द्र मंडावी, उमेश नेताम, सतपाल नेताम और सभी सगाजनो का विशेष सहयोग रहा।

# कलेक्टर ने विकास नगर स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के तैयारियों का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। आगामी 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की अंतिम तैयारी का जायजा लिया जाएगा। कलेक्टर दुदावत ने स्टेडियम के आस-पास साफ-सफाई और रंग-रोगन अच्छी तरह से करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्र, विद्युत व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, गाड़ी पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों के सम्मान, देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश कुमार डांडे, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम, पुलिस उपाधीक्षक सतीश भार्गव सहित राजस्व, पुलिस, शिक्षा, लोक निर्माण, उद्यानिकी, उद्योग और नगरीय निकाय के अधिकारी उपस्थित रहें।

# विश्व आदिवासी दिवस पर बुमयार हासपेन आसरु मरकाम के नाम पर चौक का हुआ नामकरण

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के बडेराजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मचली उड़ीदगांव में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुमयार हासपेन आसरु (डोरा) मरकाम की स्मृति में चौक का नामकरण किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज की परंपराएं, संस्कृति और भाषा को संरक्षित रखने हेतु जागरूक किया गया। ग्राम के बुजुर्गों ने 5वीं अनुसूची के तहत आदिवासी समाज की परंपराओं और रीति-रिवाजों के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के जीवन मूल्यों, कला, भाषा, उत्सव, परंपराओं, नृत्य और महापुरुषों के योगदान को महत्वपूर्ण धरोहर के रूप में पहचान दी गई। वक्ताओं ने कहा कि, आदिवासी समुदाय केवल एक जातीय समूह नहीं है, बल्कि यह हमारे पूर्वजों की संस्कृति और प्रकृति का प्रतीक है। यह समुदाय जल, जंगल और जमीन की रक्षा करता है, जो विश्व के अनमोल प्राकृतिक संसाधन हैं। आदिवासियों की प्रकृति के प्रति आदिकाल से रही आस्था और उनके संघर्ष व स्वाभिमान के साथ जीने की परंपरा को समझने, सहेजने और संरक्षण देने का आह्वान किया गया। गांव के प्रमुख सियानों ने इस मौके पर जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, संस्कृति और पर्यावरण पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल जामकोटपारा में हुआ तिरंगा रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोटपारा कोंडागांव में शनिवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को तिरंगा वितरित किया गया। बच्चों ने तिरंगा रैली के माध्यम से लोगों में देश भक्ति का भाव जगाने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव का संदेश देने का कार्य बखूबी निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड की धुन पर राष्ट्रगान से हुई, तत्पश्चात् शाला के नव निर्वाचित हेड ब्वाय हिमांश उसेंडी, हेड गर्ल इसिका मजूमदार और स्कूल सेक्रेटरी जीवितेश मेश्राम, एवं प्रतीक्षा प्रधान को शेशे पहनाकर डीईओ आदित्य चांडक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक ने उपस्थित सभी लोगों और बच्चों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और सोश्ल मीडिया एकांउट की डी पी में अपने फोटो के साथ तिरंगे की फोटो लगाने की अपील की। तिरंगा रैली की शुरूआत पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को तिरंगा वितरित कर किया गया। इस अवसर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा कि, राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने और तिरंगे से लोगों को जोड़ने के इस महाअभियान में हर भारतवासी को अपना योगदान देना चाहिए। शाला के प्राचार्य शिवलाल शर्मा ने कहा कि, इस पहल का मकसद हर भारतीय को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करके नागरिकों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। उन्होंने इस अवसर पर स्कूल के हर शिक्षक और बच्चों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और झंडा के साथ सेल्फी क्लिक करके उसे वेबसाइट में अपलोड करने का आग्रह भी किया।

गौरतलब हैं कि, आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए भारत सरकार ने 9 अगस्त से देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाने का ऐलान किया है जो 15 अगस्त तक चलेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही 2022 में शुरू किए गए। इस अभियान में 2022 में कुल 6 करोड़ लोगों ने तिरंगे के साथ अपनी फोटो मंत्रालय से साझा की थी। जबकि 2023 में दस करोड़ लोगों ने अपनी फोटो तिरंगे के साथ भेजी थी। उम्मीद की जा रही है कि इस वर्ष ये संख्या और अधिक बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सूरज यादव, उमेश साहू, सोमेश्वर भारती, रिकेश कुंवर, डीएमसी महेंद्र पांडे, वेणु गोपाल राव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं

# तीन माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु (परिचालन) बीजापुर के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर एवं केरिपु 85वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर पीएलजीए कंपनी नं 02 के प्लाटून नं 0 के सदस्य एवं दक्षिण बस्तर डिवीजन अन्तर्गत सीआरसी प्लाटून नं 01 के सदस्य सहित 03 माओवादियों ने आज दिनांक 09/08/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी वाहिनी सुनील कुमार राही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स, वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर विनित साहू के समक्ष माओवादियो के आदिवासियों के विकास विरोधी, खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। रमेश फरसा पिता सुकलू फरसा उम्र 24 वष्ं जाति मुरिया निवासी हिंगुम पटेलपारा थाना जांगला जिला बीजापुर, पीएलजीए कंपनी नं 02 प्लाटून नं 01 सदस्य, ईनाम-08.00 लाख रुपए, वर्ष 2012 से सक्रिय था। मनकी माड़वी उर्फ सरिता पिता सोमा माड़वी उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी चेरली कोकोड़ीपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, दक्षिण बस्तर डिवीजन अंतर्गत सीआरसी कंपनी के प्लाटून नं 01 में पार्टी सदस्य ईनाम 08.00 लाख रुपए, वर्ष 2015 से सक्रिय। एवं लक्ष्मण पोटाम उर्फ मुरा पिता बुधराम पोटाम उम 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर पुसनार आरपीीस मिलिशिया प्लाटून 'सी' सेक्शन डिप्टी कमाण्डर, वर्ष 2015 से सक्रिय। रमेश फरसा, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण वर्ष 2012 में बाल संघम के पद पर संगठन में भर्ती हुई । वर्ष 2013 में सीएनएम सदस्य के पद पर कार्य किया । 2014 हिंगुम भूमकाल मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य किया । वर्ष 2015-2020 तक मे इदेर आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य के पद पद कार्य किया वर्ष 2021 में कंपनी नं 02 के प्लाटून नं 01 में पीएलजीए सदस्य के पद पर कार्य दिया गया ।

# उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए स्त्रोत व्यक्तियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए स्त्रोत व्यक्तियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कोंडागांव जिले से राहुल कुमार शर्मा, शीतल गौतम स्त्रोत व्यक्ति के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो जिले में कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व में जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव के मार्गदर्शन में साक्षरता के लिए कार्य करेंगे। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वन हेतु दो दिवसीय स्त्रोत व्यक्तियों के प्रशिक्षण में एससीईआरटी व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के डायरेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने कहा कि, वयस्कों को पढ़ाते समय आने वाली चुनौतियों को समझने की आवश्यकता है। शिक्षार्थी अपने रोजमर्रा की चीजों से परेशान रहते हैं तथा स्वयंसेवी भी बेरोजगारी जैसी बातों से परेशान होते हैं अतः दोनों को प्रोत्साहन की अत्यंत आवश्यकता होती है। कटारा ने कहा कि, अपने आस-पास पड़ोस के असाक्षरों को पढ़ाना चाहिए व हर व्यक्ति को स्वयंसेवी शिक्षक होना भी चाहिए। स्वयं सेवी शिक्षकों को सम्मानित करना चाहिए व उनके अच्छे कार्यों को चिन्हांकन करना चाहिए। स्वयंसेवी शिक्षक अपने घर व परिवार से शुरुआत करें, पहले परिवार फिर मोहल्ला और गांव इन छोटी इकाइयों से सफलता आना शुरू होता है।

# प्राथमिक शाला बैलाडीला के छात्रों को प्रदान किया गया शैक्षणिक सामग्री




पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

सदगुरुदेव सतपालजी महाराज के प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति किरंदुल द्वारा माता अमृता के पावन जन्म दिवस पर मिशन एजुकेशन के तहत प्राथमिकत शाला बैलाडीला के 25 बच्चों को संस्था के महात्मा इंदिरा बाई तथा विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता पार्षद अमृतटंडन बैलाडिला व्यापारी कल्याण संघ अध्यक्ष मनोज छालीवाल योगाचार्य छबील साहू नरोत्तम ध्रुव प्रकाश चंद जैन राजेश सिन्हा दिनेश साहू एवं सत्संग प्रेमियों के सहयोग से संस्था द्वारा शैक्षणिक सामग्री कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर वितरण किया गया।

# विधायक विक्रम मंडावी ने भैरमगढ़ और नेलसनार हॉस्पिटलों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेलसनार का निरीक्षण किया और हॉस्पिटलों का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटलों में इलाज करवा रहे मरीज़ों से मिलकर उनका हाल जाना और मरीज़ों से पूरी तरह स्वस्थ्य ठीक होने तक हॉस्पिटल में भर्ती होकर इलाज करवाने और स्वस्थ्य होने के बाद डॉक्टर की सलाह लेकर ही अपने घर जाने की समझाइस हॉस्पिटल में भर्ती मरीज़ों को दिया है। वहीं हॉस्पिटल में भर्ती मरीज़ों के द्वारा हॉस्पिटलों में पर्याप्त बिस्तर उपलब्ध करवाने की मांग पर विधायक विक्रम मंडावी इस समस्या को जल्द ठीक करवाने की बात मरीज़ों से की है। विधायक विक्रम मंडावी ने हॉस्पिटलों में उपलब्ध डॉक्टर, नर्स और दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी भी लिया है साथ सर्पदंत की दवा विशेष रूप से हॉस्पिटलों में रखने की बात विधायक ने डॉक्टरों से कही है। हॉस्पिटलों के निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष दशरत कुंजाम, सुखदेव नाग, मोहित चौहान आदि साथ थे।

# अंतरराज्यीय शराब तस्करी के विरुद्ध पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के आदेशानुसार केशकाल पुलिस के द्वारा अवैध गांजा, शराब तस्करी एवं अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु क्षेत्र में लगातार कार्यवाही की जा रही है। 10 अगस्त की सुबह तकरीबन 8 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर क्रमांक सीजी 7 एएच 0786 में कुछ युवकों के द्वारा अवैध शराब खपाने की नीयत से रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर केशकाल घाटी में एमसीपी लगाया गया। इस दौरान घाट के मोड़ क्रमांक 10 में घेराबंदी कर उक्त सफेद रंग की फार्च्यूनर कार को रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन आरोपी पुलिस को देखते ही कार मोड़कर वापस कांकेर की ओर भागने लगे। जिसे देखते ही पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध कार का पीछा करते हुए मोड क्रमांक 1 के समीप उन्हें पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के पश्चात फार्च्यूनर कार की तलाशी लेने पर उसकी डिक्की में रखा हुआ 28 पेटी (1400 नग) गोवा शराब कीमती 1,89,000 रुपए एवं फार्च्यूनर कार कीमती लगभग 20 लाख रुपए, कुल जुमला 21,89,000 रुपए जप्त किया गया। उक्त शराब की पेटियों में मध्यप्रदेश में शराब का निर्माण होना चिन्हित नजर आया। ततपश्चात पुलिस टीम ने मौके पर ही अवैध शराब एवं कार को जप्त कर आरोपियों को केशकाल थाना लाया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम माइकल उर्फ आनंद केरकेट्टा पिता क्रांसिंग केरकेट्टा उम्र 32 वर्ष जाती उरांव निवासी वार्ड क्रमांक 60 काटुलबोर्ड दुर्ग, थाना मोहननगर दुर्ग एवं डाकेश्वर सिंह वर्मा, पिता भागवतप्रसाद वर्मा उम्र 28 वर्ष जाती लोधी, निवासी वार्ड क्रमांक 44 सड़क न. 7 कोहका भिलाई, थाना वैशाली नगर का होना बताया। जो कि, बैतूल (मध्यप्रदेश) से शराब खरीद कर जगदलपुर की ओर खपाने जा रहे थे।

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हुआ विधिक साक्षरता शिविर

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोडागांव के मार्गदर्शन एव निदेर्शानुसार एवं गायत्री साय व्यवहार न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोंडागांव के द्वारा चौपाटी मैदान कोंडागांव पर विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासीय के प्रति उनके के लिए बने कानून एवं उनके अधिकारों को पहुंचाने हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बताया गया कि, आदिवासियों के विधिक अधिकारों की रक्षा करने व न्याय तक उनकी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य में नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 को लागू की गई है इस योजना का लक्ष्य भारत में जनजातियों तक न्याय की पहुंच को सुनिश्चित करना है। आदिवासी दिवस का उद्देश्य आदिवासी नागरिकों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करना है। अनुसूचित जनजाति पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए एससी, एसटी एक्ट बनाया गया हैं एवं शिघ्र न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष कोर्ट स्थापित किये गये है। साथ ही आदिवासी दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि, विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के अधिकारों, उनकी संस्कृति, उनकी विविधता का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है इसकी जानकारी दी गई।

# ग्राम मरदा में हुए गौवंश की हत्या की उच्च स्तरीय जांच कराने विहिप ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से मात्र 25 कि मी की दूरी पर ग्राम मरदा तहसील लवन में हुए चौदह गौवंश की निर्मम हत्या के आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के लिए विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्यकारिणी ने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक से भेंटकर ज्ञापन सौंपा और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग रखी। इस पूरी घटना को जघन्य हत्या ठहराते हुए विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी मिकी ने कहा की दो अगस्त शुक्रवार प्रातः ग्राम मरदा तहसील लवन से गौवंश की हत्या की खबर सामने आई जिसमे मिली जानकारी के अनुसार निर्दोष मासूम गौवंश को आठ से दस दिन पूर्व गांव के ही अंदर घनी आबादी वाले मोहल्ले के एक बाड़े में अंधकारमय छोटे से कक्ष में बड़ी निर्दयता पूर्वक भूखे प्यासे बन्द करके रख दिया गया जिससे तड़प तड़प कर उन गौवंश की मृत्यु हो गई गांव में तड़के बदबू फैलने पर लोगों ने प्रशासन को सूचना दी इस घनघोर अमानवीय घटना ने जिले के साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़वासियों को शर्मिंदा होने पर मजबूर कर दिया। हालांकि खबर लगते ही प्रशासन ने पूरी मुश्तैदी दिखाते हुए उक्त घटना के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए पूछताछ के आधार पर गांव के ही चार लोगों की गिरफ्तारी की जो की सराहनीय कार्य है। लेकिन गांव में घटित घटना में सरपंच सचिव एवं पंचों समेत किसान समिति के बाकी सदस्यों और गांव के किसानों की भूमिका भी संदेह प्रकट करती है सिर्फ नयी बनी किसान समिति के कुछ सदस्यों को पकड़कर प्रशासन मामले को समाप्त करने का प्रयास ना करते हुए इस घटना में मृत गौवंश को न्याय दिलाने के लिए इस कुकृत्य में सम्मिलित प्रत्येक अपराधी को सख्त कदम उठाते हुए कठोर कार्यवाही करे किसी निर्दोष को सजा ना हो लेकिन एक भी दोषी बचना नही चाहिए गांव में घटित ऐसी घटनाओं के लिए सरपंच पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई जबकि जिस बाड़े में यह घटना हुई ग्रामीणों के अनुसार सरपंच का घर वहीं स्थित है आगे विहिप जिला अध्यक्ष ने कहा की वर्तमान सरकार को पूर्व की सरकार के गौठान योजना को बंद ना करके उसमें हो रही गड़बड़ियों एवं खामियों को दूर कर उसे जारी रखना चाहिए था या बारिश एवं फसल के पूर्व ही सम्पूर्ण प्रदेश में मवेशियों के लिए कोई व्यवस्था करनी चाहिए थी अभी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गौ अभ्यारण्य बनाने की बात कही है इस पर तत्काल प्रभाव से पूरे लगन से गौवंश और ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे कि सड़कों पर या गांवों में गौवंश के साथ हो रहा दुर्व्यवहार एवं दुर्घटनाओं में कमी आये। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख हेमन्त वर्मा जिला मंत्री राजेश केशरवानी नगर अध्यक्ष महेश ठाकुर उपस्थित रहे।

# तिल्दा-नेवरा में बनेगा 7 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम

## मॉडल बनेगा बलौदाबाजार का आईटीआई : टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



क्रीडा में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों के लिए शासन ने एक पहल किया है, जिसके तहत करोड़ों की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया है। रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा नगर में सात करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है । खेलो इंडिया के तहत बद्रीनारायण स्कूल के समीप इंडोर स्टेडियम का निर्माण होगा। इस स्टेडियम में सभी प्रकार के खेल की सुविधा उपलब्ध होगी । इसको लेकर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा को तिल्दा-नेवरा वासियों एवं खिलाड़ियों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। वहीं 20 करोड़ की लागत से सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल बनाया जाएगा। जहां औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानआईटीआई में छात्राओं को अब उद्योगों की मांग के मुताबिक आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा। क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से प्रदेश में आईटीआई को हाईटेक बनाने की योजना के तहत औद्योगिक नगरी बलौदाबाजार के सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल आईटीआई बनाने के लिए नवीनीकरण का काम शुरू होगा। पहले चरण में कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्क मेंटनेंस, इलेक्ट्रिशियन, फिल्टर, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, नया बिल्डिग कंट्रक्शन, गार्ड रूम कंट्रक्शन, मोटर कार पार्किंग आदि बनेगा।

# पत्रकार भवन की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन गंभीर

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार जगत में मायूसी देखी जा रही है। एक तरफ प्रदेश में भू-माफियाओं का बोल बाला है वहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार जगत के द्वारा विधि वत पत्रकार भवन हेतु भूमि मांग किए जाने पर भी भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इससे पत्रकार जगत में नाराजगी व्याप्त है। जिसका असर प्रदेश में परिलक्षित हो रही है। बीते दिन सरायपाली के छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन जिलाध्यक्ष छाया कांत भट्ट ने महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सहित केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा को एक पत्र प्रेषित करते हुए कहा है कि सरायपाली जिला में पूर्ववती भूपेश सरकार के द्वारा पत्रकार भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपए अनुदान की घोषणा किया गया था यही नहीं संबंधित विभाग को जमीन मुहैया भी करानी थी ,उसके बावजूद संबंधित विभाग इस मामले पर अब तक गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। इससे नाराज पत्रकारों ने संबंधित विभाग के तहसीलदार, पटवारी पर कार्यवाही की मांग करते हुए महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री को एक पत्र प्रेषित किया है। गौरतलब है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार जगत जिसे शासन व समाज के बीच का शेतु माना जाता है। उसे ही समाज व शासन के गतिविधियों को अपनी लेखनी के माध्यम से संपन्न करने हेतु एक सुनिश्चित स्थल की आवश्यकता महसूस हो रही है। जिसकी मांग शासन से विधिवत किये जाने के बावजूद गंभीरता नहीं बरती जा रही है। वहीं भू-माफियाओं दबंगता पूर्वक शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण कर मालामाल हो रहे हैं । इससे पत्रकार जगत आहत हुए हैं। कहा जावे तो एक तरह से पत्रकार जगत के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यह मामला महज़ सरायपाली का नहीं अपितु अन्य क्षेत्र का भी है। गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों से पत्रकारों के द्वारा शासन से विधिवत पत्रकार भवन हेतु भूमि मांग किया गया है, जो अभी तक लटका हुआ है। जिसमें रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा शहर भी समाहित है। इससे पत्रकार जगत मे शासन प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है जिसके चलते विरोधी स्वर मुखर हो रहे हैं।

# कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला सतत रूप से है जारी



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारी के लिए तनाव प्रबंधन कार्यक्रम एवं काउंसलिंग प्रदान की जा रही है। उक्त कार्यक्रम 20 जून 2024 से संचालित है जिसमें अब तक 31 बैच बनाकर 465 अधिकारी-कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन एवं काउंसलिंग का लाभ प्रदान किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में तनाव को कम कर उनकी क्षमता में वृध्दि करते हुए मानसिक स्थिरता प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार कार्यक्रम में तनाव प्रबंधन एवं काउंसलिंग जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार मनोरोग विभाग से मनोचिकित्सक की देख रेख में साइकाइट्रिक सोशल वर्कर रोशन लाल के द्वारा कराया जा रहा है। इसमें तनाव से संबंधित प्रारंभिक स्व मूल्यांकन प्रपत्र के माध्यम से सभी लोगों के तनाव की गंभीरता को समझा जाता है फिर उसके आधार पर काउंसलिंग एवं तनाव प्रबंधन गतिविधि तैयार की जाती है। मनोचिकित्सक डॉ मधुमिता बैनर्जी ने बताया कि इस कार्यक्रम में तनाव का प्रबंध करने के लिए छोटी-छोटी एक्टिविटी के माध्यम से तनाव को समझना, महसूस करना,तनाव का हमारे शरीर और मन में होने वाले प्रभाव उनके कारण और उनके बचाव के बारे में बताया जाता है, साथ ही कार्यक्षेत्र में कार्य की अधिकता या विषम परिस्थितियों पर उत्पन्न होने वाले तनाव का प्रबंध करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को तैयार किया जाता है, जिससे कि वह तनाव का प्रबंधन कर सके और आने वाले तनावपूर्ण चुनौतियों का सकारात्मक और ऊर्जावान तरीके से सामना कर सकें.साथ ही मोटिवेशनल जानकारी प्रदान की जाती है। जिला प्रशासन से अब तक पुलिस विभाग, सांख्यिकी विभाग, राजस्व विभाग, कोषालय, स्वास्थ्य, जिला पंचायत, आबकारी विभाग, आदिवासी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जनसंपर्क विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आयुर्वेद विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना, मुख्यमंत्री सड़क योजना, पशु चिकित्सा विभाग, वन एवं उद्यानिकी विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं जिला रोजगार कार्यालय एवं अन्य विभाग से अधिकारी/कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन के माध्यम लाभ प्रदान किया गया है।

# बाढ़ में फंसे लोगों के बचाव की तैयारी परखने बालसमुंद तालाब में किया गया मॉक ड्रिल



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पलारी स्थित बालसमुंद तालाब पर आज बाढ़ से बचाव के लिए रूटीन मॉक ड्रिल किया गया। रूटीन मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ और होम गार्ड्स(नगर सैनिक)की प्रशिक्षित दलों ने हिस्सा लिया। वे प्रशिक्षण में मिले सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक हालात में बाढ़ में फंसे व्यक्ति की जान कैसे बचाई जाए, इसका बालसमुंद तालाब पर मंचन और प्रदर्शन किया। इस ड्रिल से वे टीम अपनी तैयारी व बचाव में काम आने वाले उपकरणों की हालात भी जानी। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने मॉक ड्रिल का अवलोकन किया। राष्ट्रीय आपदा नियंत्रण प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में यह रूटीन मॉक ड्रिल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। संयुक्त कलेक्टर और नोडल अधिकारी मिथलेश डोण्डे ने बताया कि आपदा हमें बताकर नहीं आती। कभी भी यह आ सकती है। ऐसी हालात से निपटने के लिए हमें हमेशा तैयार रहने चाहिए। इसी तैयारी को परखने के लिए हमें समय समय पर मॉक ड्रिल करते हैं। ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। उक्त मॉक ड्रिल में 15- 15 बच्चे एनएसएस एवं एनसीसी के भी शामिल रहे।

# परसुली मे संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक हुई

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



छग शासन के निर्देशनुसार संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक शासकीय बुढादेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली में आयोजित किया गया। जिसमे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच मोतीन आनंद चक्रधारी, ग्राम पंचायत परसुली, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुकेशचंद्र टांडिल्य प्रभारी शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली ने की वहीं, विशेष अतिथि के रूप में लता कुम्हार, सरपंच ग्राम पंचायत पंडरीपानी, भोज राम चक्रधारी उप सरपंच परसुली उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती की छाया चित्र के समक्ष धूप दीप जलाकर कर पूजन अर्चन की गई इसके पश्चात अतिथि व पालक गणो का स्वागत रोली चंदन से टीका लगाकर किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे हैं प्रभारी प्राचार्य मुकेश चंद्र टांडिल्य के द्वारा शासन द्वारा निर्धारित चर्चा के लिए 12 बिंदुओं को क्रमवार पालकों व बुद्धिजीवियों के मध्य विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उन्होंने 12 बिंदुओं पर चर्चा की जिस पर पालको ने पारी पारी अपने सुझाव रखा। साथ ही जादुई पिटारा मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी दी गई। और एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला परिसर मे पालको एवं शिक्षकों के द्वारा छायादार पौधा रोपण कर इसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। मेगा बैठक मे संकुल केन्द्र अनर्गत आने वाले पंद्रह स्कूल के व पालक नीलसिंह ठाकुर, नेमीचंद साहू, साजन तांडी, टेकराम ठाकुर, अमरसिंह पटेल, सीताराम सिन्हा, डीगम्बर मांझी, परमेश्वर पटेल, मेंघराज पांडे, सभापति पटेल, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन की घोषणा करते हुए परसुली संकुल समन्वयक भरत सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

# व्यापारी के घर प्रवेश कर की मारपीट

## आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर व्यापारी पहुंचे थाना, थाना प्रभारी ने कार्यवाही का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर के अग्रवाल टेक्सटाइल के घर मे रात्रि 9 बजे बलात प्रवेश कर घर के सभी सदस्यों के साथ मारपीट, गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दिए जाने की घटना के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नही करने व गिरफ्तार नही किये जाने से जनाक्रोश भड़क गया। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी गण व नगरवासी थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुवे गिरफ्तारी की मांग करने लगे। टीआई प्रवीण चौहान स्वयं आक्रोशित लोगों से चर्चा करने थाना से बाहर आकर बात सुनी व चर्चा कर त्वरित व नियमानुसार कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। आक्रोशित लोगों ने टीआई को बताया कि नगर में अवैध रूप से नशीली दवाइयों, गांजा, इंजेक्शन, जुआ, शराब आदि की सप्लाई बेतहाशा हो रही है। पुलिस प्रशासन को भी इसकी जानकारी है खासकर जो थाने में पहले से पदस्थ हैं उन पुलिस कर्मियों को पूरी जानकारी है व उनके ही सरंक्षण में अवैध कार्य किया जा रहा है। ऐसे पुलिस कर्मियों की शिकायत मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व पुलिस प्रमुख से की जाकर इन्हें थाना से हटाए जाने की मांग की जायेगी। नगर में ऐसे अवैध कार्यो में लिप्त लोगो पर पुलिस द्वारा अपेक्षित व समुचित कार्यवाही के अभाव में ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हैं जिनके परिणाम स्वरूप ऐसे लोग अब घर मे घुसकर इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे है।

नगरवासियों व व्यापारियों के आक्रोश को देखते हुवे टीआई प्रवीण चौहान ने आश्वस्त करते हुवे कहा कि आप सभी के साथ व सहयोग से इस घटना पर व अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर तत्काल व प्रभावकारी कार्यवाही की जायेगी।

# नाग पंचमी पर विधायक संदीप साहू ने सिरपुर में स्थित गंधेश्वर शिव मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



नागपंचमी के शुभ अवसर कसडोल विधायक संदीप साहू ने सिरपुर में स्थित 2 हज़ार वर्ष पुराने एतिहासिक गंधेश्वर शिव मन्दिर पहुँचकर भगवान भोलेनाथ जी के दर्शन व पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की विदित हो कि सावन माह में सभी शिव मंदिरों भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने प्रतिदिन शिव भक्तों का तांता लगा रहता है वही बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान शिव के बहुत सारे मंदिर ऐसे भी हैं जिनकी खोज पुरातत्व विभाग के लोगों ने की है जिसमे से एक छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के सिरपुर में भी एक शिव मंदिर है जिसे गंधेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है इतिहास के जानकारों की मानें तो गंधेश्वर शिव मंदिर में मौजूद शिविलंग लगभग 2 हजार साल पुराना है और इसकी सबसे खास बात ये है कि शिवलिंग से तुलसी के पत्तों सी खुशबू आती है वहीं एक तथ्य ये भी है कि गंधेश्वर शिवलिंग द्वादश ज्योतिर्लिंगों वाले पत्थर से बना हुआ है प्रतिवर्ष सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने यहां पहुंचते हैं।

# नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में हुआ पौधा रोपण



**भंवरपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमा पटेल सरपंच एवं लक्ष्मी पटेल जनपद सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय परिसर में अनेक फलदार, छायादार जामुन, नीम, आम एवं जाम का पौधा, रोपित किया गया। इस अवसर पर वाई.कर , गुलाब किशोर स्वर्णकार, भगवान प्रसाद सेठ, श्रवण कुमार पटेल, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसके. पटेल, सहायक प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने जिले के नव नियुक्त कलेक्टर से किया भेंट

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया के नेतृत्व में सरायपाली विधानसभा के भाजपा पदाधिकारियों ने महासमुंद जिला के नव नियुक्त कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्या और मांगों के साथ अन्य विषय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर महासमुंद ने सभी विषयों को गंभीरता लेते हुए त्वरित निराकरण हेतु अपने संज्ञान में लिया है और उन्होंने आस्वस्त किया है कि एक दूसरे की सहयोग से क्षेत्र में अच्छा काम करेंगे लेकिन किसी भी जनता को किसी भी काम के लिए परेशान होना पड़ा तो तुरंत संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही की जाएगी, किसी भी प्रकार का कोई कोताही नही बरती जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि चुकी सरायपाली में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रहा हूँ इसलिए मुझे सरायपाली क्षेत्र से लगाव है और मेरे संज्ञान में बहुत सारे विषय भी है उस पर तुरंत काम करने की योजना बनाई जा रही है और अतिशीघ्र काम भी की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिपीन उबोवेजा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू,मंडल उपाध्यक्ष नेपाल बीसी,युवराज दुबे आदि कार्यकर्ताओं ने भेंट की।

# देश के नवनिर्माण में आदिवासियों का अहम योगदानः चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद और बसना के पूर्व विधायक राजा देवेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में ग्राम भंवरपुर में धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी समाज के ईष्ट देव बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आदिवासी समाज बेहद ही सरल सहज स्वभाव के होते है। आजादी की लड़ाई से लेकर देश के नव निर्माण में भी आदिवासी समाज का अहम योगदान है। आदिवासी समाज देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद राष्ट्रपति के पद पर विराजमान है। उन्होंने आदिवासियों को प्रकृति पूजक बताते हुए प्रकृति का असली संरक्षक कहा। विधायक नंद ने आदिवासी समाज की मांग पर समाज के भवन का अहाता एवं किचन शेड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की राशि देने की बड़ी घोषणा की। साथ ही आदिवासी समाज के कांग्रेस कार्यकर्ता घसिया सिदार को विधायक प्रतिनिधि बनाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को पूर्व विधायक एवं फुलझर स्टेट के राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने आदिवासी समाज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए समाज के योगदान को बताया। कार्यक्रम में अतिथियों ने समाज के मेघावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। साथ ही समाज के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नोविना जगत, समाज सेविका अनिता चौधरी, अभा गोंड समाज 18 फुलझार राज के अध्यक्ष बरत राम नागेश, कौशल सिदार, फगूलाल बरीहा, जनपद सदस्य रिंकू सिदार अमृत लाल जगत, टिकेश्वर पटेल, शंकर सिदार, नरेश पोर्ते, जयदेव भोई, इतवारी उरांव, बिरसिंग, बिहारी, विष्णु मांझी, उत्तम जमीदार, कलप राम मुंडा, कांतो खरिया, जितेंद्र बुडेक, मेघनाथ जगत, भगत बरीहा, कुंजल सिदार, उत्तम चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, उदल सिदार कृष्णा चौहान, रमोला ठाकुर, सुरेश भोई, महेंद्र विक्की वैष्णव, श्रवण पटेल, समेत आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# छात्रो को स्पोर्ट्स ड्रेस व आईडी कार्ड का किया वितरण



**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी में प्रधान पाठक ओम प्रकाश साव, शिक्षक डोलामणी चौहान, कमल नारायण भोई एवं सभी विद्यार्थियों के सहयोग से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उत्तर कुमार बरिहा और उपाध्यक्ष राधाकान्त प्रधान हाथों (बेगलेस डे) के लिए सभी छात्रों को लाल, पीला और हरा रंग में स्पोर्ट्स ड्रेस एवं सभी बच्चों को आईडी कार्ड वितरण किया गया।

# स्वतंत्रता सप्ताह, हर घर तिरंगा अभियान, जोश और जज्बे के साथ प्रचार प्रसार में जुटी नगर निगम

## हर घर तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुए आयुक्त : तिरंगा शपथ दिलाई





पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता सप्ताह 09 अगस्त से 15 अगस्त तक "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" के सफल कियान्वयन के लिए राज्य शासन के आदेश एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर नगर पालिक निगम में हर घर तिरंगा मोटर साइकिल रैली का शुभारंभ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव "हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन 09 अगस्त से 15 अगस्त तक शहर, प्रदेश एवं देशभर में होना है। इस अभियान का उद्देश्य व्यक्तियों को प्रेरित करना है कि वे अपने आवासों पर गर्व से राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित करें। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, शौएब अहमद, सूरज सारथी सहित निगम अमला व कर्मशाला टीम द्वारा मोटर साइकिल रैली निगम कार्यालय से पटेल चौक होते हुए स्टेशन रोड सहित अन्य जगहों तक वापस रैली निगम कार्यालय पहुँची। इस अवसर पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर तिरंगा शपथ दिलाई। मैं शपथ लेता हूं कि मैं तिरंगा फहराऊंगा, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करूंगा और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करूंगा। भारत माता की जय।उन्होंने इस राष्ट्रव्यापी अभियान में शहर के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे 9 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों, कार्यालयों आदि पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर घर तिरंगा अभियान के जश्न में शामिल हों।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अमले के साथ हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली मोटरसाइकिल निकाली गई जिसमें जोर शोर से भारत मां के नारे लगाए गए। यह अभियान नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम भी करेगा। हर भारतवासी को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने यह भी कहा कि 9 से 14 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा जरूर फहराएं इस अवसर पर तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा अभियान का एक मुख्य भाग है। युवा और वृद्ध पुरुष और महिलाएं सभी तिरंगा यात्राओं में शामिल हो सकते है और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान कर सकते है जिससे राष्ट्रीयता पर गर्व और एकता का अनुभव हो। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 9 से 15 अगस्त, तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग से प्राप्त निर्देश तथा जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन पर भिलाई-चरौदा निगम द्वारा "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" का किया गया शुभारंभ। उल्लेखनीय है कि शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार 09 अगस्त 2024 से लेकर 15 अगस्त 2024 को स्वत्रंता सप्ताह के रूप में मनाया जाना है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है जिससे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो एवं आम जनों में देश भक्ति की भावना विकसित हो। स्वतंत्रता सप्ताह के तहत निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सम्मिलत रूप से तिरंगा रैली निकाली गयी। जिसमें हर घर तिरंगा का संदेश दिया गया। निगम कार्यालय से प्रारंभ कर बाजार चौक भिलाई-3 फिर मुख्य सडक से होते हुए पुलिस थाने के सामने से निगम कार्यालय तक पहुंचकर रैली का समापन किया गया। रैली की अगुवाई निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत द्वारा की गयी। इस दौरान मौजूद सभी कर्मचारियों द्वारा देश भक्ति की भावना से भरे हुए नारे लगाये गये। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा और स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के साथ हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा का उदघोष करते हुए रैली का नगर भ्रमण कार्यक्रम पूरा हुआ। इसके पश्चात निगम के सभी कर्मचारियों द्वारा कार्यलय के प्रवेश द्वार पर एकत्र होकर तिरंगा प्रतिज्ञा ली गई जिसमें स्वतत्रंता सेनानीयों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भारत राष्ट की प्रगति व उन्नती के ले लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प उपस्थित जनो द्वारा लिया गया। कार्यक्रम में निगम के अधिकारी सहायक अभियंता डी.के.पांडेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता किसलय साहू, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता वैभव त्यागी, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, मिशन मैनेजर आदित्य भटनागर, सुरेश नासरे, राजू वर्मा, तोरण चन्द्राकर, टिकेन्द्र शर्मा, श्यामता साहू, यशवंत ठाकुर, चेतन देवांगन, अविनाश चन्द्राकर, मुकेश यादव, हरीश यादव, श्याम सुन्दर सिंह, चुम्मन साहू, टिकेन्द्र गोस्वामी, गौरव वर्मा,पवन सोनी, विक्रम यादव, डिकेश वर्मा, मनोज मैथिल, पुरानिक साहू, भीषम वर्मा, दीपक चन्द्राकर, भूपेन्द्र कुमार,लाल राम साहू, पुरबल, बलराम चेलक, मो. यासीन, कुंती वर्मा, ममता बंछोर, कविता यादव, प्रमिला देशमुख ये सभी अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के तहत तिरंगा रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान में वृद्धि हेतु स्वतंत्रता सप्ताह 9 से 15 अगस्त के दौरान "हर घर तिंरगा कार्यक्रम" के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन उत्साह के साथ सक्रियता से विभिन्न स्तरों पर आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड में इस अभियान को सफल बनाने बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीशस्वरुप पटेल द्वारा प्राचार्यो एवं समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों (सीएसी) की संयुक्त बैठक लेकर शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों से वाकिफ कराते हुए स्वतन्त्रता सप्ताह के तहत गतिविधियों के सुचारू, नियमित, सफल आयोजन हेतु प्रेरित किया गया है। इसी तारतम्य में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय द्वारा वृहद रूप से तिरंगा रैली का आयोजन सामुदायिक भागीदारी के साथ किया गया तिरंगा रैली को बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल, सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल द्वारा तिरंगा लहराकर खुशी- खुशी तिरंगा रैली को रवाना किया गया जिसमें शिक्षकों के साथ स्कूली विद्यार्थियों ने अपने रंगीन हाऊस ड्रेस में तिरंगा संबंधी बैनर, पोस्टर, पेंटिंग, स्लोगन/नारे की तख्तियां एवं सम्मान के साथ राष्ट्र ध्वज तिरंगा अपने हाथों में लेकर ओजस्वी देशभक्ति नारों,हर घर तिंरगा की बुलंद आवाज़ के साथ "तिरंगा रैली" में भाग लिया। यह रैली सेजेस से जय स्तम्भ चौक तक निकाली गई और भारत माता की जय की नारे के साथ जन- जन में देशभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव प्रबलता हेतु जनजागरूकता अभियान के लिए तिरंगा रैली का आयोजन शानदार ढंग से किया गया जिसमें सभी शिक्षक, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स भी शामिल रहे।

# इंटरसेप्टर वाहन से तेज रफ्तार वाहन, ब्लेक फिल्म, शराब के नशे में वाहन चलाने वाले पर की जा रही है कार्यवाही

## विगत 20 दिनो में 215 वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही

- वाहन चालको पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर लायसेंस सस्पेड हेतु परिवहन को भेजा जा रहा है

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश पर एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय से प्राप्त इंटरसेप्टर वाहन द्वारा ओवर स्पीड, शराब का पीकर वाहन चालन करने, ब्लेक फिल्म, नो पार्किग में खडे वाहन चलाको के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है जिसमें नेशनल हाईवे में 16 भारी एवं कार चालक द्वारा ओवर स्पीड से वाहन चलाते स्पीड राडार मशीन मे पाया गया जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा तेज रफ्तार के तहत कार्यवाही की गई एवं 01 ब्लेक फिल्म वाहन पर भी कार्यवाही कर ब्लेक फिल्म निकाला गया साथ ही संबंधित वाहन चालको के लायसेंस 3 माह सस्पेड करने हेतु परिवहन विभाग को भेजा गया। आगामी दिनो में यातायात पुलिस द्वारा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सेक्टर एरिया के मुख्य मार्गो पर भी कार्यवाही की जावेगी जो निरंतर जारी रहेगा।

# योगासन भारत की नेशनल जज बनी नीलम गुप्ता



पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

खेलो इंडिया योगासन वूमेन लीग 2024 के लिए, एमसीबी जिले की नीलम गुप्ता को ईस्ट जोन वेस्ट जोन नॉर्थ जोन और साउथ जोन के लिए जज नियुक्त किया है। नीलम गुप्ता 24 और 25 अगस्त को जोधपुर राजस्थान में होने वाली वेस्ट जोन खेलो इंडिया योगासन वूमेन लीग का भी प्रतिनिधित्व करेंगी। नीलम गुप्ता की नियुक्ति योगासन भारत के नेशनल कंपटीशन डायरेक्टर ने किया है। यह प्रथम अवसर है कि जब एमसीबी जिले से छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन से जुड़ी नीलम नेशनल जज के रूप में खेलो इंडिया योगासन कंपटीशन में प्रतिनिधित्व करेंगी। छत्तीसगढ़ योगासन भारत संगठन के जिला अध्यक्ष रामचरण केसरवानी एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय ने इसे राष्ट्रीय उपलब्धि निरुपित किया है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा रैली निकाली गई



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक स्कूलों में स्वतंत्रता सप्ताह 09 से 15 अगस्त के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भाटापारा के छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा रैली निकाली गई जिससे लोगों में देशभक्ति एवं तिरंगे झंडे के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो तिरंगा हमारी शान है भारत की पहचान है तिरंगा झंडा राष्ट्र का प्रतीक एवं गौरव है लोगों को तिरंगे झंडे का सम्मान करते हुए घर-घर में लहराने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे निबंध रंगोली एवं चित्रकला का आयोजन भी किया गया। अगस्त माह के द्वितीय शनिवार बैगलेस डे में विश्व संस्कृत दिवस भी मनाया गया जिसमें हमारे विद्यालय के छात्राओं द्वारा संस्कृत में आपसी संवाद श्लोक का वाचन एवं कहानी इत्यादि करवाया गया। उक्त कार्यक्रम में अधीक्षिका स्वाति शर्मा शिक्षिकाएं गायत्री वर्मा सरस्वती मारकंडे सविता शर्मा सुप्रिया शिवहरे प्रिया राठी जय शर्मा भानमती साहू श्रेया शर्मा आदि कार्यक्रम में शामिल रहे।

# हाथी प्रभावित पीड़ित मृतक परिवार से मिलने पहुंची विधायक रायमुनि भगत, गले लगाकर संवेदना व्यक्त की

- कहा, सरकार हमेशा आपके साथ है चिंता करने की जरुरत नहीं

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक रायमुनि भगत ने बगीचा के गम्हरिया पंहुचकर हाथी के हमले से मृतक परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया। विधायक ने शोकाकुल परिवार को गले लगाया। अपनत्व का बोध पाकर रोते बिलखते परिजन शांत हुए। एक ही गांव में चार अर्थियों के साथ पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। विधायक भगत ने पीड़ित परिजनों को तत्काल राहत राशि देते हुए संवेदना प्रकट किया है। ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि पिछले कुछ दिनों से लाईट की समस्या है। अंधेरे के कारण ही यह घटना हुई है जिसपर विधायक रायमुनि भगत ने तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय क्षेत्र के खंभों में स्ट्रीट लाईट लगाने के निर्देश सीएमओ को दिए गए हैं। घटना के तत्काल बाद ग्रामीणों के बीच पंहुचकर विधायक ने सभी ग्रामीणों को समझाईश देते हुए सतर्क रहने का निवेदन किया।घरों से महुआ कटहल को दूर रखने की बात उन्होंने कही। जिसके सुगंध से हाथी घरों को निशाना बनाता है। विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर झगरपुर पंहुची जहां उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश दी। फिलहाल हाथी झगरपुर जंगल में है। प्रशासनिक अमले के साथ विधायक रायमुनि भगत स्वयं ग्रामीणों को हाथी से दूर रहने की सलाह दे रही हैं।

## ग्राम तरेंगा मे अवैध रुप से गांजा बेचे जाने कि शिकायत

**भाटापारा।** ग्राम तरेंगा मे अवैध रूप से गांजा विक्रय किये जाने की जानकारी ईश्वरी देवांगन द्वारा दिया गया है उनको द्वारा बताया गया कि बेचने पर मना किये जाने पर सम्बन्धित गाँजा विक्रेता द्वारा धमकी दिया जाता है, हमारे गांव वार्ड 3, 4 -05 में . गांजा का विक्रय किया जा रहा है उक्त विषय पर सम्बंधित थाने को भी सूचित किया गया है व अपील करत हुये कहा कि दानवीर दाऊ कल्याणसिंग के ग्राम मे इस तरह से नशे से जुडे कार्य पर अतिशीघ्र रोक लगाये जाये।

# साईकल रैली निकालकर हर घर तिरंगा झण्डा लगाने के लिए प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



भिलाई नगर निगम क्षेत्र में हर घर तिरंगा झण्डा लगाने की जागरूकता हेतु साईकल रैली निकाली गई। जन जागरूकता रैली जोन क्रमांक 01, 02 में निकाली गई, जिसमें सैंकड़ो लोग शामिल हुए। रैली की शुरूवात नेहरू नगर जोन कार्यालय से भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद महेश वर्मा, जोन आयुक्त येशा लहरे, सुशील चौधरी, भारत विकास परिषद के अनिल कुमार डागा, जितेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। पुरे उत्साह एवं जोश-खरोस के साथ हाथों में तिरंगा झण्डा लिये छात्र-छात्राएँ, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी कर्मचारी बड़े ही स्वाभीमान के साथ चले जा रहे थे। भारत माता की जय, बन्दे मातरम की जय, कौन हमारी सबकी माता, भारत माता भारत माता, हर-हर गंगा, घर-घर तिरंगा का जयघोध करते हुए चले रहे थे। रास्ते में आने-जाने वालो से बहुत समर्थन मिल रहा था। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से गुलाब देशमुख, श्रीधर अग्रवाल एवं सदस्यगण गाड़ी से उतर कर झण्डा लेकर खुद को रैली में शामिल होने से नहीं रोक पाये। रैली वहां से निकलकर केपीएस चौंक, नेहरू नगर में भ्रमण करते हुए नेहरू नगर चौंक पर स्थित शहीद पार्क में समापन किया गया। वहां पर एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा रैली में शामिल हुए सभी सदस्यो को तिरंगा शपथ दिलाया। मैं शपथ लेता हूँ कि मैं तिरंगा फहराउगां अपने स्वतंत्रता सेनानीयों और वीर सपूतो की भावना का सम्मान करूगां और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करूगां। रैली में शामिल हुए सभी छात्र-छात्राओ को कॉपी, पेन एवं रबर पेसिंल निरंकारी द्वारा वितरण किया गया। रैली का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। रैली में प्रमुख रूप से शामिल हुए जोन के राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, अनिल मेश्राम, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, राजेश पालवे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रदीप भुवाल, स्पोर्टस शिक्षक विजय, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परगनिया, हेमंत मांझी, भूतपूर्व कर्मचारी निर्मल शर्मा, प्रेमलाल साहू, शहरी अजीविका मिशन से मिशन मैनेजर अमन पटले एवं अन्य राष्ट्र भक्त सहभागी रहे।

## संत ज्ञानेश्वर स्कूल में छात्र परिषद के गठन के साथ शपथ ग्रहण भी

# लक्ष्य निर्धारित कर उसमें डूब जाए, सफलता जरूर मिलेगी : खंडेलवाल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



जीवन में अगर सफल होना है, तो पहले अपने लिए लक्ष्य का निर्धारण करें। फिर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उसमें पूरी तरह से डूब जाए, तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। उक्ताशय के विचार जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रायपुर विजय खंडेलवाल ने संत ज्ञानेश्वर स्कूल के छात्र परिषद गठन पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्त किया। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में छात्र परिषद गठन के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर डीईओ विजय खंडेलवाल ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण बेहद आवश्यक है। आपको अपने आप पर गर्व करना चाहिए कि आप संत ज्ञानेश्वर स्कूल में पढ़ रहे हो। मैंने इस स्कूल को बनते हुए देखा है। शिक्षा के स्तर और अनुशासन को देखा है। मैंने इस स्कूल को बढ़ते हुए देखा है। यहां से हर वर्ष कोई न कोई बच्चा बड़ी उपलब्धि हासिल कर रहा है। आप सभी भी अपनी क्षमता को पहचानिए और पूरी क्षमता और समर्पण से अपने लक्ष्य की ओर बढ़िए। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षकों से कहा कि वे भी बच्चों को क्लास में पढ़ाने के पहले खुद भी अच्छे से तैयारी करे। समय से पहले क्लास रूम में पहुंचे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महासमुंद डीईओ एमआर सावंत ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षकीय जीवन या तो बहुत अच्छा होगा या बहुत खराब। आपका बच्चों के लिए अच्छा होना आपके समर्पण पर निर्भर करता है। पूरी ईमानदारी और लगन के साथ अपना शिक्षकीय कार्य करें। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की बात कहते हुए कहा कि आज आप सभी की उम्र 16-17 साल की है। ऐसे में आज आपको अपने माता-पिता के संघर्ष का पता नहीं चलता है। बाद में जब आप बड़े होंगे तो आपको यह एहसास होगा कि आपको पढ़ाने के लिए आपके अभिभावकों ने कितना संघर्ष किया है। इसलिए उनके संघर्षों के पहचानो और सफलता के लिए जुट जाओ। आप सभी को रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहना चाहिए। इससे पहले मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले अध्यक्षीय संबोधन में महाराष्ट्र मंडल के 89 साल के इतिहास की जानकारी देते हुए बच्चों को बेहतर परिणाम देने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने स्वागत भाषण दिया। हाउस कोआर्डिनेटर शिखा सूद और मेघा जैन ने सदनों की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। अतिथियों का परिचय शिक्षिका तृप्ति अग्निहोत्री ने दिया। इसके उपरांत अतिथियों ने छात्रों को शपथ दिलाई और बैच पहनाया। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य राहुल वोडितेलवार ने किया। इस अवसर पर बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, शाला प्रभारी पारितोष डोनगांवकर, सह प्रभारी नवीन देशमुख, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी, रेणुका पुराणिक, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, नमिता शेष, आस्था काले, सुकृत गनौदवाले सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।



महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में छात्र परिषद गठन और शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित मंडल के कार्यकारिणी सदस्य व छात्र- छात्राएं।

# महिलाओं ने सावन झूले का लिया आंनद

## अघरिया महिला मंच ने मनाया सावन महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अघरिया महिला मंच के द्वारा फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ सावन महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत इष्ट देव श्री कृष्ण की पूजन अर्चन से प्रारंभ किया गया तत्पश्चात समस्त महिलाओं के द्वारा सावन झूले का आनंद लिया, इसके पश्चात महिलाओं के लिए कई विविध प्रतियोगिताएं तथा गेम कभी आयोजन किया गया, जिसमें, एकल नृत्य में मनीषा चौधरी, प्रथम तथा, जया पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त की, समूह नृत्य में राधा पटेल, दमयंती नायक, प्रथम तथा मंजू चौधरी प्रेमलता पटेल और लक्ष्मी नायक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, बुके में प्रेमलता पटेल ने प्रथम स्थान और चंदा चौधरी ने द्वितूय स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार कप गेम में खिलकुमारी पटेल और सुनिता प्रशांत पटेल ने प्रथम स्थान मीनू पटेल और ममता पटेल ने द्वितीय स्थान, लक्ष्मी चौधरी और लक्ष्मी नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बिस्किट गेम में कमला पटेल और अनुपमा पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया में तथा लक्ष्मी चौधरी तथा ममता पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गीत में सुशीला चौधरी सिंघनपुर प्रथम रही।

## संपादकीय

# मोहम्मद युनूस व्यापक चुनौती

**नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस** ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल ली है। उनके सामने देश में कानून-व्यवस्था ठीक कर शांति बहाली की व्यापक चुनौती है। तुलनात्मक रूप से युवा राष्ट्र बांग्लादेश एक बार फिर अस्थिरता का सामना कर रहा है। अशांति के नए अध्याय की शुरुआत शेख हसीना का तख्तापलट और बाद में नोबेल पुरस्कार विजेता के सत्ता संभालने से हुई है। मोहम्मद यूनुस के सत्ता संभालने के समय देश भय और अनिश्चितता का शिकार है जिसके चलते सैकड़ों नागरिक भारत में शरण चाहते हैं। हालिया महीनों में राजनीतिक हिंसा, विरोध प्रदर्शनों और विरोधियों पर लगाम लगाने के कारण बांग्लादेश में एक अस्थिर परिवेश पैदा हुआ जिससे शेख हसीना का तख्तापलट हुआ तथा ढाका की सड़कों पर अस्थिरता व्याप्त है। 'माइक्रोफाइनेंस' पर अपने काम तथा 'ग्रामीण बैंक' के संस्थापक के रूप में विश्व स्तर पर सम्मानित मोहम्मद यूनुस द्वारा सत्ता पर कब्जे की घोषणा एक नाटकीय परिवर्तन के रूप में सामने आई है। मोहम्मद यूनुस लंबे समय से हसीना सरकार की नीतियों के आलोचक रहे हैं और हालिया वर्षों में उनको अनेक राजनीतिक और विधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

देश में राजनीतिक उथलपुथल से जनता व खासकर अल्पसंख्यकों में भय का वातावरण पैदा हो गया है। खबरों से संकेत मिलता है कि अपनी सुरक्षा के लिए चिन्तित सैकड़ों बांग्लादेशी सीमा पर कर भारत आने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य अनिश्चितता से भरा है। मोहम्मद यूनुस राजनीतिक सुधार व पारदर्शिता के पैरोकार रहे हैं। उनका नेतृत्व भ्रष्टाचार-विरोधी उपायों तथा लोकतांत्रिक व्यवहारों पर ध्यान दे कर सुशासन का नया युग ला सकता है। लेकिन इन परिवर्तनों को अत्यधिक विभाजित राजनीतिक व्यवस्था में लागू करना बहुत बड़ी चुनौती होगा। इसके साथ ही बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था कुप्रबंधन व भ्रष्टाचार के कारण बहुत दबाव में है। आर्थिक विकास और माइक्रोफाइनेंस में



मोहम्मद यूनुस की विशेषज्ञता अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने, उद्यमिता को प्रोत्साहन देने तथा रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जहां कुछ लोग उनको 'उद्धारक' के रूप में देख सकते हैं, वहीं दूसरे उनको बिना राजनीतिक अनुभव वाला 'बाहरी' समझ सकते हैं। ऐसे में विश्वास तथा व्यापक समर्थन प्राप्त करना उनके प्रशासन की सफलता के लिए जरूरी होगा। लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती शांति तथा कानून-व्यवस्था की बहाली होगा। परिवर्तन के इस समय में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना सबसे ज्यादा जरूरी है। मोहम्मद यूनुस को सेना तथा कानून लागू करने वाली एजेंसियों की सहायता लेनी होगी ताकि स्थायित्व ला कर हिंसा पर लगाम लगाई जाए। मोहम्मद यूनुस के शिखर पर पहुंचने के साथ बांग्लादेश एक नए राजनीतिक युग में प्रवेश कर रहा है, लेकिन उसका भावी रास्ता अनिश्चित है। उनकी तत्कालीन प्राथमिकता जनता का भय दूर करना तथा खासकर अल्पसंख्यकों में सुरक्षा की भावना बहाल करना होगा। लेकिन इन सारी चीजों के साथ चुनावों की घोषणा तक सेना का वर्चस्व बना रहेगा और अंतरिम सरकार के भविष्य के बारे में भी कुछ नहीं कहा जा सकता है। आने वाले दिन यह निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे कि क्या मोहम्मद यूनुस का नेतृत्व देश को स्थिरता और समृद्धि की ओर ले जा सकता है अथवा क्या बांग्लादेश और अधिक अराजकता व अस्थिरता का शिकार बन जाएगा।

# बांग्लादेश में राजनीतिक उथलपुथल

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के समक्ष कानून-व्यवस्था बहाल करने, स्वतंत्र एवं स्वच्छ चुनाव कराने, भ्रष्टाचार से संघर्ष करने तथा जनता का विश्वास प्राप्त करने की चुनौती है।



**के. एस. तोमर**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)

ब्रिटिश मनोविज्ञानी सियेला एलिजाबेथ ग्रीन के अनुसार, 'तानाशाही में एक व्यक्ति का आदेश लागू होता है, विशिष्ट तंत्र में कुछ लोगों के आदेश लागू होते हैं, जबकि लोकतंत्र में किसी के आदेश नहीं लागू होते हैं।' यह बात बांग्लादेश की सत्ताच्युत प्रधानमंत्री शेख हसीना के मामले में पूरी तरह लागू होती है जिन्होंने अपने पतन के स्पष्ट संकेत पहचानने से इनकार कर दिया था। षडयंत्र की बात की जा रही है जिससे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी।

इस षडयंत्र में अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए, पाकिस्तानी आईएसआई तथा चीन शामिल थे जो पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व में सरकार बनाना चाहते थे क्योंकि इससे उनको भविष्य में सत्ता तक पहुंचने का अवसर मिलता। एक और दृष्टिकोण के अनुसार चीन और पाकिस्तान ढाका में भारत-विरोधी सरकार बनाना चाहते थे ताकि दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय संतुलन बदला जा सके। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के प्रयासों के बारे में अनेक अनुमान और आरोप लगाए जा रहे हैं। कुछ लोगों का तर्क है कि अमेरिका मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक व्यवहारों तथा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थितियों के प्रति चिन्ता के कारण ढाका में ज्यादा समर्थक सरकार चाहता था। आलोचकों का कहना है कि दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए 'अमेरिकन हित' ऐसे षडयंत्र में शामिल हो सकते हैं।

लेकिन शेख हसीना के खिलाफ षडयंत्र में अमेरिकन संलिप्तता के कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं। आधिकारिक रूप से अमेरिका सरकार ने बांग्लादेश में लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहन देते हुए स्वतंत्र चुनावों की बात कही है। सार्वजनिक रूप से अमेरिकन अधिकारियों ने हसीना सरकार के नेतृत्व में राजनीतिक दमन तथा चुनाव प्रक्रियाओं की स्वच्छता की बात कही है, पर उन्होंने किसी सरकार परिवर्तन का कभी समर्थन नहीं किया है। शेख हसीना के प्रशासन ने इन आरोपों का लाभ राष्ट्रवादी भावनायें उभारने तथा अपनी सत्ता मजबूत करने के लिए उठाया और स्वयं को विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ मजबूत शक्ति के रूप में प्रदर्शित किया। इस विमर्श को अनेक बांग्लादेशियों ने स्वीकार कर राष्ट्रीय संप्रभुता के खिलाफ बाहरी खतरों की भावना को बढ़ावा दिया। जहां शेख हसीना की सरकार गिराने के षडयंत्रों में अमेरिका की प्रत्यक्ष सहभागिता के दावे अनुमानों पर आधारित रहे और इनकी कोई पुष्टि नहीं हुई। लेकिन घरेलू नीतियों तथा बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय संबंधों से एक जटिल स्थिति जरूर पैदा हुई।



AFP

हसीना के नाटकीय पतन ने शायद उनको छोड़ कर बहुत से लोगों को आश्चर्यचकित नहीं किया। उन्होंने जनता में बढ़ती निराशा तथा निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा किए जा रहे षडयंत्रों को अनदेखा किया जो दक्षिण एशिया में अपना प्रभुत्व जमाने तथा भारत को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे थे। जनवरी, 2024 के चुनाव में 300 में से 288 सीटों पर विजय, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियों तथा विरोध के दमन से हसीना की विश्वसनीयता को भारी धक्का पहुंचा था। इसका परिणाम व्यापक विद्रोह तथा अंततः उनके खिलाफ तख्तापलट के रूप में सामने आया। शेख हसीना लोकतंत्र-समर्थक नेता थीं जिन्होंने अपने स्वर्गीय पिता शेख मुजीबुर रहमान और उनके परिवार का बांग्लादेश में बलिदान देखा।

लेकिन अब सत्ता गंवाने के बाद उन्होंने देश को कट्टरपंथियों, भारत-विरोधी तथा चीन-समर्थक तत्वों के प्रभुत्व वाली संभावित सरकार के लिए छोड़ दिया है। इस प्रकार संभवतः अब बांग्लादेश भविष्य में दो शक्तियों के बीच परेशानियों से घिरा देश बन जाएगा। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अनेक चुनौतियों का सामना करना होगा। अंतरिम सरकार को राजनीतिक स्थायित्व बहाल करने के लिए तटस्थ आधार तैयार कर सभी राजनीतिक समूहों से संवाद कर शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक हस्तांतरण सुनिश्चित करना होगा। आगामी चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास बहाल करना होगा।

अंतरिम सरकार को न्यायोचित ढंग से भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान चला कर हाईप्रोफाइल राजनेताओं और बिजनेसमैनों पर निशाना लगाना होगा। उसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विरोध प्रदर्शनों और नागरिकों में अशांति से सावधानी से निपटना होगा। इसके साथ ही उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सुरक्षा बल संयम से काम करें तथा मानवाधिकार उल्लंघनों से बचें। उसे व्यवस्था और मानवाधिकारों के सम्मान के बीच संतुलन बनाए रखते हुए तानाशाही से बचना होगा। जनता का विश्वास प्राप्त करने के लिए पारदर्शिता, प्रभावी संवाद तथा समावेशी नीतियां जरूरी होंगी। अंतरराष्ट्रीय संगठनों, दानदाता देशों तथा क्षेत्रीय शक्तियों से लगातार समर्थन तथा निवेश प्राप्त करना भी सरकार के लिए जरूरी होगा। पिछले 13 महीनों से बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथलपुथल के कारण नागरिक बहुत परेशान हैं और वे भावनात्मक रूप से उत्तेजित हैं। विशेषज्ञ हिंसक भावनाओं के उभार को राष्ट्र की 'पहचान' पर पैदा टकराव का परिणाम मानते हैं। देश के बचे रहने के लिए इस टकराव का सफल प्रबंधन व इसे संबोधित करना जरूरी है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शेख हसीना बांग्लादेश में एक सेक्युलर व सुधारवादी शक्ति थीं।

उनकी सरकार ने सुरक्षा के साथ आर्थिक प्रगति सुनिश्चित कर बांग्लादेश को एक सबसे तेज प्रगति करने वाले विकासशील देश में बदल दिया था। इसके बावजूद उनके नेतृत्व पर चुनाव में धोखाधड़ी, विपक्ष के दमन तथा मानवाधिकार उल्लंघनों का आरोप था जिसके कारण जनता में निराशा थी। अभूतपूर्व हिंसा तथा सड़कों पर प्रदर्शनों के कारण संकट अपने शिखर पर पहुंचा। आरोप है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई, जमाते इस्लामी बांग्लादेश की छात्र शाखा तथा खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएपी व चीनी खुफिया नेटवर्कों की संक्रिय सहभागिता इस संकट को बढ़ाने में शामिल थी।

इस उथलपुथल के बीच नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को सैनिक नेताओं तथा अन्य पक्षों ने परस्पर विचार-विमर्श के बाद अंतरिम सरकार का प्रमुख चुना है। विशेषज्ञों तथा प्रमुख पूर्व राजनयिकों का मानना है कि वर्तमान उथलपुथल हसीना के खिलाफ जनता के गुस्से का उत्पाद थी जो भारत की सहायता से देश छोड़ कर भाग गईं। अब वे यूरोप में राजनीतिक शरण चाहती हैं और ब्रिटेन उनका संभावित ठिकाना है, लेकिन इस बारे में कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। बांग्लादेश में 2024 में शेख हसीना के पतन तथा 2022 में श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के खिलाफ तख्तापलट में अनेक समानतायें हैं। दोनों घटनाओं में राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक आयाम शामिल हैं। शेख हसीना की आलोचना विरोध को कुचलने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए हुई। इसी प्रकार गोटाबाया राजपक्षे के प्रशासन पर भी तानाशाही और भाई-भतीजावाद के आरोप लगे थे। दोनों देश आर्थिक संकट, भयानक महंगाई और बेरोजगारी का सामना कर रहे थे जिससे जनता में व्यापक निराशा थी और वह सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही थी। बांग्लादेश पर कर्ज बढ़ रहा था और वह विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन में कठिनाई का अनुभव कर रहा था, इसी प्रकार श्रीलंका को विदेशी मुद्रा की कमी तथा भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा था जिससे जनता में भारी गुस्सा पैदा हो गया था।

शेख हसीना सरकार का तख्तापलट होने से भारत को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे एक खाली स्थान पैदा हो गया है जिसे ऐसे तत्व भर सकते हैं जो भारत के लिए कम मैत्रीपूर्ण हों। इससे भारत-विरोधी भावनायें भड़क सकती हैं जिससे द्विपक्षीय संबंध प्रभावित हो सकते हैं। राजनीतिक परिवर्तनों से सहयोग व सीमा प्रबंधन, अवैध आप्रवास में संभावित वृद्धि, मानव व्यापार तथा आतंकवाद में वृद्धि हो सकती है। बांग्लादेश के नए नेतृत्व का चीन की ओर झुकाव हो सकता है जिससे बांग्लादेश में चीन की बढ़ती उपस्थिति चिन्ता का कारण बन सकती है।

भारत को इन चुनौतियों से निपटने के साथ ही फिलहाल देखो और प्रतीक्षा करो की नीति पर चलना होगा। बांग्लादेश को अपने समक्ष आई चुनौतियों का सामना करने के लिए तात्कालिक स्थिरीकरण उपायों तथा दीर्घकालीन लोकतांत्रिक सुशासन के बीच समुचित संतुलन बनाना होगा। अंतरिम सरकार की सफलता इन मुद्दों के समुचित प्रबंधन पर निर्भर करेगी जो बांग्लादेश को स्थायित्व देने के दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

# शेख हसीना के निष्कासन से भारत को झटका

> मौजूदा अंतरिम सरकार के सहयोगी ऐसे हैं जिनमें चरमपंथी तत्व घुसे हुए हैं, जिनके साथ भारत को अतीत में कड़वे अनुभव रहे हैं।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

इस सप्ताह की शुरुआत में प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के साथ ही भारत के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। भारत के पहले से ही संकटग्रस्त पड़ोस में अब तीन देश सशस्त्र बलों की मजबूत पकड़ में हैं। पाकिस्तान, म्यांमार और अब बांग्लादेश, अब सेना द्वारा शासित तिकड़ी हैं, जो चीन के बहुत करीब जाने की फिसलन भरी ढलान पर हैं। इन दोनों में से, बांग्लादेश ही भारत की पड़ोस पहले नीति का मुकुट रत्न रहा है, जहाँ पिछले डेढ़ दशक से स्पष्ट रूप से भारत समर्थक सरकार रही है। पाकिस्तान चीन का छद्म राज्य रहा है जो भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहा है, जबकि म्यांमार भी सेना के शासन के कारण चीन के करीब चला गया है। इस बीच, मालदीव में एक चीन समर्थक (पढ़ें भारत विरोधी) नेता, नेपाल में एक बहुत ज्यादा दिल्ली-अनुकूल शासन, हाल के इतिहास में भारतीय कूटनीति को अपनी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक के रूप में पेश करता है।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपनी तानाशाही शासन शैली के बावजूद भारत में द्विदलीय समर्थन प्राप्त था। उन्होंने नरेंद्र मोदी और भारत में विपक्षी नेताओं के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ बांग्लादेशी धरती पर सक्रिय चरमपंथी ताकतों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए किया।

यह कोई संयोग नहीं है कि पूर्व प्रधानमंत्री हसीना एक साल में तीन बार नई दिल्ली आई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की, जब वह केंद्र में नई सरकार के तहत पहली बार राजकीय यात्रा पर आईं। शेख हसीना के डेढ़ दशक के शासन के दौरान भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत होते गए, जिसमें भारत द्वारा महत्वपूर्ण दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का संचालन किया गया और दोनों पड़ोसियों के बीच नए पारगमन और व्यापार गलियारों में वृद्धि हुई। भारत बांग्लादेश के साथ लगभग 4000 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा साझा करता है, जो इसके पांच राज्यों को पड़ोसी के साथ अद्वितीय निकटता प्रदान करता है। यह भूमि सीमा, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी भूमि सीमा है, जो सौहार्दपूर्ण समय के दौरान माल और लोगों की आवाजाही के लिए एक छिद्रपूर्ण नाली के रूप में कार्य करती है, क्योंकि सरकारें एक-दूसरे के हितों को ध्यान में रखते हुए कड़ी निगरानी रखती हैं। यह शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान स्पष्ट रूप से देखा गया था, जब सीमा पार से तस्करी और आतंकवाद लगभग समाप्त हो गया था। इसने भारतीय राजनयिकों के लिए एक बहुत ही आरामदायक स्थिति बनाई है, क्योंकि उन्होंने भारतीय हितों को ध्यान में रखने के लिए एक मैत्रीपूर्ण शासन पर भरोसा किया है। हालाँकि, शेख हसीना के चले जाने और बांग्लादेश के राजनीतिक क्षेत्र में उनके कभी वापस न आने की संभावना के साथ, चीजें बदलने वाली हैं। भारत ने स्थानीय बांग्लादेशी राजनीति में अपने लिए द्विदलीय समर्थन नहीं बनाया है।



इसने शेख हसीना की सरकार के साथ सहज रहना चुना है और बांग्लादेश में प्रमुख विपक्षी दल के प्रस्तावों को बेपरवाही से निपटाया है। डर यह था कि बांग्लादेश की विपक्षी पार्टी के प्रति किसी भी तरह का लगाव शेख हसीना को पसंद न आए। इसलिए एक सार्वजनिक कूटनीति कथा सामने आई, कि शेख हसीना भारत के साथ 'बहुत करीब' थीं और अपने देश के हितों के खिलाफ काम कर रही थीं। बांग्लादेश में एक पिंजरे में बंद विपक्ष ने चीन और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से बाहरी समर्थन हासिल करने में कामयाबी हासिल की, दोनों की ही इस क्षेत्र के भू-राजनीतिक मामलों में भारत को लगातार तनाव में रखने में बहुत बड़ी दिलचस्पी है। बांग्लादेश में जमीनी हालात फिलहाल भारत के खिलाफ हैं।

मौजूदा अंतरिम सरकार के सहयोगी ऐसे हैं जिनमें चरमपंथी तत्व घुसे हुए हैं, जिनके साथ भारत को अतीत में कड़वे अनुभव रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों की प्रकृति और उसके बाद शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने से यह सुनिश्चित हो गया कि भारत समर्थक होने सहित उनकी कोई भी नीति बांग्लादेशी नागरिकों को पसंद नहीं आएगी।

शेख हसीना विरोधी भावना को आसानी से भारत विरोधी भावना में बदला जा सकता है, जो लंबे समय से चले आ रहे गहरे द्विपक्षीय संबंधों के लिए हानिकारक होगा। बांग्लादेश में नए नेताओं को काम पर लगाना और पूर्वी पड़ोसी के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी बने रहना भारत के लिए एक चुनौती होगी।

## आप की बात

### मोहम्मद यूनुस से उम्मीद

**मोहम्मद यूनुस** ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया का पद संभाल लिया। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद आशा है कि वहां पर शीघ्र ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। मोहम्मद यनुस ने अपने बयान में साफ किया है कि वह भारत से रिश्ते सामान्य बनाए रखने को प्राथमिकता देंगे। उनके इस बयान से दोनों देशों के बीच आशंकाएं खत्म होने की उम्मीद की जा सकती है। मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं की पूरी सुरक्षा के लिए भी शीघ्र कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश की स्थिति सामान्य होते ही चुनाव करवा कर चुनी हुई सरकार के हाथों में सत्ता सौंपी जानी चाहिए। 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस से सबको बहुत उम्मीदें हैं, लेकिन देखना होगा कि वे वास्तव में कितने प्रभावशाली हो पाएंगे। शेख हसीना की मुख्य विरोधी बेगम जिया की पार्टी बीएनपी ने भारत को धमकी दे डाली है कि वह शेख हसीना को संरक्षण न दे। देखना होगा कि अंतरिम सरकार पर सेना, बीएनपी, चीन-समर्थक तत्वों तथा पाकिस्तान-समर्थक तत्वों का कितना प्रभाव रहता है। ऐसे में यह आशंका है कि कहीं मोहम्मद यूनुस केवल मुखौटा तो नहीं हैं और देखना होगा कि राजनीतिक उथलपुथल में यह मुखौटा भी कब तक बना रहता है।

–**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### योगी आदित्यनाथ का आह्वान

**योगी आदित्यनाथ** ने हिन्दुओं से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हो जाए। योगी आदित्यनाथ का यह आह्वान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वे गोरखनाथ मठ के महंत होने के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी हैं। पिछले कुछ समय से भारत के पड़ोसी देशों में भारतीयों विशेषकर हिन्दुओं पर अत्याचार बढ़े हैं। पाकिस्तान में मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हर महीने 20-25 हिंदू लड़कियों का अपहरण कर उनका जबरन धर्म परिवर्तन कराया जाता है। वहां 1947 से अब तक सैकड़ों हिन्दू मंदिर नष्ट किये जा चुके हैं। हिंदुओं के सबसे पवित्र स्थलों में से एक हिंगलाज माता मंदिर भी चरमपंथियों के निशाने पर रहा है। जब 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ था तब वहाँ हिंदुओं की आबादी लगभग 15 प्रतिशत थी जो1998 तक 1.6 प्रतिशत रह गयी। यही हाल अफ़ग़ानिस्तान का भी है। तालिबानी शासन आने के बाद से वहाँ मुश्किल से 1000 हिंदू परिवार ही बचे हैं। बांग्लादेश में शेख़ हसीना के तख्तापलट के बाद हिन्दुओं को चुन-चुन कर मारा जा रहा है और मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। विडंबना है कि बांग्लादेश की हालिया घटनाओं से मोदी को डराने का प्रयास करने वाले विपक्षी हिंदुओं की हत्याओं पर मौन हैं।

– **पुनीत कुमार**, मेरठ

### वक्फ कानून में संशोधन

**सरकार** द्वारा संसद में पेश वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन और विरोध हो रहा है। हालांकि, वक्फ का इतिहास बहुत पुराना है, पर देश की आजादी के बाद से यह कुछ अमीर व भूतपूर्व जमींदार मुसलमानों की जमीन-जायदाद बचाने का माध्यम बन गया है। जहां जमींदारी उन्मूलन कानून से हिंदुओं की जमींदारियां उनके आसामियों या छोटे किसानों में बांट दी गई थीं, वहीं मुस्लिम जमींदारों ने वक्फ का सहारा लेकर अपना वर्चस्व बनाए रखा। कांग्रेस सरकार ने 1995 व 2013 में वक्फ को असीमित अधिकार दे कर कई मामलों में उनको उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से भी बाहर कर दिया। इसके कारण आज अनेक वक्फ संपत्तियों पर भू-माफिया का कब्जा है और उनको गरीब मुसलमानों के कल्याण के बजाय निहित स्वार्थों के चलते परोक्ष रूप से हस्तांतरित किया जा रहा है। अनेक इस्लामी देशों ने भी वक्फ संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण किया है या वक्फ बोर्डों की शक्तियां बहुत सीमित की हैं। लेकिन विडंबना है कि भारत में इसे मुस्लिमों की धार्मिक भावनाओं से जोड़ कर कुछ राजनीतिक दल अपने मुस्लिम वोटबैंक को बचाने का माध्यम बना रहे हैं। इससे देश और मुसलमानों का भला नहीं होगा।

– **महेश नेनावा**, इंदौर

### बांग्लादेश में हिंसा

**हसीना सरकार** के तख्तापलट और बांग्लादेश में भारी हिंसा के बाद भारत की सीमा पर सैकड़ों उत्पीड़ित बांग्लादेशी हिंदू भारत में शरण लेने के लिए एकत्र हो रहे हैं। हालांकि, अंतरिम सरकार के गठन से कुछ उम्मीदें जगी हैं, पर देखना होगा कि इस सरकार की बागडोर कौन संभाल रहा है और उसके पीछे किसका सपोर्ट है। आशंका है कि चीन-पाकिस्तान बांग्लादेश में आई इस आपदा में अपने लिए अवसर खोज रहे हैं। पाकिस्तान और चीन ऐसी मुखौटा सरकार का गठन बांग्लादेश में करना चाहते हैं जो उनके इशारे पर नाचे तथा बांग्लादेश की जनता को भारत के खिलाफ भड़काने का काम करे। ये देश भारत के खिलाफ बांग्लादेश की सत्ता, जनता और जमीन को खड़ा करना चाहते हैं। तख्तापलट के बाद भी वहां अनेक हिंदुओं के साथ ही अवामी लीग नेताओं और सांसदों की हत्या की गई है। हिंदू मंदिरों और हिंदू बस्तियों में जमकर विध्वंस किया जा रहा है। यह एक सोची समझी साजिश है। भारत सरकार को बॉर्डर पर सख्ती और निगरानी बढ़ाने के साथ ही वहां उत्पीड़ित हिंदुओं को राहत दिलाने के प्रयास करने चाहिए।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# लक्ष्य और मुस्कान प्रोग्राम ने दिलाई जिला अस्पताल बेमेतरा को राष्ट्रीय पहचान

## जिला चिकित्सालय बेमेतरा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र, दिल्ली की टीम ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को सराहा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



देश में बच्चों के स्वास्थ्य में दिये जाने वाली सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं को सर्टिफिकेशन करने वाली पहल है मुस्कानद्व। तो वही सुरक्षित प्रसव हेतु प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पर पहल है लक्ष्य। बच्चों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में और प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पहल पर बेमेतरा जिला अस्पताल ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। जिला अस्पताल को द्य लक्ष्य और मुस्कान कार्यक्रम के बेहतर संचालन से राष्ट्रीय पहचान मिली है। नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा इसके लिए की गई पहल मुस्कान,लक्ष्य के अंतर्गत इन्हें क्वालिटी सर्टिफिकेट दिया गया है। इसके लिए जिला अस्पताल बेमेतरा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला अस्पताल के अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु और शिशुरोग विभाग के एचओडी डा. दीपक निराला ने बताया कि मुस्कान में एसएनसीयू, पीडियाट्रिक ओपीडी, एनआरसी आदि देखा जाता है। इस दृष्टि से यह जिला अस्पताल में बेहतरीन सुविधाओं की वजह से और गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सुविधा प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पहल कराने की वजह से लक्ष्य, मुस्कान क्वालिटी सर्टिफिकेट के लिए चुना गया है। सिविल सर्जन डा. संत राम चुरेंद्र ने बताया कि जिला अस्पताल बेमेतरा को इसमें 89 प्रतिशत स्कोर मिला है। उन्होंने बताया कि प्रसव कक्ष में एसएनसीयू में चौबीस घंटे सुविधा दी जाती है और स्त्रीरोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ लगातार प्रसव कक्ष के साथ बच्चों के स्वास्थ्य की मानिटरिंग करते हैं। सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि मुस्कान कार्यक्रम तहत क्वालिटी सर्टिफिकेशन के लिए पेशेंट की संतुष्टि बहुत जरूरी होती है। जिन बच्चों के अभिभावकों से बात की गई, उन्होंने इलाज के बारे में संतुष्टि जाहिर की। यहां डाक्टर्स अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में बताते हैं, जिससे अभिभावकों को संतुष्टि होती है। सिविल सर्जन डा. चुरेंद्र ने बताया कि एक्सरे, सोनोग्राफी, ईसीजी ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब की सभी प्रकार के सेवा जांच निःशुल्क हैं। जिससे बच्चों के इलाज के लिए काफी सुविधा होती है। कुपोषित बच्चों के लिए एनआरसी की सुविधा है। इस प्रकार छोटे बच्चों के लिए शासन ने इस अस्पताल में बड़ी अच्छी सुविधा दी है। उन्होंने बताया कि एनआरसी में आक्यूपेंसी काफी अच्छी रहती है और यहां बच्चों के पोषण का अच्छी तरह से ध्यान रखा जाता है। उल्लेखनीय है कि जिलाअस्पताल को इन उपलब्धियों के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. यशवंत कुमार ध्रुव और जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे एवं जीवनदीप समिति के सदस्यों ने भी इसके लिए सराहा है।

### दिल्ली,हैदराबाद व सीधी के चिकित्सकों का मूल्यांकन

लक्ष्य और मुस्कान पहल के अंतर्गत जांच 24 और 26 जून 2024 को हुई थी। इसमें दिल्ली से डॉ अभिषेक तिवारी और हैदराबाद से डा. लावण्या के पटनम एवं सीधी से डॉ अकीला अंसारी शामिल थे। इन्होंने जांच की और हर बिन्दु में जिला अस्पताल को बहुत बेहतर पाया। जांच के दौरान डीपीएम लता बंजारे, हॉस्पिटल कंसलटेंट डॉ स्वाति यदु,प्रभारी मेट्रन आरती दत्ता अस्पताल स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एसएनसीयू यूनिट की स्थापना से बढी सुविधा

जिला अस्पताल बेमेतरा में एसएनसीयू यूनिट स्थापित किये जाने से नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी सुविधा हो गई है। साथ ही पैथोलॉजी, एक्सरे, सोनोग्राफी, ईसीजी,ब्लड बैंक भी आरंभ होने से कई ताह के जांच निःशुल्क किये जा रहे हैं। इस वजह से बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित किया ही जा रहा है।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा मे हर घर तिरंगा कार्यक्रम किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत घरों मे तिरंगा फहराने के लिए प्रोसाहित किया गया है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का उद्देश लोगो के दिलो मे देशभक्ति की भावना जगाना व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के द्वारा तिरंगा झंडे का पोस्टर बनाया। व बच्चों के द्वारा राखी, थाल सजाओ, केश सज्जा, मेहंदी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रीय एकता के बारे मे बच्चों के साथ चर्चा की गई। साथ ही एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों द्वारा शाला मे वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान शाला के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे, अलका वासनिक, लक्ष्मी पांडे, रेणुका अग्रवाल, सुनीता बंजारे, रोहणी साहू देवकी साहू प्रेमलता मिश्रा, संतोष यादव आदि उपस्थित रहे ।

# बस में सवार होकर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारी पहुचे वनांचल ग्राम हुच्चेटोला

## वनांचल ग्राम हुच्चेटोला के चबूतरा में तिरंगा लगाकर जिले में हर-घर तिरंगा लगाने के अभियान का विधिवत किया आगाज

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com






जिला प्रशासन द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिले के अंतिम छोर पर स्थित डौंडीलोहारा ब्लॉक के सुदूर वनांचल के ग्राम हुच्चेटोला में वन संरक्षण आजीविका उन्मूखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने शुक्रवार की सुबह संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से बस से सफर करते हुए ग्राम हुच्चेटोला पहुँचकर, ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया। ग्राम हुच्चेटोला एवं आसपास के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के मुखिया एवं जिले के आला अधिकारियों को बस से सवार होकर अपने गांव में आने पर ग्रामीण बहुत ही प्रसन्नचित एवं अभिभूत नजर आ रहे थे। ग्रामीणों ने कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के इस संवेदनशील पहल की भूरी-भूरी सराहना की। समारोह में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को आदिवासी पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीणों से बारी-बारी से चर्चा कर उनके व्यवसाय एवं खेती किसानी आदि के कार्यो के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय को दुगुना करने के संबंध में गहन विचार मंथन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे के द्वारा गॉव के चबूतरा में तिरंगा लगाकर जिले में हर-घर तिरंगा लगाने के अभियान का विधिवत आगाज किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### हर संभव मदद का दिया आश्वासन

इस दौरान कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने वनाधिकार पत्रधारी कृषकों एवं ग्रामीणों से बारी-बारी से चर्चा कर, उनके कुल जमीन, व्यवसाय, वार्षिक आय आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा ग्रामीणों से उनके आय में वृद्धि हेतु उनके रूचि के व्यवसाय तथा कार्यों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बारहमासी खेती करने हेतु सिंचाई सुविधा के लिए बोर खनन एवं मोटर पंप के मांग के अलावा, मुर्गीपालन, मछलीपालन तथा अन्य व्यवसाय को प्रारंभ करने हेतु सहयोग करने की मांग की कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीणों के रूचि के अनुरूप उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उनके व्यापार व्यवसाय एवं विभिन्न आजीविका मूलक कार्यों के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### कुपोषण दूर करने हेतु बच्चों को अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी भेजे : कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांगों एवं जरूरतों को समझने के लिए मैं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ बस में सवार होकर आपके गांव में पहुँचा हूँ। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय दुगुना करने का समुचित प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों को भी आगे आना होगा। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कुपोषण दूर करने हेतु बच्चों को अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र भेजने की अपील भी की। इसके अलावा उन्होंने किसानों को अपने आय को दुगुना करने हेतु धान के अलावा दलहन-तिलहन, साग-सब्जी, मक्का आदि फसल लगाने तथा इस कार्य में समूह की महिलाओं को भी सक्रिय भूमिका निभाने कहा। उन्होंने हुच्चेटोला के ग्रामीणों से एक साल के भीतर पूरे ग्रामवासियों के आय को दुगुना करने के इस महति अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने एक-एक करके ग्रामीणों के सभी मांगो को पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

### जिंप सीईओ ने छत्तीसगढ़ी बोली में की ग्रामीणों से चर्चा

जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवलाल ठाकुर सुदुर वनांचल के ग्राम हुच्चेटोला में कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के आगमन की भूरी-भूरी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप पूरे देश के मजदूरों एवं किसानों के आय को दुगुना करने हेतु शासन द्वारा किए जा रहे उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को अंचल एवं स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप आय दुगुना करने के उपायों के संबंध में भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ी बोली में चर्चा कर शासन द्वारा उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी दी। डॉ. कन्नौजे ने ग्रामीणों को अपने आय बढ़ाने के लिए खेती किसानी के अलावा व्यापार, व्यवसाय पर भी ध्यान देने को कहा। इसके अंतर्गत उन्होंने ग्रामीणों को मछलीपालन, मुर्गीपालन, कारपेंटर का कार्य करने तथा महिलाओं को अपने घरेलू कार्य के अलावा सिलाई-बुनाई आदि कार्य करने को कहा।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी गई प्रस्तुति

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुदारी दल्ली को सामूहिक वन संसाधन अधिकार पत्र समूह प्रदान किया गया। इसके अलावा अतिथियों के द्वारा नन्हे मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट पौष्टिक भोजन खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार कराया गया। इस अवसर पर ग्रामीण कलाकारों के द्वारा वन संरक्षण के संबंध में भी लघु नाटीका एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सरपंच झुमुकलाल परसाई, उप सरपंच ललित देशमुख, ग्राम पटेल टेमन लाल देशमुख, गौतम सिन्हा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने बेमेतरा में युवा कार्यकर्ता तुषार साहू को दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बेमेतरा जिले के नयापारा में युवा कार्यकर्ता तुषार साहू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तुषार साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गुलाब की पंखुड़ियां समर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तुषार साहू के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि हम सब दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, गणमान्य नागरिकों और तुषार साहू के करीबी मित्रों ने भी उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान प्रकट किया। सभी ने तुषार साहू के योगदानों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि तुषार साहू के निधन से प्रदेश ने एक होनहार और कर्मठ कार्यकर्ता, समाजसेवी युवा को खो दिया है। उनका समर्पण और सेवा कार्य हमेशा याद किए जाएंगे। 21 वर्षीय तुषार साहू ज़िला युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री थे। जिनकी 4 अगस्त को कवर्धा ज़िले के बोडला स्थित रानीदहरा जलप्रपात में नहाने के दौरान डूबने से मृत्यु हो गयी थी। वे उपमुख्यमंत्री अरुण साव के भांजा थे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओ के संहार और मंदिरों के तोड़े जाने पर निर्वाणी अखाड़ा और संत समाज मे आक्रोश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





धर्मांध बांग्लादेशियों ने वहां शांतिपूर्ण जीवन यापन कर रहे हिन्दू धर्मावलंबियों और सनातनियो पर जो क्रूरतापूर्ण तरीके से जिंदा जलाया जा रहा है,बांग्लादेश के कट्टर मजहबी भीड़ के द्वारा हिन्दू माताओ और युवतियों को बलात्कार कर वीडियो पोस्ट किया जा रहा है, यह मानवता को शर्मशार करने वाला है ऐसा कहना है अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव एवं निर्वाणी अखाड़ा के शिष्य डॉ सौरभ निर्वाणी का, डॉ निर्वाणी के साथ संत समाज के राष्ट्रीय सचिव जमात मंदिर के महंत नरेंद्र दास ने कहा कि राष्ट्रीय संत समाज मे बांग्लादेश में हिन्दुओ और हिन्दू मंदिरों के साथ जो किया जा रहा है वह मजहबी उन्माद का प्रतीक है और सनातनी हिन्दुओ के प्रति उनकी चिरकाल से मन मे बैठे घृणा का प्रगटीकरण है जो फूट कर बाहर आ गया है, पड़ोसी बांग्लादेश की यह घटना शांत हिन्दुओ के मन को उकसाने वाली है, इस देश के मठ मंदिरों में शाश्त्र के साथ शस्त्र की भी शिक्षा दी जाती है यह भूलना नही चाहिए, नागा साधुओं के तेज और बल के इतिहास से सभी परिचित हैं, हिन्दुओ पर अत्याचार करने वालो को यह ख्याल होना चाहिए कि भारत के विभिन्न राज्यों म बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं, और सिर्फ इसलिए कि हिन्दू शांत है, सहनशील है लेकिन अब ऐसे अवैध प्रवासियों को खदेड़ने का वक्त आ गया है, नवागढ़ रामजानकी मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास ने कहा कि तथाकथित सेकुलर नेताओ और बुद्धजीवियों के मुँह से बांग्लादेश में हिन्दू माताओ के अस्मत लूटने वालो के विरोध में बोल नही फुट रहे हैं, हिंदुस्तान में पीढ़ियों से रह रहे मुसलमानों को तो इसकी निंदा करनी चाहिए, इस्कॉन मंदिर सहित सनातन हिन्दुओ के धर्मस्थलों को जलाया और तोड़ा जा रहा है,इसके विरोध में राज्य भर के मठ मंदिर और सनातन मत के साधु सन्यासी रविवार को पाड़ादाह में एकत्रित होकर आगे की योजना पर विचार रखेंगे,थानखम्हारिया जमात मंदिर के महंत बसंत दास, बलभद्री जमात के महंतों और निर्मोहिं अखाड़ा के संतों ने भी आक्रोश व्यक्त किया है।

# डेंगू से बचाव के लिए निगन क्षेत्र में लगातार चलाया जा रहा है फागिंग मशीन



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बारिश के चलते डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इन बीमारियों से निजात दिलाने नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू के निर्देश पर प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर के द्वारा सफाई कर्मियों की टीम बनाकर फॉगिंग का काम 1 अगस्त से शुरू कर दिया गया है। वार्ड क्रमांक 23, 24, 26, 20, 21, 3, 4, 9, 22 एवं 25 के गली मोहल्ले में रोकथाम के लिए फागिंग कार्य किया गया है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने कहा कि सभी वार्डों में फॉगिंग का कार्य चलता रहेगा । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कूलर, पानी की टंकी, खुले में रखे टायरों पर पानी जमा ना होने दे ऐसे स्थान पर डेंगू के लार्वा पनप जाते हैं, इन स्थानों से पानी को तुरंत खाली करें डेंगू का थोड़ा भी शक होने पर तुरंत अस्पताल जाएं । शासन एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करें। नगर पालिका द्वारा वार्डों में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए जन जागरूकता लाने मुनादी कराया जा रहा है कि लोग अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

# जिले के सभी स्कूलों में किया गया पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




राज्य शासन के निर्देशानुसार पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उन्हें विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ-साथ समन्वय स्थापित करते हुए शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने हेतु जिले के सभी 173 संकुलों में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस संकुल स्तरीय मेगा पालक-शिक्षक बैठक में जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पालक, शिक्षक एवं जन प्रतिनिधियों के अलावा शिक्षा जगत से जुड़े लोग शामिल हुए। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने 6 अगस्त को आयोजित संकुल स्तरीय मेगा पालक-शिक्षक बैठक में शामिल होकर बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित कराने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान जिले के सभी संकुलों के मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त किए गए प्रभारी अधिकारियों के द्वारा संबंधित शालाओं की बुनियादी व्यवस्थाओं का आंकलन कर इसका रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के भरदा, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने ग्राम भेड़िया नवागांव, संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर ने जुंगेरा एवं कोहंगाटोला, संयुक्त कलेक्टर दरबारी राम ठाकुर ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम करहीभदर एवं कन्नेवाड़ा, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल ने बालक एवं कन्या शाला बालोद में आयोजित शिक्षक-पालक बैठक में शामिल होकर बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने तथा शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। इसके अलावा जिले के सभी राजस्व अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संकुल स्तरीय शिक्षक-पालक बैठक में शामिल होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने हेतु अपना महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, जन प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकों के द्वारा भी विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था एवं शिक्षा गुणवत्ता के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी संकुलों में आयोजित मेगा शिक्षक-पालक बैठक के सफल आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।

# जनसमस्या निवारण शिविर में पिंटू दुबे ने बताया डोर-टू-डोर कचरा उठाने वालों की समस्या

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए नगर पालिका द्वारा पूर्व के इस प्रकार का कार्य करने वाले रेग पिकर्ष (कचरा बिनने वाले) लोगो को इस योजना में शामिल कर रिक्शे, ई रिक्शा के माध्यम से घर घर जाकर कचरा उठाने का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के लगभग वार्डो की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखे तो कई ऐसे वार्ड है जहां तंग गलियों और सकरे रास्तों के कारण न तो रिक्शा और न ही ई रिक्शा के माध्यम से घर घर जाकर कचरा उठाया जा सकता है और इन परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए इनके द्वारा समयाभाव को देखते हुए भी इनके द्वारा मजबूरी में इन स्थानों को छोड़ना पड़ता है। इस संबंध में भाजपा के नेता मनोज दुबे ( पिंकू दुबे) ने नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत इन्हीं लोगो को जब बच्चो के एडमिशन हेतु गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र, घर में बिजली का मीटर लगाने, राशन कार्ड से नाम कटवाने जुड़वाने या फिर नया राशन कार्ड बनवाने मकान का नाम ट्रांसफर करवाने या फिर अन्य किसी भी वजह जब दल्ली राजहरा की आम जनता को नगर पालिका से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है तो नगर पालिका द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों में से यूजर चार्ज की रसीद घर से कचरा उठाने पर लगने वाले शुल्क की रसीद भी मांगी जाती है। मुख्य नगर पालिका को ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि जब कोई गरीब व्यक्ति अनापत्ति प्रमाण पत्र या फिर बच्चे के एडमिशन के लिए गरीबी रेखा प्रमाण पत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इन प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु बाध्य होता है तो नगर पालिका द्वारा योजना लागू होने के दिनांक से वर्तमान दिनांक तक की लगभग 3 वर्ष की पूरी फीस वसूली जाती है जो की लगभग 1080 रुपए के आस पास होती है इसके उपरांत ही उक्त व्यक्ति को अनापत्ति प्रमाण पत्र या फिर गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है । एक गरीब परिवार के लिए उस समय अचानक से पैसे इकठ्ठा करना बहुत ही कठिन हो जाता है। दुबे ने कहा कि शासन द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने की इस योजना को लागू करने के समय यह निर्धारित किया गया था की नगर पालिका द्वारा घर घर जाकर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जाएगा और इसके एवज में घरों से 30 रुपए प्रतिमाह की राशि वसूली जाएगी न की नगर पालिका बिना डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किए बिना ही आवश्यकता पड़ने पर दबाव पूर्वक एक साथ राशि वसूली जाए। जब नगर पालिका द्वारा उपरोक्त व्यक्तियों के घर से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन नही किया जाता तो इस प्रकार से दबावपूर्वक 3 वर्षो का एक साथ यूजर चार्ज वसूलना उनकी मजबूरी का फायदा उठाना होता है ताकि नगर पालिका अपनी की गई गलतियों पर पर्दा डाल सके। कहा गया कि हमारी मांग है की नगर पालिका में इस प्रकार से किसी भी ऐसे व्यक्ति जिनके घर से नगर पालिका द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य नही किया जा रहा है ऐसे लोगो से दबावपूर्वक यूजर चार्ज वसूली कर अनापत्ति प्रमाण पत्र या गरीबी रेखा के प्रमाण पत्र जारी करने के अपने इस नियम में स्थिलता लाते हुए गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र या अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करे। पिंटू दुबे ने यह ज्ञापन समस्या निवारण पखवाड़े के तहत लगाए गए शिविर में दिया।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन
## मांग एवं शिकायत से संबंधित कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com






आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने तथा उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने आज पथरिया विकासखण्ड के ग्राम गोइन्द्री में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मांग एवं शिकायत से संबंधित कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 117 आवेदन मांग संबंधी एवं 02 आवेदन शिकायत के संबंध में थे। प्राप्त आवेदनों में से 75 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों पर नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर राहुल देव ने शिविर का अवलोकन कर शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लोगों को दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां ग्रामीणों से चर्चा की और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजनों से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनपद सीईओ, तहसीलदार, पंचायत सचिव, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, प्रधान पाठक, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित स्थानीय स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने संकल्प दिलाया और जनहित में कार्य करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या एवं शिकायतों के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित कॉल सेंटर के नंबर 9406275513, 9406275534, 9406275514, 8641002203 पर सम्पर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने आमजनों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी। इस दौरान अनारकली ने बताया कि उन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को पात्रतानुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में कम बच्चों की उपस्थिति पर चिंता जताई और कहा कि जनपद सीईओ इसका निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य और सुपोषण के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही जिला पंचायत सीईओ को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच करने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों में सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की। जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों ने सड़क की समस्या, महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिलने, मिडिल स्कूल में गणित के शिक्षक की कमी, नाली, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड जैसे विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने एसडीएम और जनपद सीईओ को प्राप्त शिकायतों की जांच करने और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप आवास योजना के तहत हर व्यक्ति जो पात्र है, उसका सर्वे कर सूची में नाम भेजा जाएगा। कोई भी पात्र व्यक्ति आवास योजना से वंचित नहीं होगा। राजस्व विभाग में नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार का निराकरण तेजी से किया जा रहा है। अब तहसीलदार को त्रुटि सुधार का अधिकार मिल गया है। इससे राजस्व प्रकरण का निराकरण और तेजी से होगा। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर कहा कि सीएम के निर्देशानुसार आने वाले समय में सभी शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण होगा।

# स्वच्छता अभियान के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया





पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में स्वच्छता अभियान के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम बिरसा मुंडा, शहीद वीरनारायण सिंह, डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं वर्तमान राष्ट्रपति के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर एवं व्यवस्थापक एच.आर.भास्कर के निर्देशन में सभी कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य, देश तथा विश्व में आदिवासियों की जनसंख्या, उनके रहन-सहन, खान-पान, सृस्कृति, तीज, त्योहार, भाषा, बोली एवं शिक्षा तथा उनको मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई और आदिवासी लोगों के सम्मान में 23 दिसम्बर 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 9 अगस्त को घोषित किया गया। तब से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। आदिवासी भारत के विभिन्न राज्यों में बहुसंख्यक रूप में निवासरत हैं। लगभग 22 फीसदी आदिवासी समाज भारत देश में रहता है। छत्तीसगढ़ में तो इनकी जनसंख्या 30 फीसदी से भी ऊपर है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजेश दिवाकर ने इस अवसर पर किये जा रहे स्वच्छता अभियान में शामिल होते हुए आदिवासी दिवस एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह को देश की आजादी के लिए आंदोलन करने पर रायपुर में फांसी दे दी गई वैसे ही आदिवासियों के आंदोलन का नेतृत्व करने वाले लोकनायक बिरसा मुंडा को भगवान माना जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासियों के उत्थान के लिए शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर प्रतिवर्ष राज्योत्सव में राज्य अलंकरण के रूप में सम्मानित किया जाता है। वर्तमान में देश के प्रथम नागरिक द्रोपदी मुर्म भारत की पंद्रहवीं और वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में सुशोभित हैं। ऐसे अनेक प्रमुख आदिवासी जयपालसिंह मुंडा, रामनारायण सिंह, जगन्ननाथ सिंह, रघुनाथ सिंह आदि हैं जिन्होंने आदिवासी समाज को संगठित करने का भरसक प्रयत्न किया ऐसे हैं हमारे आदिवासी सपूत उन्हें कोटिशः नमन। आदिवासी ही इस देश के मूल निवासी हैं आदिवासियों ने ही हमारे जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा किया है जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण में आदिवासियों की ही महत्ववपूर्ण भूमिका रही है किंतु आज पर्यन्त हमारे उन भोले भाले मूल निवासियों, आदिवासियों को हम ही जंगलों, पहाड़ों और झोपड़ियों में रहने के लिए मजबूर कर रहे हैं उनको मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर रहे हैं आज हम सबको उनके हर समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहना चाहिए तभी विश्व आदिवासी दिवस मनाना सार्थक होगा।

# मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा ने मनाया तीज उत्सव

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com





प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर द्वारा अग्रसेन भवन जांजगीर में नारी चेतना के तहत शाखा द्वारा बहुत ही धूमधाम से तीज का त्यौहार मनाया गया और नव विवाहित बेटी बहुओं कासिंधारा किया गया इस अवसर पर शाखा द्वारा झूला लगवाया गया और चटपटे व्यंजनों की व्यवस्था की गई और यह सभी प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें प्रमुख रूप से स्वागत डांस बच्चों का डांस मां और बेटी का डांस सावन सुंदरी हांउजी का आयोजन शाखा द्वारा किया गया जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई उक्त कार्यक्रम में शाखा की प्रदेश कार्यकारी सदस्य प्रियंका मोदी सुनीता मोदी मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा अध्यक्ष शिखा अग्रवाल सचिव बबीता गर्ग कोषाध्यक्ष कल्याणी भोपालपुरिया उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल सहित शाखा के सदस्य गढ़ व महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

# सावन स्पेशल ट्रैन का बाराद्वार शहर वासियों ने किया स्वागत





पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

9 अगस्त से प्रारंभ हुई गोंदिया भागलपुर सावन स्पेशल ट्रेन का भव्य स्वागत शक्ति जिले के बाराद्वार रेलवे स्टेशन पर किया गया, ट्रेन के बाराद्वार रेलवे स्टेशन में पहुंचते ही उत्साहित नगरवासियो सहित भाजपा बाराद्वार मंडल के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया, एवं स्टेशन के बाहर आतिशबाजी की गई वहीं ट्रेन के ड्राइवर तथा गार्ड को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया गया। ट्रेन के यात्रियों को भी मिठाई एवं नाश्ता करवाया गया,इस दौरान उपस्थित लोगों ने बताया कि बाराद्वार तथा आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में कांवडियो का जत्था हर साल बाबाधाम देवघर जाता हैं इसके लिए उन्हें सक्ती या चांपा से ट्रेन पकड़नी होती थी, साथ ही प्रतिदिन केवल साऊथ बिहार एक्सप्रेस और एक साप्ताहिक ट्रेन होने की वजह से बहुत से भक्त यात्रा नहीं कर पाते थे,पर अब रेलवे द्वारा इस वर्ष सावन स्पेशल की सौगात मिली है, इस हेतु उन्हें पूरे क्षेत्रवासियों की ओर बधाई प्रेषित करते है। सावन स्पेशल ट्रेन की सौगात मिलने के साथ ही इस ट्रेन की जरूरत किस कदर थी इसका अंदाजा इस प्रमाणिक बात से लगाया जा सकता है कि जब सहायक स्टेशन मास्टर राकेश सिंह से आज इस ट्रेन की बुकिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बाराद्वार से सत्ताईस सीट का कोटा था और यहां से आर ए सी तीन तक बुकिंग हुई है, मतलब कुल मिलाकर तीस सीटों की बुकिंग हुई है जो काफी अच्छा है। सावन स्पेशल गोंदिया से भागलपुर चलने वाली यात्री ट्रेन का स्टॉपेज शक्ति रेलवे स्टेशन पर भी हुआ है,किंतु प्रथम दिन इस ट्रेन के स्टॉपेज होने पर शहर के कोई भी नागरिक या संस्था प्रमुख इस ट्रेन का स्वागत करने नजर नहीं आए तथा रूटीन में यह ट्रेन प्लेटफार्म नंबर एक पर आकर रुकी।

# केशरवानी महिला समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





केशरवानी महिला समिति का चुनाव विगत दिवस स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में उपस्थित संरक्षगणो स्नेहलता गुप्ता, छत्तीसगढ़ महिला सभा उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता, अखिल भारतीय केशरवानी महिला महासभा राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री जया गुप्ता, वत्सला केशरवानी, प्रमिला गुप्ता, मनोरमा गुप्ता की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे निर्विरोध अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, सचिव संध्या दीवान को चुना गया। सर्वप्रथम गुरु कश्यप मुनि की पूजा अर्चना कर पूर्व अध्यक्ष सपना गुप्ता एवम सचिव सीमा गुप्ता द्वारा पूर्व कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुतकर लेखा-जोखा की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात अन्य पदाधिकारियों सहसचिव नलिनी केशरवानी, अमिता केशरवानी, उपाध्यक्ष वंदना केशरवानी, ममता केशरवानी, कोषाध्यक्ष शुभलक्ष्मी केशरवानी, सुनीता गुप्ता, विशिष्ट सलाहकार राजुल केशरवानी, रंजीता केशरवानी, विभा केशरवानी,सरोज गुप्ता, सुरेखा गुप्ता, संगठन मंत्री सीमा गुप्ता, संध्या गुप्ता, पदमा केशरवानी, सोनल गुप्ता, किरण दीवान, सांस्कृतिक मंत्री रिंकी गुप्ता, कनक केशरवानी को चुना गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने टीम भावना से सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यो से सहयोग की अपेक्षा की बात कही। इस दौरान वरिष्ठजन आशा गुप्ता, धनेश्वरी गुप्ता, अंजनी केशरवानी, बिंदी, कमलेश, स्मिता गुप्ता,मंजू केशरवानी, विजेता, कीर्ति, स्वीटी कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम मित्र मंडल ने अमानवीय अत्याचार के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



वंदे मातरम मित्र मंडल ने 9 अगस्त को कलेक्टर को एक ज्ञापन सौपा है, तथा यह ज्ञापन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के नाम दिया गया है, इस ज्ञापन में वंदे मातरम मित्र मंडल ने मांग की है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अमानवीय अत्याचार हो रहा है, इस सत्याचार को भारत देश के हिंदू कतई स्वीकार नहीं करेंगे एवं बांग्लादेश के हिंदू मंदिरों पर भी तोड़फोड़ की घटना हो रही है, जो कि हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम है, तथा वंदे मातरम मित्र मंडल ने भगवा परिधान में आज बिलासपुर कलेक्टर में पहुंचकर यह ज्ञापन सौपा तथा मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा नारेबाजी भी की गई एवं ज्ञापन सौपने के पश्चात पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की गई है, वंदे मातरम मित्र मंडल के सदस्य राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि बांग्लादेश की इस घटना पर पूरा भारत देश आक्रोशित है, एवं हिंदुओं पर होने वाली ऐसी घटनाओं पर भारत सरकार को त्वरित एक्शन लेना चाहिए।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकली भव्य रैली का स्वागत किया नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने






पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के गौरव पथ मार्ग पर 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी समुदाय द्वारा निकाली गई भव्य रैली का स्वागत नगर पालिका कार्यालय के सामने गौरव पथ मार्ग पर नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ किया, इस अवसर पर जहां काफी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे, तो वहीं विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर निकली भव्य रैली में शामिल लोगों का भी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति के अनुरूप रैली में शामिल वाद्य यंत्रों की धुन पर भी उन्होंने आदिवासी समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारीयो के साथ नृत्य भी किया तथा लोकगीतों की धुन पर वे थिरक उठे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल की इस पहल पर जहां लोगों ने उनका साधुवाद ज्ञापित किया है, तथा ज्ञात हो कि नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल द्वारा शहर में प्रतिवर्ष मुस्लिम समाज की भी निकलने वाली रैली एवं शोभा यात्रा का भी अपने कार्यालय के सामने जलपान के माध्यम से स्वागत किया जाता है, साथ ही अन्य समाजों की भी समय-समय पर विभिन्न प्रमुख अवसरों पर निकलने वाली ऐसी यात्राओं एवं रेलियो का भी स्वागत किया जाता है, तथा श्यामसुंदर अग्रवाल का कहना है कि ऐसी पहल से आपस में सभी समाज बंधुओ का आपस में समन्वय एवं भाईचारा बना रहता है।

# तुलसी जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com



निराला साहित्य मंडल एवं निराला साहित्य महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 11 अगस्त 2024, रविवार को सायं 4 बजे डीबी तनिष्का, कोरबा रोड, सिवनी चौक, चांपा में महाकवि तुलसीदास जी की जयंती एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। तुलसी जयंती एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विनय पाठक, पूर्व अध्यक्ष, राजभाषा आयोग, छत्तीसगढ़ एवं कुलपति, थावे विद्यापीठ, गोपालगंज, बिहार उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निराला साहित्य मंडल, चांपा के अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद, चांपा के पूर्व अध्यक्ष, राजेश अग्रवाल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक जांजगीर-चांपा व्यास नारायण कश्यप, विधायक पामगढ़ शेषराज हरवंशजी, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र सिंहजी, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहूजी, पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा विवेक शुक्लाजी, तुलसी साहित्य अकादमी छग, बिलासपुर के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र दुबेजी धर्मभूषण, कवि, गीतकार, साहित्यकार डॉ. धर गौरहा एवं मुख्य संरक्षक निराला साहित्य मंडल चांपा पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी विशेष रूप से मंचस्थ होंगे। समारोह के दौरान, डॉ. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ मथुरा वृंदावन से 24 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने वाले द्विवेदी दंपति, डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी एवं डॉ. रविन्द्र द्विवेदी को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजित महाकवि तुलसीदास जयंती एवं सम्मान समारोह अवसर पर निराला साहित्य मंडल चांपा के कार्यकारी अध्यक्ष धीरेन्द्र बाजपेयी ने चांपा के निराला साहित्य महिला मंडल, अक्षर साहित्य परिषद, महादेवी वर्मा महिला साहित्य परिषद, एवं अंचल एवं जिले के सभी साहित्यिक, सामाजिक संगठनों, साहित्य अनुरागियों एवं साहित्य साधकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समारोह की गरिमा बढ़ाने का सहृदयतापूर्वक अनुरोध किया है। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में निराला साहित्य मंडल चांपा के पंडित घनश्याम शर्मा, पं रामगोपाल गौरहा, अखिलेश कोमल पाण्डेय, नागेन्द्र गुप्ता, प्रहलाद वैष्णव, डॉ भारती शर्मा, संगीता अग्रवाल, एडवोकेट रीतू तिवारी, मीरा मिहिर पत्की, सहित डीबी वेन्चर्स/तनिष्का ग्रुप के नरेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, मंसूरखान एवं समस्त सदस्यगण जुटे हुए हैं।

### सरपंच सहित ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
# पोरथा ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों पर ही लगा विकास में बाधा बनने का आरोप

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com






नवगठित शक्ति जिले के शक्ति विकासखंड की ग्राम पंचायत पोरथा में बड़ा ही अजीबो गरीब मामला देखने को मिल रहा है, तथा एक और जहां पंचायतो में विकास कार्यों के लिए पंच से लेकर सरपंच तक सभी जनप्रतिनिधि एकजुट होकर प्रयास करते हैं, किंतु पोरथा में तो कुछ मामला और ही नजर आता है,पोरथा पंचायत में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जब विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, तो वहीं ग्राम पंचायत के ही कुछ पंचों द्वारा ग्राम सभा की बैठकों में उपरोक्त विकास कार्यों के लिए शासन से प्राप्त राशि को आहरण न करने का प्रस्ताव पारित किया जा रहा है, जिसके चलते वर्तमान में ग्राम पंचायत पोरथा में निर्माण कार्यों पर लगभग ग्रहण लग गया है, तथा पर्थ पोरथा जो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा साल 2018 में तत्कालीन कांग्रेस की सरकार में इसे नगर पंचायत बनाने का भी घोषणा की गई थी, किंतु इस ग्राम पंचायत में वर्तमान में विकास कार्यों को लेकर जिस तरह से खींचातानी चल रही है, उससे आने वाले समय में विकास कार्यो का क्या होगा यह तो कहना मुश्किल है। किंतु ग्राम पंचायत पोरथा की सरपंच मधु श्याम राठौर सहित अनेको ग्रामीण महिलाओं ने 31 जुलाई 2024 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय शक्ति पहुंचकर करीब 155 ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त एक ज्ञापन सौपा है, तथा ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत पोरथा के विकास कार्यों में निरंतर बाधा डालने वाले पंचगणों के खिलाफ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत पद से पृथक करने की कार्रवाई की जाए तथा यदि प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो वे सभी 15 दिन के पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करेंगे, वही इस संबंध में ग्राम पंचायत पोरथा के सरपंच का कहना है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत में शासन द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लाखों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, किंतु उपरोक्त स्वीकृत राशि पंचायत में आने के बावजूद आज पर्यंत तक उपरोक्त कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। तथा इन कार्यों में प्रमुख रूप से कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर चाम्पा द्वारा 29 मई 2023 को दी गई स्वीकृति स्वच्छता सेक्टर के अंतर्गत कंचन घर के पीछे नाली निर्माण कार्य 2 लाख रुपये, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला तक सीसी रोड निर्माण 5 लाख 20 हजार रुपये,निर्मला घाट निर्माण कोतरा नाला से मानव चौहान घर के पास 2 लाख 60 हजार रुपए, मुख्य मार्ग से अस्पताल होते हुए रामचरण सोनी घर की ओर सीसी रोड 5 लाख 20 हजार रुपये शामिल है, साथ ही 6 अक्टूबर 2023 को कार्यालय जनपद पंचायत शक्ति द्वारा ग्राम पंचायत पोरथा में छतदार चबूतरा निर्माण 2 लाख 50 हजार रुपए के लिए कार्यादेश भी जारी कर दिया गया है, किंतु उपरोक्त कार्य भी कुछ पंचगणों के अप्रत्याशित विरोध के चलते प्रारंभ नहीं हो पाया है। तथा ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत पोरथा में कुछ पंच निरंतर पंचायत के कार्यों में बाधा डालने का कार्य कर रहे हैं, तथा इसके चलते सितंबर 2023 में ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से अस्पताल वाले रोड पर सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए सड़क पर ही रोपा लगाकर विरोध प्रदर्शन भी किया था, जिसकी जानकारी एवं सूचना प्रशासन एवं तत्कालीन कलेक्टर को भी दी गई थी एवं बार-बार ग्राम पंचायत पोरथा द्वारा पंचायत में विकास कार्यों को लेकर निर्मित इस स्थिति से अवगत कराया जा रहा है, किंतु प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है एवं आने वाले समय में गांव के नागरिक अपनी इन विकास कार्यो संबंधी समस्याओं को लेकर बड़ा जन आंदोलन करेंगे साथ ही कलेक्टर का घेराव भी करेंगे।

# घर मोहल्ला बन गया तालाब सांप बिच्छू के साथ ही बीमारी का खतरा
### जनसमस्या शिविर में हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com



बिर्रा रोड वार्ड क्रमांक 16 न्यू रेलवे कालोनी और अनंता सिटी के बीच के मकान और खेत बारिश के पानी से लबालब भरा हुआ है, जिससे मोहल्ले वासियों में डेंगू मलेरिया व डायरिया जैसी बीमारी से ग्रसित होने की संभावना बनी हुई है साथ ही सांप और बिच्छू घरों में घुस रहे है जिससे मौत का खतरा भी मंडरा रहा है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस समस्या का कारण मोहल्ले से थोड़ा सा आगे सज्जन अग्रवाल का बावंडरी वाल और आगे बने अनंता सिटी के बनने से पानी की निकासी का न होना है। इस गंभीर समस्या को लेके मोहल्ले के मनीराम साहू, कौशलेष सिंह क्षत्री, चंद्र कुमार चंद्रा, मनीष चंद्रा, महावीर प्रसाद राठौर, लक्ष्मी प्रसाद सोनी ,यज्ञ नारायण सोनी आदि ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बरपाली चांपा में आयोजित नगरपालिका के जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन देकर निराकरण की मांग की। जिसमे पालिका के कर्मचारी संजय सागर द्वारा उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया । अब देखने वाली बात यह है कि इस समस्या का निराकरण कितने दिनों में होता है।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ाः 14 वें दिन रायपुर नगर निगम के विभिन्न 3 वार्डों में शिविर लगाया गया

## पूर्व सांसद सुनील सोनी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, पार्षदगण पहुंचे

### 589 में से 385 आवेदन शिविर में त्वरित निराकृत





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के वार्डो में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाडा के अंतर्गत शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लगाए जाने का सिलसिला जारी रहा। रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 70 वार्डो में जनसमस्या निवारण पखवाडा अंतर्गत शिविर हेतु प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। प्रत्येक वार्ड में 1 शिविर लगाया गया एवं उसमें रायपुर नगर पालिक निगम सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारीगण जनसमस्या सुनकर उसका यथासंभव त्वरित निराकरण करने निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहे। 14 वें दिन नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाडा के अंतर्गत जनसुविधा हेतु शिविर जोन 4 के सदर बाजार स्वामी विवेकानंद वार्ड वार्ड के गंगाराम सामुदायिक भवन, जोन 8 के संत रविदास वार्ड के वार्ड पार्षद कार्यालय सरोना, जोन 9 के शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल शहीद वार्ड के इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के कम्युनिटी हाल में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर लगाया गया। जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर में रायपुर के पूर्व सांसद और पूर्व महापौर सुनील सोनी, रायपुर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, सदर बाजार स्वामी विवेकानंद वार्ड की पार्षद डॉक्टर सीमा मुकेश कंदोई, राजेश सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्त्ता डॉक्टर देवेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, मुरली शर्मा, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, संबंधित जोन कमिश्नरगण एवं कार्यपालन अभियंतागण की उपस्थिति में शिविर में पहुंचे एवं रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न विभागों सहित रायपुर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार लगाए गए जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा के 14 वें दिन नगर निगम के विभिन्न 3 वार्डों में लगाये गये शिविर में नागरिकों से कुल प्राप्त 589 आवेदनों में से 385 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही तत्काल निराकरण कर दिया गया। शेष 204 मांगों के त्वरित निदान हेतु सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गये। रायपुर के पूर्व सांसद और पूर्व महापौर सुनील सोनी ने सभी नागरिकों से जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर में आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त करने का विनम्र आव्हान किया और शिविर में प्राप्त सभी जनशिकायतों का अगले एक माह के भीतर त्वरित समाधान करवाना सुनिश्चित करने का सुझाव नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों को दिया। लगाये गये भिन्न 3 वार्डो के जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर में पहुंचे नागरिको को आवेदन करने के मिनटो बाद तत्काल आय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड प्रदत्त करने का सिलसिला निरंतर जारी रहा। निगम जोन 4 के सदर बाजार स्वामी विवेकानंद वार्ड के गंगाराम सामुदायिक भवन में लगाए गए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्रेमशिला यादव को 20 हजार रूपये, भावना और पायल कन्नोजे को 50-50 हजार रूपये का व्यक्तिगत ऋण एनयूएलएम के स्टाल में आवेदन देने के तत्काल पश्चात स्वीकृत किया गया एवं धनादेश प्रदत्त कर दिया गया, वहीं नई उड़ान महिला स्वसहायता समूह को 2 लाख रूपये और आकांक्षा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को 5 लाख रूपये का समूह ऋण आवेदन करने के तत्काल पश्चात स्वीकृत कर धनादेश प्रदत्त कर दिया गया।

# आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान-2024 से देश के 5 राज्यों की 9 महिला पत्रकार होंगी सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के भिलाई-रायपुर में आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह प्रतिष्ठासूचक सम्मान प्रदान करने का सिलसिला वर्ष 2013 से निरंतर जारी है और अब तक 25 महिला पत्रकारों को सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मान से वर्ष-2024 के 12वें वर्ष में छत्तीसगढ़ सहित देश के 5 राज्यों (छग, असम, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं ओडिशा)की 9 चुनिंदा महिला पत्रकारों को सम्मानित किया जावेगा। आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान-2024 में चयनित (1) राजश्री राव यादव (नागपुर-महाराष्ट्र), (2) सेमिम सुल्ताना अहमद (गुवाहाटी-असम), (3) किरण दिनेश जैन (सिवनी-म.प्र.), (4) मंजुला पटनायक (कोरापुट-ओडिशा), (5) बिजयालक्ष्मी (गंजाम-ओडिशा), (6) मालिनी सुब्रमण्यम (जगदलपुर-छग), (7) ममता लांजेवार (रायपुर-छ ग), (8) सिमरन पन्गरे (रायगढ़-छग) एवं (9) डॉ.रत्ना पांडेय (रायपुर-छग) को सम्मानित किया जावेगा। ये सभी 9 महिला पत्रकार प्रतिष्ठित अखबारों, इलेक्ट्रॉनिक एवं पोर्टल मीडिया में कई वर्षों से पत्रकारिता में सक्रियता से कार्यरत हैं। यह महिला पत्रकार संम्मान इस्पात नगरी भिलाई में पत्रकार बी.डी. निज़ामी एवं उनके कर्मठ साथियों की टीम से सुसज्जित मीडिया ग्रुप (भिलाई-दुर्ग) एवं एस आर जी (भिलाई इस्पात संयंत्र) की संयुक्त प्रस्तुति में बीते 22 वर्षों से आयोजित यादें मुकेश की सांगीतिक प्रस्तुति के पूर्व होता है। आशा इक़बाल महिला पत्रकार आत्मीय सम्मान समारोह का आयोजन गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में प्रतिवर्ष की तरह आगामी 27 अगस्त को भिलाई के सेक्टर-वन स्थित नेहरू कल्चरल हाउस सभागार में होने जा रहा है।

# टूटे वादों के, अधूरे रिश्तों के मौसम बदलेंगे

## सपनों से निराशा और फिर नई ज़िंदगी तकः कलर्स का मेघा बरसेंगे परित्यक्त दुल्हनों की दुर्दशा पर चर्चा करता है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






ऐसी दुनिया में जहां शादी की कसमें ज़िंदगी भर प्यार करने और साथ निभाने के वादों में गूंजती हैं, वहीं भारत में, कथित तौर पर 40,000 से ज़्यादा दुल्हनों के सपनों को ऐसे पतियों ने चकनाचूर किया है जिन्होंने प्यार का वादा किया था लेकिन पत्नियों को छोड़ कर उन्हें धोखा दिया। इस विश्वासघात की राख से किसी फीनिक्स पक्षी की तरह उभरकर, कलर्स ने अपनी नई पेशकश 'मेघा बरसेंगे' के साथ 'छोड़ी हुई औरत' (दुल्हन परित्याग का मुद्दा) पर प्रकाश डालते हुए बदलाव की शुरुआत करने का प्रयास किया है। धोखे की पीड़ा से ग्रसित, एक नवविवाहित दुल्हन मेघा, जिसे उसके एनआरआई पति मनोज ने छोड़ दिया है, इस धोखे का बदला लेने और अपने परिवार की खोई हुई प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करने की चुनौती का सामना करती है। अपनी मुश्किलों के बीच, मेघा को अर्जुन के रूप में एक अप्रत्याशित सहयोगी मिलता है, जो एक आईएएस अधिकारी है और मेघा के भगोड़े दूल्हे को सबक सिखाने के उसके अभियान में मदद करता है। भारी दिक्कतों के बावजूद, मेघा हर कठिनाई का दृढ़ता से सामना करती है, परित्यक्त दुल्हनों को चुप कराने वाली परंपराओं के ज्वार को चुनौती देती है, और अपने भगोड़े पति को भारत लौटने के लिए मजबूर करती है। एक नवविवाहित लड़की की हिम्मत की सराहना करते हुए? जो अपनी भाग्य निर्माता बन जाती है, यह नया शो एक दमदार संदेश देता है कि ज़िंदगी शादी के साथ शुरू या खत्म नहीं होती है। मेघा के रूप में नेहा राणा, अर्जुन के किरदार में नील भट्ट, और मनोज के रूप में किंशुक महाजन अभिनीत और परिन मल्टीमीडिया द्वारा निर्मित, 'मेघा बरसेंगे' का प्रीमियर 6 अगस्त को होगा, और उसके बाद हर दिन शाम 7:00 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। वायकॉम18 के जनरल एंटरटेनमेंट के प्रेसिडेंट आलोक जैन ने कहा, कलर्स में, हम हमेशा सामाजिक बदलाव को बढ़ावा देने का काम करते रहे हैं क्योंकि हम समाज की बेहतरी में योगदान देने में विश्वास करते हैं। मेघा बरसेंगे के साथ, हम महत्वपूर्ण समस्याओं पर प्रकाश डालकर इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। यह नया शो दुल्हन को छोड़ने की घटनाओं को दर्शाता है। यह ऐसी दर्दनाक सच्चाई है जो भारत भर में हज़ारों महिलाओं, परिवारों और समुदायों के समक्ष समस्याएं खड़ी करती है। हमारा लक्ष्य न केवल इस भारी मुद्दे पर चर्चा करना है बल्कि महिलाओं की अटूट भावना की सराहना करना भी है। 'मेघा बरसेंगे' में, जब महिलाओं के आगे चुनौतियों के बादल उमड़ते हैं, तो वे केवल बारिश का ही नहीं बल्कि जागरूकता, सहानुभूति और कारनामों का वादा करते हैं। हमें यकीन है कि हमारी कोशिशें बदलाव के बीज बोएंगी, अन्याय के खिलाफ एकजुट होने का मार्ग प्रशस्त करेंगी, और ज़्यादा दयालु दुनिया का निर्माण करेंगी।

# मधुलिका, अनामिका, प्रीति, आरती को बेस्ट टीचर अवार्ड मिला







पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कॉलोनी शाखा में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें बीते सत्र 2023-24 में किए गए कार्य के आधार पर विभिन्न वर्गों में शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। सत्र के सर्वश्रेष्ठ (बेस्ट) टीचर्स का अवार्ड मधुलिका मिश्रा, अनामिका पुजारी, प्रीति शर्मा व आरती गुप्ता को दिया गया। सबसे अनुशासित शिक्षक अवार्ड के लिए मीनाक्षी त्रिपाठी, भारती जैन, अनिता तिवारी व अंजना प्रधान को पुरस्कृत किया गया। मोस्ट एक्टिव टीचर का अवार्ड दीपा टंडन, रूबी नासरे, एकता कटारिया व नीतू सोनकर को दिया गया। इसी तरह प्रतिवर्ष बेस्ट न्यू टीचर्स का अवार्ड भी दिया जाता है जिसके लिए शिवानी यादव, शिवानी सोनेकर, अल्पना सिंह, व श्रेयांश सोनी को चुना गया। प्रार्थना सभा प्रभारी के रूप में उल्लेखनीय जिम्मेदारी निभाने के लिए लविना शंभवानी व फरजाना हुसैन को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर टीचर्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। गीत, संगीत, कविता, ड्रामा आदि की प्रस्तुतियों ने भी समा बांधा जिसमें भाग लिया था- पूनम पाण्डेय, मधुलिका मिश्रा, रूबी नासरे, अनिता तिवारी, दीप्ती तिवारी, पद्मश्री बिसेन, आशा केशरवानी, ज्योति रवानी, डिम्पल अठवानी, दुर्गा यादव, अनिता प्रधान, प्रतिभा मोहता, नीतू सोनकर, शिवानी यादव, स्वाति ठाकुर आदि। इस अवसर पर स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फज़ली ने टीचर्स को पुरस्कृत किया।

# लेनोवो ने 'बैक टू कॉलेज' ऑफर की घोषणा कीः नोटबुक और डेस्कटॉप पर दिया बड़ी बचत का मौका

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




लेनोवो, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावर हाउस, 18 अगस्त, 2024 तक लागू अपनी स्पेशल बैक-टू-कॉलेज (बीटीसी) ऑफर की घोषणा करते हुए उत्साहित है। ये ऑफर छात्रों को बेहतरीन टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन बेजोड़ कीमतों पर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। सभी के लिए स्मार्टर टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लेनोवो के दृष्टिकोण के अनुरूप, ब्रांड छात्रों के बीच प्रीमियम डिवाइस की मांग को पूरा करने के लिए लैपटॉप और एक्सेसरीज़ पर कई तरह की छूट दे रहा है। युवाओं के बीच लेनोवो द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि कॉलेज के छात्रों में संगीत के प्रति गहरी रुचि होती है और उन्हें बेहतर गेमिंग अनुभव के लिए मॉनिटर, हेडसेट और माउस सहित एक बेहतर और सक्षम गेमिंग डिवाइस इकोसिस्टम की आवश्यकता होती है। लेनोवो ने इन जानकारियों के आधार पर युवाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने नए सीजनल ऑफर तैयार किए हैं, जो अपने उत्पाद रेंज में विशेष डील पेश करते हैं। इन ऑफर का उद्देश्य छात्रों के व्यापक समूह को बेहतर अनुभव प्रदान करना है। लेनोवो के बीटीसी ऑफर सभी रिटेल और ई-टेल चैनलों पर मान्य होंगे। वे चुनिंदा कंज्यूमर नोटबुक और डेस्कटॉप पर लागू हैं। लेनोवो के बायबैक प्रोग्राम में योगा, लीजन, एलओक्यू स्लिम, स्लिम 5, फ्लेक्स 5 और एआईओ सहित विभिन्न मॉडलों पर आकर्षक बायबैक वैल्यू प्रदान किए गए हैं। एक्सचेंज टॉप-अप ऑफर अतिरिक्त बचत प्रदान करते हैं,

# चिंगरौद में विश्व संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com




शासकीय उच्च प्राथमिक शाला चिंगरौद में बैगलेश डे के द्वितीय सप्ताह के अवसर पर शाला प्रांगण में विश्व संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक योगेश कुमार मधुकर ने बच्चों को प्रथम संस्कृत भाषा के रूप में परिचय कराते हुए कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संस्कृत भाषा को विश्व में दर्जा दिलाने के लिए सन् 1969 में विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय पारित किया गया। संस्कृत दिवस प्रतिवर्ष सावन माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है साथ ही इसी दिन रक्षाबंधन का त्यौहार भी मनाया जाता है। यह भारत की सबसे प्राचीनतम भाषा है और इसे सभी भाषाओं की जननी भी कहा जाता है। संस्कृत भाषा का विकासक्रम बेहद व्यापक और विस्तृत है तथा इसका व्याकरण बहुत ही सरल एवम् व्यवस्थित है। संस्कृत में ही सारे वेद एवं पुराण लिखे गए हैं। शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार विश्व संस्कृत दिवस का आयोजन एक सप्ताह तक किया जाता है। लेकिन बड़ी विडंबना है कि साप्ताहिक आयोजन के संबंध में राज्य शासन का स्पष्ट निर्देश न होने के कारण विश्व संस्कृत दिवस का आयोजन केवल एक ही दिन स्कूलों एवं कॉलेजो में किया जाता है। उन्होने बच्चों से कहा कि प्राचीन संस्कृत भाषा के आधार पर चारों वेद क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद तथा पुराण और महाकाव्य के रूप में वर्णित महाभारत व रामायण की रचना संस्कृत भाषा में ही किया गया है उन्होंने बच्चों को संस्कृत के नीति श्लोक एवं सुभाषितानि श्लोक का वाचन करते हुए उसका अर्थ अच्छे से समझाया। प्रभारी प्रधान पाठक गणेश राम चंद्राकर ने बच्चों को प्राचीन संस्कृत भाषा की उत्पत्ति, अर्थ एवं महत्व को तथा हमारे द्वारा लेखबद्ध देवनागरी लिपि के बारे में विस्तार से बताते हुए संस्कृत के नीति श्लोक एवं रामायण श्लोक के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में कक्षा आठवीं से कुमारी मेघना एवम् कक्षा सातवीं से कुमारी भारती साहू ने गुरुः ब्रह्मा गुरुः विष्णु गुरुर देवो महेश्वरः गुरुः साक्षात पर ब्रम्हा तस्मै श्रीगुरुवे नमः श्लोक के द्वारा गुरु की महत्ता का वर्णन करते हुए शिक्षक अर्थात गुरु को सर्वोपरी स्थान देते हुए उसकी व्याख्या की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक योगेश मधुकर के द्वारा तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक पोखन चंद्राकर के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर समस्त छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 2 वाहनों को किया जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल गरियाबंद विकासखण्ड के विभिन्न शासकीय संस्थाओं के औचक निरीक्षण के लिए दौरे पर थे। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल के निर्देश पर मौके पर उपस्थित एसडीएम विशाल महाराणा द्वारा कस नाला पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते 02 रेतमय ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। जिसे प्रकरण बनाकर थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 23 एल 3856 एवं सीजी 04 एनएफ7512 में अवैध रूप से रेत का उत्खनन करते मौके पर पाया गया। जिस पर कार्यवाही की गई। कलेक्टर अग्रवाल ने राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

# भाजपा सरकार की कुशल नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं से आदिवासी समाज विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहें हैं

## प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com





विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर श्री बुढ़ादेव राजगोंड समाज सेवा समिति द्वारा शनिवार को ग्राम महिडबरा में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी को विश्वास आदिवासी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। हमारे जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के अटूट प्रेम की वजह से ही आज हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। प्रकृति के साथ-साथ हमारी धार्मिक परम्पराओं, आस्था के केन्द्रों, पौराणिक सभ्यताओं और आने वाली पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली धरोहरों से अवगत कराने के लिए आदिवासी समाज के अथक परिश्रम तथा योगदान को हम सभी नमन करते हैं। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की वीरता और भगवान बूढ़ादेव जी की कृपा से आदिवासी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धियों, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी तथा प्रकृति के प्रति उनकी आस्था से ही हमारे समृद्ध भारत की पुरातन संस्कृति जिवंत हो उठती है। भारत का अतीत, भारत का इतिहास, भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता। हमारी आजादी की लड़ाई का भी पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी समाज की वीरता से भरा पड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है।वे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं। यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है।देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा हमारे छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा।हमारे आदिवासी समाज की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उनकी सामूहिक जीवन, सामूहिक उत्तर दायित्व और भावात्मक संबंध, जो निःस्वार्थ भाव से एक दूसरे की सहायता करने और एकजुट होकर रहने की है।हमें गर्व है कि पुरे विश्व में भारत में सबसे आदिवासी समाज के लोग निवासरत हैं जो पौराणिक काल से ही हमारी सांस्कृतिक व प्राकृतिक धरोहर को सहेजने का अतुलनीय कार्य कर रहें हैं। भावना बोहरा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा सरकार आदिवासियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। आदिवासी समाज के पास घर में बिजली हो, पक्का मकान हो, गैस का कनेक्शन हो, शौचालय हो, घर के पास चिकित्सा का केंद्र हो, कमाने के लिए आजीविका के साधन हो और बालकों के लिए पास में क्रीड़ास्थल और स्कूल हो, गांव तक आने वाली सड़क हो, इसके लिए मोदी सरकार निरंतर अभियान चला रही है। आज इन अभियानों से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। आज हमारे छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी समाज से आने वाले माननीय विष्णु देव साय जी प्रदेश के मुखिया के रूप में आदिवासी समाज के कल्याण हेतु कार्य कर रहें हैं। हमारे पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत भी कुई-कुकदुर जैसे वनांचल क्षेत्र में निवासरत आदिवासी समुदाय को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भी अथक प्रयास किये जा रहें हैं। पीएम जनमन योजना के माध्यम से लगभग 33 करोड़ की लागत से 16 डामरीकृत सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। यह विकास कार्य हमारे जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेगी। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा आदिवासी समाज के कल्याण हेतु इस साल के केन्द्रीय बजट में जनजाति उन्नत ग्राम अभियान योजना शामिल की गई है। इस योजना से राज्य के लगभग 85 विकासखंडों में शामिल गांवों को विभिन्न मूलभूत सुविधाएं मिलेगी। बस्तर के माओवादी आतंक से सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक तरफ सुरक्षा कैंपों की सख्या बढ़ायी जा रही है। वहीं सुरक्षा कैंपों के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नियद् नेल्लानार जैसी नवाचारी योजनाओं की शुरूआत की गई है। आदिवासियों की आय में वृद्धि और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। राज्य सरकार ने तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक दर प्रतिमानक बोरा 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया है। इससे लगभग 13 लाख जनजाति परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। आज हमारे देश व प्रदेश में निवासरत जनजातीय समुदाय विकास की मुख्यधारा से जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे रहा है। मैं आप सभी की इस सहभागिता और प्रकृति के संरक्षण व उसके प्रति प्रेम की भावना हेतु कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। इस अवसर पर उत्तम मसकोले, विदेशी राम धुर्वे, फगनु राम धुर्वे, सालीक राम मरावी, शेरसिंह पन्द्राम, विष्णु सिंह धुर्वे, मोहित मरावी, गणेश देवाम,रमेश मरावी, दीपा पप्पु धुर्वे, सुमीर पुषाम,सुंदर मरावी,कृपा राम धुर्वे,आनंद मरावी, रूपसिंग धुर्वे, भागसिंह मरावी, शोभित मरावी, तिहार सिंह मरावी, रामजी धुर्वे, सत्रुहन मरावी, जयसिंह धुर्वे, पंचराम सिन्द्राम, सुरेश मरकाम, भुवन धुर्वे, राजेश धुर्वे, श्याम सिंह परस्ते, तुलस पन्द्राम, राजकमल सिन्द्राम, पंचराम मरावी, नकुल सिंह परस्ते, तनगुराम अर्मो, बसंत वाटिया, जगतारन सिंह मरकाम, करताल सिंह धुर्वे, कबीर धुर्वे, फूलसिंह धुर्वे, वीरेंद्र धुर्वे, मोहन, तुलस धुर्वे सहित समस्त राजगोंड समाज एवं आदिवासी समाज भोरमदेव के सदस्यगण उपस्थित थे।

# शिक्षा से वंचितों के लिए अभिनव पहल : सब्जी, अनाज फल, रेत, गिट्टी और लकड़ी से होगा अक्षर और अंक ज्ञान

## राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय उल्लास कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में शिक्षा से वंचित लोगों को साक्षर बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक नई पहल की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत, अब सब्जी, अनाज, फल, रेत, गिट्टी, लकड़ी और खेत खलिहान जैसे रोजमर्रा के जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं के माध्यम से अक्षर और अंक ज्ञान सिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण और एससीईआरटी ने इस पहल को आगे बढ़ाया है। 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में इस कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में लागू करने के लिए विशेष रणनीतियाँ तैयार की गईं। इस कार्यशाला में 33 जिलों के प्रतिनिधि और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया।

उल्लास साक्षरता केंद्रों के माध्यम से असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इन केंद्रों में अक्षर और अंक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल की शिक्षा भी दी जाएगी। खेल, गीत और अन्य रोचक गतिविधियों से कक्षाओं को अधिक प्रभावी और आनंददायक बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यशाला में 'उल्लास प्रवेशिका' के उपयोग, पढ़ाने के रोचक तरीकों, और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे कि दीक्षा पोर्टल और एनसीईआरटी के यूट्यूब चैनल का उपयोग करने पर भी चर्चा की गई। उल्लास एप्प का भी उपयोग शिक्षण में किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के तहत सभी को स्वयं शिक्षक बनकर असाक्षरों को साक्षर करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यशाला में एससीईआरटी के संचालक राजेन्द्र कटारा, अतिरिक्त संचालक जे. पी. रथ, उल्लास के नोडल अधिकारी प्रशांत पाण्डेय, और अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 11 अगस्त को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने दलितों के नागरिक अधिकारों के साथ बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में समाज से लेकर संसद तक अपनी आवाज उठाई। मिनीमाता मजदूरों के हितों और नारी शिक्षा के प्रति भी जागरुक और सहयोगी रहीं। साय ने कहा कि समाज एवं महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिनीमाता के नाम पर राज्य सरकार द्वारा राज्य अलंकरण पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि मिनीमाता का सेवाभावी व्यक्तित्व हम सभी को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

## संकुल समन्वयक सहित मटियारी स्कूल की दो शिक्षिकाएं निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बिलासपुर अविनाश शरण ने मटियारी के संकुल शैक्षिक समन्वयक हरनारायण सिंह गौतम प्राथमिक शाला मटियारी में पदस्थ शिक्षिका शारदा नारवानी एवं कुमारी मरियम बरवा को निलंबित करने के साथ ही स्कूल के स्वीपर लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी को सेवा से पृथक कर दिया है। कलेक्टर ने यह कार्रवाई बीते दिनों प्राथमिक शाला मटियारी में स्कूली छात्रा से बर्तन धुलवाने के मामले की शिकायत की जांच में प्रथम दृष्टया उक्त सभी को जवाबदार पाये जाने पर की है। कलेक्टर ने इस मामले में मटियारी हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी नारायण साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा सुनीता ध्रुव एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक देवी चन्द्राकर को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने इस मामले की प्राथमिक जांच के आधार पर मटियारी प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक प्रताप सत्यर्थी एवं शेष पांच शिक्षक स्नेह लता भारद्वाज, सुपर्णा टेंगवर, रामलाल यादव, सरोज जायसवाल, सोनू यादव को बिल्हा विकासखण्ड से अन्य विकासखण्डों में शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षकीय शाला में अध्यापन कार्य हेतु पदस्थ करने के निर्देश संयुक्त संचालक लोक शिक्षा बिलासपुर को दिए हैं।

# लोगों के समस्याओं का समाधान करना तथा सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता : डॉ. सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार व राज्य के विष्णु देव साय सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर जन जन तक पहुंचाने तथा स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए बसना विधानसभा द्वारा विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल की अध्यक्षता में विधायक जनसंपर्क कार्यालय सभागृह में बैठक आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां भारती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलित व राष्ट्र गान गाकर कर बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों व नगरों में अपनी अपनी सहभागिता निभाते हुए स्वतंत्रता दिवस को उल्लासपूर्वक मनाने तथा हर घर तिरंगा फहराने का निर्णय लिया गया। विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हर घर तिरंगा अभियान के संकल्प को पूरा करने हम सभी को अपने अपने घरों में तिरंगा ध्वज फहराना है। साथ ही क्षेत्रवासी व ग्रामीणों को भी हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यो का लाभ क्षेत्रवासियों को पहुंचाना है। विधायक जनसंपर्क कार्यालय प्रभारियों को निर्देशित करते हुए विधायक ने कहा कि कार्यालय में क्षेत्रवासियों जो भी समस्याओं का आवेदन जमा करते हैं अगले सात दिन के अंदर समस्याओं का समाधान होना चाहिए। लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना और उनके समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल,नगर पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपा युवा नेता सुमित अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी,कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,मण्डल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल, माधव साव, हरप्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, नरेश सिंघल, विधायक प्रतिनिधि व महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष व पार्षद शीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, विधायक जनसंपर्क पिथौरा कार्यालय प्रभारी छबीलाल रात्रे, पिरदा प्रभारी अश्वनी प्रधान, विमला बेहरा, सांकरा प्रभारी नरेन्द्र बोरे, दिव्यकुमार भोई, गढफुलझर प्रभारी हरजिंदर सिंह, महेन्द्र प्रधान, विधायक प्रतिनिधि रविन्दर आजमानी, डॉ गिरधारी डड़सेना, महामंत्री राजकुमार पटेल, महामंत्री इंदल बरिहा नवीन साव, संजय गोयल, अनूप अग्रवाल, प्रहलाद साहू, मनोज बारीक, सोमनाथ पांडे,बृजेन्द्र प्रधान, विजय पटेल, हरदेव बारीक, पदमा रातडे आदि सम्मिलित हुए।

# तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे सीएम और स्पीकर

- आज नया बस स्टैंड से विस क्षेत्र के लिए रवाना होगी यात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे देशभर में कल से 13 अगस्त तक चलाये जाने वाले तिरंगा यात्रा अभियान की शुरुआत कल शहर में हो रही है, इसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

पार्टी द्वारा 11 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीयता के जागरण के महती उद्देश्य को लेकर हर-घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, महापुरूषों की प्रतिमाओं व स्मारकों के स्थलों की साफ-सफाई फिर उस पर माल्यार्पण तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाये जाने वाले हैं। इसकी तैयारी पिछले कई दिनों से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व उनके टीम द्वारा की जा रही है। इसके लिये मंडल स्तर पर पार्टी की बैठके हुई है। वहीं बड़े पैमाने पर विधानसभा व मंडल स्तर तक तिरंगा झंडो का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर हर-घर तिरंगा अभियान को सार्थक कर सकें। इस अभियान के पहले महत्वपूर्ण पड़ाव तिरंगा यात्रा को लेकर मंडल व विधानसभा स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है। राजनांदगांव विधानसभा में इस अभियान को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व स्थानीय विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह नये बस स्टैण्ड से दोपहर 12.00 बजे हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगे जो पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख स्थानों का भ्रमण करेगी। शहर भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी व उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर ने इस दौरान कार्यकताओं व नागरिकों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# ओलम्पिक में भारत के कांस्य जीतने पर उत्साह

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




पैरिस ओलंपिक में 8जुलाई को संपन्न हुई पैरिस ओलंपिक हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे चौथे स्थान के लिए भारत के खिलाड़ियों ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित करते हुए स्पेन को रोमांचक मुकाबले में 1के विरूद्ध 2 गोल से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया जिसको लेकर हॉकी नर्सरी के खिलाड़ियों में उत्साह है। 26 जुलाई 2024 से आयोजित पैरिस ओलंपिक में खेले गई 8 जुलाई को तीसरे चौथे स्थान के लिए मैच में भारत के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए भारत के होनहार व भविष्य के उभरते खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक व खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन को रोमांचक मुकाबले में 2-1 गोल से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा कर राष्ट्रीय खेल हॉकी का मान बढ़ाया। इसके पूर्व भी भारतीय हॉकी टीम का शानदार खेल का प्रदर्शन रहा भारतीय हॉकी टीम ने 50 वर्षो के बाद आस्ट्रेलिया को 3-2 से पराजित किया तथा ग्रेट ब्रिटेन को महज 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए शूटआउट में 4-2 गोलों से पराजित किया था। विजय को लेकर जिला हॉकी संघ राजनांदगांव एवं हॉकी नर्सरी के खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। हॉकी नर्सरी में खेल प्रेमियों ने इस मौके पर फटाके फोड़े, मिठाईयां बांटी व एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, भुषण साव, गणेश प्रसाद शर्मा, आशोक यादव, अनिल यादव, मनीष गौताम, ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, समाज सेवी मोनू बहादुर, प्रखर श्रीवास्तव, गोलू गुप्ता, कुमार स्वामी, रौबीन गॉटलीब, दीपक यादव, आशीष सिन्हा,महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटे रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया,अशोक नागवंशी, संतोष चोकन्द्रे,खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढे, विकास वैष्णव, चंद्रहास साहू, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, संजीव पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव, कृष्णा यादव के साथ ही अन्य लोगों ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर खुशी जाहिर की।

# होनहार अभय को सायबर लॉ में पीएचडी की डिग्री

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के होनहार युवक अभय तिवारी ने साइबर लॉ में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वे अधिवक्ता बलराज तिवारी एवं भाजपा कार्यकर्ता अपर्णा तिवारी के सुपुत्र हैं। अभय ने डॉक्टर प्रिया राव, असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ् स्टडीस इन लॉ पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छग के सुपरविजन में साइबर लॉ में शोध पूर्ण कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि अभय प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहा है। उन्होंने बीए, एलएलबी एवं एलएलएम में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। उन्होंने अपने दूरदर्शन में एक खास इंटरव्यू में अपनी बातों को दृढ़ता से रखते हुए सायबर संबंधित अपराधों और बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की थी। अभय की उपलब्धि पर उनके माता पिता, परिजनों सहित नगर के सुधिजनो ने शुभकामनाएं दी है।

# जय महाकाल के उदघोष से डोंगरगांव नगर धर्ममय

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में श्रावणमास में महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाली गई। बाबा चंद्रमौलेश्वर के नगर भ्रमण दरम्यान शोभायात्रा में शिवशंभु के भक्तों के अलावा अघोरी भूत पिशाच स्वरूप धारण किये भक्तगण आकर्षण का केंद्र बन गए थे। वहीं राजनांदगाँव के गायकों के भजनों में युवा भक्तजन जमकर झूम उठे। महाकाल की शोभायात्रा दोपहर 2 बजे स्थानीय हनुमान मंदिर परिसर से साकेतधाम परिसर के लिए निकली। इस दरम्यान महाकाल चन्द्रमौलेश्वर की पालकी में मत्था टिकने होड़ सी लग गई थी। श्रावणमास के मद्देनजर उमड़ी भीड़ से नगर के स्टेटहाइवे में 2 घण्टे तक जाम की स्थिति बन गई थी। विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों ने पालकी की अगुवानी में फूलों की वर्षा की। कुछ भक्तों ने शर्बत व प्रसादी वितरण भी किया। अंत में साकेतधाम परिसर में समापन अवसर पर संध्या आरती के साथ महाप्रसादी वितरण किया गया।

**जनप्रतिनिधि, समाजसेवी द्वारा अगुवानी :** चंद्रमौलेश्वर की पालकी के दर्शनार्थ सांसद सँतोष पांडेय, वरिष्ठनेता खूबचंद पारख, दिनेश गाँधी, नीलू शर्मा, भरत वर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, सँतोष यादव, रोहित गुप्ता, डिकेश साहू सहित अन्य ने अगुवानी की। वहीं वरिष्ठनेता वीरेंद्र बोरकर, सतीष वैष्णव, दीपक देवांगन, प्रियंक जैन, राकेश साहू, विशाल, गोल्डी के अलावा समाजसेवी पवन डागा, दिनेश नखत, अमित गांधी, संदीप वैष्णव व राजू दुबे सहित प्रशासनिक अमले भी शामिल हुए।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने की कार्यालय की सफाई



पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन के निदेर्शानुसार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज जिले के तहसील मानपुर के सभी अधिकारी-कर्मचारीयों ने अपने-अपने दफ्तरों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार ने अपने हाथ में थामा झाड़ू और स्वप्रेरित होकर कार्यालय की साफ-सफाई की गई।

## वार्ड नं. 19 में मंदिर शेड और नाली निर्माण का काम होना है

# पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया 18 एकड़ में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वार्ड नं. 19 वर्धमान नगर में लाखों के दो अलग-अलग निर्माण कार्यों का भूमिपूजन पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि, शहर में विकास कार्यों को गति मिली है। आज यहां मंदिर परिसर में शेड निर्माण और इस कॉलोनी के लिए नाली निर्माण का बहुप्रतिक्षित कार्य शुरु हो रहा है। उन्होंने कहा कि, जनप्रतिनिधि आपकी मांगों के अनुरुप कार्यों की स्वीकृतियां लेकर आते हैं। वे भी इसके लिए अभिनंदन के पात्र हैं। भूमिपूजन का कार्यक्रम शुक्रवार को वार्ड नं. 19 वर्धमान नगर के 18 एकड़ में हुआ। यहां वार्ड पार्षद किशुन यदु व वार्डवासियों की मौजूदगी में पूर्व सांसद श्री यादव ने शिवदुर्गा मंदिर परिसर में शेड निर्माण व पुलिस क्वार्टर के पीछे नाली निर्माण के कार्य का श्रीगणेश किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर निर्विघ्न और शीघ्र कार्य पूर्ण होने की मंशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि, निःसंदेह इन निर्माण के पूर्ण होने से स्थानीय लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। वार्ड पार्षद किशुन यदु ने इस दौरान नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि, मांगों के अनुरुप निर्माण कार्यों की स्वीकृति लेकर आए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की विकास कार्यों हेतु संवेदनशीलता से विभिन्न मदों से प्राप्त स्वीकृतियों से विकास कार्यों में गति आई है। मंदिर परिसर में शेड निर्माण का कार्य आवश्यक था। अलग-अलग मौसम में विभिन्न धार्मिक आयोजन, पर्व में भक्तजनों को होने वाली समस्याएं इससे कम हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि, रेल डिब्बा पुलिस क्वार्टर के पीछे नाली निर्माण का काम भी शुरु हो रहा है। इसके निर्माण से ड्रेनेज से जुड़ी परेशानियों का निराकरण हो जाएगा। भूमिपूजन के कार्यक्रम के दौरान पार्षद शरद सिन्हा, रानू जैन, गगन आईच सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# मिथिला धाम में मनाया सावन महोत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में सावन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पर मिथिला महिला मंडल की सदस्य हरे रंग की साड़ियों में उपस्थित हुई और शंकर भगवान के अनेक भजनों के साथ उल्लास पूर्वक वातावरण में सावन उत्सव मनाया गया। मिथिला धाम मंदिर में पूरे सावन महीने शिवनाथ नदी से कांवर में जल लाकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया जाता है एवं मनोज चौधरी एवं अंबिका चौधरी के द्वारा प्रतिदिन भगवान का दुग्धाभिषेक किया जाता है। इस अवसर पर आज मिथिला धाम मंदिर में भजन का कार्यक्रम रखकर सावन उत्सव मनाया गया।

# दीपू बगीचा में राजी पड़हा स्कूल के अवैध छात्रावास से 27 बच्चों को बीमार हाल में प्रशासन ने किया रेस्क्यू

## अनुविभागीय दंडाधिकारी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





अनुविभागीय दंडाधिकारी जशपुर शनिवार को दीपू बगीचा में बने भवन का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्हें पता चला कि यहां पर नियम विरुद्ध छात्रावास संचालित किया जा रहा है। उनके द्वारा त्वरित कार्यवाही कर यहां पर रह रहे बच्चों का रेस्क्यू कर शासकीय छात्रावास पहुंचाया गया अनुविभागीय दंडाधिकारी की उपस्थित में छात्रावास भवन को लॉक कर चाभी नगर पालिका अधिकारी को सौंपी गई है। उन्होंने समाज प्रमुखों की मांग पर पूजा पाठ के लिए चाभी दिए जाने के निर्देश दिए।

**कई अनियमितताएं पाई गई** –एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने संस्कृति कला केंद्र दीपू बगीचा में स्थल जांच के दौरान पाया कि यहां पर संस्कृति कला केंद्र और राजी पड़हा में दो भवन निर्मित है। उक्त भवन में महामानव कार्तिक उरांव विद्यालय राजी पड़हा टिकैटगंज में संचालित स्कूल के बच्चों को छात्रावास के रूप में संचालित किया जा रहा है। छात्रावास के रूप में संचालन के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। जांच के दौरान छात्रावास में कई तरह की अनियमितताएं भी पाई गई।

**3 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे, 15 कुपोषित**–एसडीएम की जांच टीम में पाया गया की छात्रावास में 29 बच्चे रह रहे हैं। अभी 27 बच्चें वहां पर मौजूद थे। जिनकी उम्र लगभग 3 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक है। जांच के दौरान यह भी पाया गया की इसमें से 3 बच्चे का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। जिस पर जिला प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। एसडीएम ने बच्चों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन को निर्देश भी दिए हैं। इसके पश्चात स्वास्थ्य विभाग की चिरायु की टीम के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में 15 बच्चे कुपोषित और एक बालिका एनिमिक पाई गई।

**बिना अनुमति के संचालन** – निरीक्षण के दौरान पाया गया कि छात्रावास के संचालकों ने नगर पालिका से परमिशन भी नहीं लिया था। यहां पर बालक-बालिकाओं को एक ही कमरे में रखा जाता है, संस्था में एक अनाथ बच्चा भी मिला। जांच में पाया गया की संचालन के संबंध में किसी भी विभाग से अनुमति नहीं ली गई है। छात्रावास में बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन के लिए मीनू चार्ट भी नहीं था। इसके साथ ही संचालक को किस उम्र के बच्चो को क्या पोषण दिया जाना है उसकी भी जानकारी नहीं है। इसके अलावा छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं किया जाता है।

**पानी की भी व्यवस्था नहीं थी**–छात्रावास में शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ भी बच्चों को नहीं दिया जा रहा है। यहां पर साफ-सफाई की भी प्रयाप्त व्यवस्था नहीं है। बच्चों का नियमित रूप से टीकाकरण भी नहीं किया जा रहा है और न ही पंजी का संधारण किया गया है। छात्रावास में पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है, सार्वजनिक नल के पानी का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा छात्रावास में फायर सेफ्टी की भी व्यवस्था नहीं है। यहां पर सुरक्षा संबंधी भी कोई व्यवस्था नहीं है। जांच के दौरान स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका, श्रम विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्रीफलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में संपन्न हुआ 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक पूजन

## विशाल भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगिया के श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय 51 हजार पार्थिव शिवलिंग, रुद्राभिषेक हवन पूजन के साथ समापन हुआ। इस मौके पर शिव महापुराण की कथा का भी विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय की उपस्थिति में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने 51 हजार पार्थिव शिवलिंग बना कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चन कर, शिव महापुराण की कथा का श्रवण किया। उल्लेखनिय है कि बगिया के श्रीफलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में शिव कथा महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन का आयोजन हर साल किया जाता है। इस साल यह आयोजन बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ था। बीते तीन दिनों से सुप्रसिद्ध कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री की कथा सुनने के लिए श्रद्धालु यहां जुट रहे थे। आयोजन के अंतिम दिन पंडित राधेश्याम मिश्रा, गगन शर्मा, केयूर भूषण तिवारी, आजाद शर्मा, नवीन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से भगवान महादेव की पूजा संपन्न कराया। कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए कहा कि पार्थिव शिव लिंग की पूजा कभी खाली नहीं जाती। भगवान महादेव श्रद्धालुओं की मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। उन्होंनें कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए दिखावा नहीं, श्रद्धा की जरूरत होती है। हवन और पूजन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। यहां हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव की प्रसाद ग्रहण किया। शिव महापुराण की कथा का सफलता पूर्वक आयोजन संपन्न होने पर कौशल्या साय ने आयोजन में सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार जताया है।

# भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली तिंरगा यात्रा बाईक रैली

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



आज़ादी के अमृत महोत्सव पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सक्ती जिला अध्यक्ष लोकेश साहू के नेतृत्व में चंद्रपुर विधानसभा स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा बाईक रैली ग्राम किरारी से डभरा तक तिरंगा झण्डा, डीजे बाजे के साथ सैकड़ो तिरंगा यात्रा बाईक रैली निकालकर डभरा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष सक्ती कृष्णकंत चंद्रा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संयोगिता सिंह जूदेव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष लोकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष पीताम्बर पटेल, जिला मंत्री नेतराम चंद्रा, पुरन सरल, भाजपा डभरा मंडल अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल, मालखरौदा मंडल अध्यक्ष चंद्र कुमार चंद्रा, चंद्रपुर अध्यक्ष रुद्र कुमार मेहर, कोटमी मंडल अध्यक्ष भूपेंद शंकर पटेल, सुजीत पांडेय, आलोक पटेल, खेमेंद्र नायक, भाजयुमो मंडला अध्यक्ष मनीष महंत, विजय धीरे, मुंशी रात्रे, धर्मेन्द्र चंद्रा सहित सैकड़ो की संख्या में चंद्रपुर विधानसभा के समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका ने हर घर तिरंगा जन जागरूकता अभियान रैली निकाली



पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com

हर घर तिरंगा नगर पालिका के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य भारत के प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा फहराना है। इस अभियान के तहत, लोगों को अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं नगर पालिका चांपा से सीएमओ भोला सिंह ठाकुर जिला प्रशासन आईएएस दुर्गा प्रसाद के द्वारा चांपा नगर में हर घर तिरंगा का परचम फहराहते हुए परशुराम चौक पहुंचे जिसमे नगर पालिका के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ आम नागरिक भी उपस्थित थे नगर पालिका के द्वारा हर घर तिरंगा का जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं यह कार्यक्रम लागातार 14 अगस्त तक चलता रहेगा हर भारतवासी में देशभक्ति और देश के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है सहायक कलेक्टर ने बताया कि 15 अगस्त हम हर साल मनाते हैं लेकिन इस बार सरकार ने हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान चल रही है जिसके तहत सभी भारतवासियों को देश की प्रति सच्ची श्रद्धा विकसित किया जा सकें जिसमे देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा मिल सके। हर घर तिरंगा हुआ संपन्न का अर्थ है कि यह अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो सकें, और अधिकांश घरों में तिरंगा झंडा फहराया जा सकें है। यह एक उपलब्धि है जो देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को दर्शाती है।

# डायरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक तथा मितानीन की सम्मिलित बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर, खण्ड स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, खण्ड कार्यक्रम अधिकारी (बी.पी.एम.) की उपस्थिति में आज जनपद पंचायत जैजैपुर के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा स्वास्थ्य विभाग से मितानीन (प्रति ग्राम पंचायत एक) की सम्मिलित बैठक ली गई। जिसमें डायरिया को फैलने की रोकथाम एवं बचाव तथा उपचार की बिन्दुओं पर चर्चा करते हुवे आवश्यक कार्ययोजना बनाई गई। इसके अलावा कलेक्टर जिला सक्ती अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बने इस हेतु जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत सभी ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु छुटे हुए हितग्राहियों को शिविर में पहुंचने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर मितानीनों तथा रोजगार सहायक, सचिवों को मुनादी कराने के साथ-साथ घर-घर जाकर सूचना कर शिविर में उपस्थित कराने को कहा गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उसका औचित्य : डॉ. जीसी भारद्वाज

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय खरौद के प्रभारी प्राचार्य जी. सी. भारव्दाज ने कहा कि वर्तमान में हम इक्कस्वी सदी में प्रवेश कर लिये हैं। जिस प्रकार उन्नीसवीं सदी ब्रिटेन का कहा जाता है, बीसवीं सदी को अमेरिकन सदी कहते हैं, इसी प्रकार इक्कस्वीं सदी भारत की कही जा सकती है। 21 वीं सदी तनावो और दबावों की शताब्दी है किशोरवस्था जैसी यह अपनी पहचान की तलाश में छटपटा रही है। इस सदी में ज्ञान, कौशल और आकांक्षाओ के क्षेत्र मे हुए अपूर्व विस्फोटों ने शिक्षा के प्रति लोगों की अपेक्षाएं कई गुना बढ़ा दी है। आज हर सामाजिक समस्याओं का हल शिक्षा में खोजा जाने लगा है। चाहे वो समस्या जनाधिक्य का हो, ऊर्जा संकट का हो, बेकारी या बेरोजगारी का हो या यौन विकृति का। शिक्षा का महत्व आधुनिक युग मे हर क्षेत्र मे चाहे आर्थिक वृद्धि, सामाजिक सदभाव और चाहे लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण हो देखी जा सकती है। आज सर्वमान्य रूप से यह मान लिया गया है, कि शिक्षा में किया गया हर निवेश मानवीय पूंजी के निर्माण या मानवीय संसाधन के विकास में सहायक होता है। संभवतः इसीलिये शिक्षा एक-एक कम्रतम क्रांति और विकास का पर्याय बन गयी है। लेकिन शिक्षा व्यवस्थामें व्याप्त जड़ता, अगति और व्यर्थता इन तमाम अपेक्षाओं की पूर्ति में बाधक बनी हुई है। इसीलिये शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन की आवश्यकता गुंज हुई, जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता और उद्देश्य भी है। इसे केंद्रीय मंत्रीमंडल की मंजूरी भी प्राप्त है। इसमें मूल विषय के साथ साथ मूल्य परक विषयों को भी शामिल किया गया है। इस रूप में कहें तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक मूल्य परक शिक्षा है। जैसे समाजशास्त्र का दैनिक जीवन में उपयोग, ऊर्जा संकट, परिस्थितिक तंत्र, द्रव्य की अवस्थाएं, व्यापार प्रबंधन और संवैधानिक मूल्य आदि विषय शामिल है। जिनके अध्ययन से ऊर्जा संकट से उत्पन्न महंगाई, बिजली आपूर्ति में बाधा और परिस्थितिक तंत्र में पेड़-पौधे और जीव जंतु कैसे अन्योआश्रित रहकर प्रकृति में कैसे संतुलन बनाये रखती है।

# भारी बारिश से पुलिया डूबी, आवागमन बाधित, लोगों के साथ स्कूली बच्चे भी फंसे, धरमजयगढ़ के पेलमा व घोघरा पंचायत का मामला





पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में लगातार से तेज बारिश होने की वजह से शहरों एवं ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और वहीं कहीं पुलिया से ऊपर तक पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का आना जाना बंद हो गया है। तेज पानी की धार की वजह से लोग दोनों किनारों पर जलस्तर कम होने का इंतजार करते दिखे। स्कूली बच्चे भी फंसे हुए हैं। इसी क्रम में हम बात कर रहे हैं, धरमजयगढ क्षेत्र के ग्राम पेलमा एवं घोघरा गांव के बीच नदी में बने रपटा पुलिया का जहां पर आज आवक जावक करने वाले लोगों के बताए अनुसार सुबह से ही रपटा पुलिया के ऊपर से पानी का तेज रफ्तार में बहाव हो रहा है। जिससे नदी के आर पार आने जाने वालों का भीड़ लग गई है। और वहीं लोग पुलिया से पानी कम होने का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। जगह पर इमरजेंसी वाहन डायल 112 एवं महतारी एक्सप्रेस 102 की वाहन भी फंसे हुए। और वहीं जलस्तर कम होने का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। लेकिन वहीं कुछ लोग कहीं आने जाने के जरूरत कहें या हड़बड़ी अपने जान जोखिम में डालकर पुलिया से बाइक पार करते देखे जा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है,कि इस विषय पर क्षेत्र जनप्रतिनिधि भी अनजान नहीं है, लेकिन फिर अनदेखा कर जाते हैं। आगे उन्होंने कहा यहां शासन प्रशासन को ऊंचे पुलिया का निर्माण कराना चाहिए क्योंकि हम क्षेत्रवासियों को हर वर्ष इस परेशानी से गुजरना पड़ता है।

# जुर्डा में चक्रधरनगर पुलिस ने लगाया जन चौपाल ग्रामीणों से थाना प्रभारी की सीधी बात

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा साइबर व अन्य अपराधों की जानकारी व रोकथाम के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम जुर्डा में कल जन चैपाल का आयोजन किया गया। जहां थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर पुलिस ने गांव की समस्याओं के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली और उन्होंने समाधान के लिए सुझाव दिए। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा कि वे अवैध शराब, जुआ, और सट्टा जैसी गतिविधियों की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि इन अपराधों पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने बढ़ते साइबर क्राइम के खतरों पर भी चर्चा की और ग्रामीणों को इससे बचाव के उपाय बताए। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने सभी से अपील की कि वे शराब पीकर और तेज गति से वाहन न चलाएं, सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों का पालन करें। चौपाल में पुलिस ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि किसी भी असामाजिक गतिविधि या आपात स्थिति में वे तुरंत डायल 112 पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस के जन चौपाल में गांव की महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस की इस पहल की सराहना की। इसे गांव में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पोरबन्दर सुपरफास्ट ट्रेन में एक यात्री का पैर फिसला, आरपीएफ जवान ने बचाई जान

**रायगढ़।** पोरबंदर से शालीमार जा रही सुपरफास्ट ट्रेन जब रायगढ़ स्टेशन से छूटी तो एक यात्री का ट्रेन मे चढ़ने के दौरान पैर फिसल गया वहां पहले ही अलर्ट आरपीएफ जवान ने धकेलकर उसकी जान बचा कर मानवता की मिशाल कायम की है। रेल सुरक्षा बल पोस्ट रायगढ़ से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 12905 पोरबंदर शालीमार सुपरफास्ट ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रायगढ़ पहुंची और सुपरफास्ट ट्रेन जब रायगढ़ स्टेशन से छूटी तो एक यात्री का ट्रेन मे चढ़ने के दौरान पैर फिसल गया वहा पहले ही अलर्ट आरपीएफ जवान रणवीर जाट ने धकेलकर उसकी जान बचा कर बचाकर अपना फर्ज अदा किया है।

## प्राप्त आवेदनों का किया गया त्वरित निराकरण

# बांकीटोली में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 के नागरिकों की जन समस्या के निराकारण किये जाने के लिए सामुदायिक भवन, बांकीटोली, में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन किया गया। पखवाड़ा शिविर में उपस्थित आम नागरिकों को शासन द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रम हर घर तिरंगा के बारे में जानकारी दी गई। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में कुल 1023 आवेदन प्राप्त हुई, जिसमें मांग के 965 आवेदन तथा शिकायत से संबंधित 58 आवेदन प्राप्त हुए। निर्माण से संबंधित 153 आवेदन, विद्युत से 36 आवेदन, सफाई से 47 आवेदन, पेंशन के 51 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास 186 आवेदन, जलप्रदाय के 84 आवेदन, राशनकार्ड के 153, जन्म-मृत्यू के 66, राजस्व के 08 प्रकारण, विवाह पंजीयन के 01 तथा महिला बाल विकास के 09, वन विभाग के 09, सामान्य प्रशासन के 04 प्रकारण, विद्युत विभाग के 36 आवेदन, श्रम विभाग के 13 आवेदन, पी.एच.ई. के 01 आवेदन तथा राजस्व विभाग के 187 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त शिकायत पर मुख्यनगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारीयों द्वारा तत्काल कार्यावाही करते हुए मौके पर ही 394 प्रकारण का निराकारण किया गया। जिसमें नाली सफाई, कचरा हटाना, विधुत पोल में स्ट्रीट लाईट लगवाना एवं नल में पानी न आने की समस्या का निराकरण किया गया। पखवाड़ा में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, धनवंतरी योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, पेंशन योजना महतारी वंदन योजना, आयोध्या घाम तिर्थि यात्रा योजनाओं की जानकारी दी गई, तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के संबंध में उपस्थित आम नागरीकों से अपील की गई की घरों के बाहर कचरा न फेंके, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई दीदीयों को गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग छाट कर देने तथा नगर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। उक्त शिविर में महिला बाल विकास, श्रम विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर स्थल पर ही आयुस्मान कार्ड बना कर हितग्राहीयों को प्रदाय किया गया। साथ ही नगरपालिका द्वारा आम, जामून, कटहल, ईमली, आमरूद, अर्जुन एवं अन्य प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधो का वितरण किया गया। जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक नगरपालिका जशपुर के वार्डों में लगाई गई. पखवाड़ा में प्राप्त आवेदन में से तत्काल निराकरण होने वाले आवेदनों पर मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष आवेदनों पर कार्यवाही की जा रही है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में राधेश्याम राम, अध्यक्ष, राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष, हिमांशु गुप्ता, पार्षद, शैलेन्द्री यादव, पार्षद, संतन भगत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, योगेश्वर उपाध्याय, अशिमा विश्वास उप अभियंता, सुरेन्द्र मिश्रा जल प्रदाय प्रभारी, प्रभात सिंन्हा, राजस्व प्रभारी, लिलेन्द्र प्रधान, ज्योति खलखो, बद्रीनाथ पटेल, 'सुजीत कुशवाहा, दिनेश सिंह, शंकर यादव, बसंत विश्वकर्मा सहित निकाय के सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, उपस्थित रहे।

# हाइवे में पुल के ऊपर से बह रहा पानी

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छाल खुली खदान के पास स्टेट हाइवे 18 के छाल और खेदापाली के बीच पुल के ऊपर पानी बहने से आवाजाही प्रभावित है। जिला ट्रेलर मालिक कल्याण संघ ने इसका ठीकरा एसईसीएल पर फोड़ते हुए लापरवाही का आरोप भी लगाया है। दरअसल, एसईसीएल द्वारा पुल के पानी बहाव के बीच में लगभग 10-12 मीटर हाइट की अव्यवस्थित ओबी डंप कर दिया गया है जिससे पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है। अब पानी पुल के ऊपर से 3-4 फीट बहने लगा है। पीडब्ल्यूडी पहले ही एसईसीएल को इस विषय में चिट्ठी लिख चुकी है कि आपके द्वारा पानी निकासी के मार्ग में ओबी डंप किया गया है। अगर भविष्य में किसी भी प्रकार की पानी निकासी के मार्ग में क्षति होती है तो उसकी समस्त जवाबदारी एसईसीएल की रहेगी। पानी का बहाव ज्यादा होने की वजह से शुक्रवार देर शाम तक वाहनों की लंबी कतार लगने से आम राहगीर परेशान होते रहे। गुजरे गुरुवार ही एसईसीएल के रास्ते को लेकर रायगढ़ जिला ट्रेलर मालिक कल्याण संघ के छाल इकाई ने जंग छेड़ दिया गया है। दो दिन बीत जाने के बाद किसी प्रकार का समाधान एसईसीएल प्रबंधक द्वारा नहीं निकाला गया है। यही वजह है कि रोड एवं एसईसीएल की लापरवाही की वजह से आज का डिस्पैच शून्य रहा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी लापरवाह प्रबंधन की है।

# बस्तर में सरकार द्वारा पर्यटन को दिया जा रहा है बढ़ावा : मंत्री केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ≺ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर में प्राकृतिक सौंदर्य, वन उत्पाद, वन संसाधन की उपलब्धता बहुत है, सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कोसारटेडा जलाशय परिसर में भी ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकास हेतु आज भूमिपूजन किया गया है। बस्तर जिले में कोसारटेडा जलाशय से सिंचाई सुविधा के साथ-साथ अब ईको-टूरिज्म हब के निर्माण से यहाँ के महिला स्व सहायता समूह और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेगा। मंत्री ने कहा कि बस्तर अपनी अप्रतिम सौंदर्य के लिए विश्व प्रसिद्ध रहा है इस लिये बस्तर में सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। संभाग में कई जलप्रपात है जिनको पर्यटन नक्शे में जोड़ने की पहल की जा रही है। मंत्री कश्यप शनिवार को कोसारटेडा सिंचाई जलाशय में 03 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से विकसित की जा रही ईको-टूरिज्म रिसोर्ट का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप ने इको रिसोर्ट के मुख्य द्वार निर्माण हेतु राशि 25 लाख, इको रिसोर्ट के चारों ओर टो वॉल के निर्माण हेतु 01 करोड़, अप्रोच रोड के दोहरीकरण, प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख, रिसोर्ट के विकास हेतु रिसोर्ट के आसपास उपलब्ध अन्य विभागों के स्वामित्व की शासकीय भूमि को जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित करने और हाईमास्ट लाइट हेतु 25 लाख रूपए की घोषणा की। कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि कोसारटेडा जलाशय बनवाने के लिए स्वर्गीय बलीराम कश्यप ने अथक प्रयास किया, जलाशय से क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा बढ़ी, अब यहाँ पर्यटन के केंद्र के रूप में विकास किया जाएगा। सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ हो रहा है। बस्तर को पहले अधिकारी कालापानी की सजा के रूप में जानकर आते थे अब विकास की गति और सरकार योजनाओं ने पर्यटन के स्थल के रूप में अलग पहचान बना ली है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोसारटेडा जलाशय बस्तर- नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए जाना जाता था अब ईको-टूरिज्म पर्यटन के रूप में भी इसे नई पहचान मिलेगी। बस्तर जिला में पहले पर्यटन के रूप में चित्रकोट, तीरथगढ़, कुटुमसर गुफा की ख्याति थी इसमें अब कोसारटेडा ईको-टूरिज्म भी अलग पहचान दिलाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष टिकेशवरी मंडावी, सरपंच सालेमेटा फरसू बघेल अन्य जनप्रतिनिधि सहित सीसीएफ आरसी दुग्गा, वन मण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, जल संसाधन विभाग के भंडारी, वेद पांडेय सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को पूरे प्रोजेक्ट का विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया और ग्रामीणों को पौध वितरण किए। बस्तर जिले की कोसारटेडा मध्यम बहुउद्देश्यीय सिंचाई जलाशय परियोजना में सिंचाई के साथ ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया रहा है। करीब 03 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से निर्मित किये जा रहे कोसारटेडा जलाशय में ईको-टूरिज्म रिसोर्ट एवं अन्य पर्यटक सुविधाओं के जरिए बस्तर को नई पहचान मिलेगी। शासन की मंशानुरूप कोसारटेडा जलाशय ईको-टूरिजम हब के संचालन में स्थानीय मातृ शक्ति महिला स्वसहायता समूहों की व्यापक सहभागिता के साथ ही युवाओं और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### सुविधाओं का होगा विस्तार

कोसारटेडा ईको टूरिस्ट रिसोर्ट में मुख्य तौर पर 06 नेचुरल बम्बू कॉटेज,04 लक्जरी विला टेंट, एक बम्बू से निर्मित रेस्टोरेंट, बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क, एडवेंचर रोप कोर्स,वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं सहित पूरे ईको-टूरिज्म हब ईलाके को आकर्षक बनाने के लिए गार्डन डेवलपमेंट,बम्बू गजेबो,लैंड स्केपिंग,लॉन ग्रास वर्क,सीमेंट आर्ट वर्क,स्टेच्यू इत्यादि कार्यों के साथ ही एप्रोच रोड एवं पार्किंग स्थल भी निर्मित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील पहल से पुनः 2 लोगों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन में त्वरित एवं संवेदनशील पहल से गरियाबंद जिले के 2 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति मिली है। जिला प्रशासन बबली विश्वकर्मा एवं भामिनी दीवान को अनुकंपा नियुक्ति सौंपकर निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पति के निधन पश्चात परिवार के भरण पोषण के लिए चिंतित दोनों महिलाओं की समस्या दूर हो गई है। शासन के सहयोग से मिले अनुकंपा नियुक्ति के फलस्वरूप अब उनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं देखरेख की भी चिंता दूर हो गई है। दोनों को भृत्य पद पर नियुक्ति दी गई है। बबली को शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परसदाकला एवं भामिनी को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल छुरा में पोस्टिंग दी गई है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से आज दोनों महिलाओं के परिजनों ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति अपना आभार जताया। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगी। शासन के प्रावधानों के तहत गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। इसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। आज अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली फिंगेश्वर निवासी बबली विश्वकर्मा ने बताया कि उनके पति शिक्षक के रूप में सेवारत थे। उनके निधन के बाद परिवार चलाना मुश्किल हो गया था। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता रहती थी। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के पालन पोषण एवं देखरेख में सहायता मिलेगी, साथ ही भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसी प्रकार छुरा विकासखंड के ग्राम अकलवारा की रहने वाली भामिनी दीवान के पति भी शिक्षा विभाग में पदस्थ थे। उनके निधन के पश्चात उन्हें भृत्य के रूप में नियुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि पति के जाने के बाद भविष्य चिंतित था। शासन की पहल से अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के खुशहाली में मदद होगी।




# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आज फिर जरूरतमंदों को प्रदाय किया गया श्रवण यंत्र



पायनियर संवाददाता ≺ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में आज दो जरूरतमंदों को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। तहसील फरसाबहार की सुमित्रा यादव कान से कम सुनाई देने और ग्राम टाटीडांड़, तहसील कांसाबेल के लालजीत भगत श्रवण यंत्र की मांग को लेकर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन किया था। कैंप कार्यालय में उनकी समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। श्रवण यंत्र मिलने पर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा की अब उन्हें सुनने में कोई परेशानी नहीं होती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा आम लोगों की समस्या के समाधान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया किसी वरदान से कम नहीं है। जशपुर जिले के तहसील फरसाबहार की सुमित्रा यादव जन्म से कान से ही कम सुनाई देने की समस्या से पीड़ित थी, जिसमें उन्हें अपने दैनिक जीवन के क्रियाकलापों में काफी परेशानी होती थी। वे अपनी इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय कैंप पहुंची। कैंप कार्यालय में उनकी समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

# नियम विरुद्ध संचालित छात्रावास पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

महामानव कार्तिक स्कूल द्वारा गैरकानूनी ढंग से संचालित छात्रावास में रह रहे बच्चों की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा छात्रावास संचालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। अनुविभागीय दंडाधिकारी जशपुर के नेतृत्व में दीपू बगीचा स्थित नियम विरुद्ध संचालित छात्रावास पर कड़ी कार्रवाई की गई। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने पाया कि छात्रावास बिना अनुमति के संचालित किया जा रहा था, और यहां कई गंभीर अनियमितताएं भी मौजूद थीं। अनुविभागीय दण्डाधिकारी संस्कृति कला केंद्र दीपू बगीचा में जांच के दौरान पाया की यहां पर संस्कृति कला केंद्र और राजी पड़हा में दो भवन निर्मित है। उक्त भवन में महामानव कार्तिक उरांव विद्यालय राजी पड़हा टिकैटगंज में संचालित स्कूल के बच्चों के लिए छात्रावास के रूप में संचालित किया जा रहा था।

# ओला पीड़ित किसानों को मिला 9 लाख का मुआवजा

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा किसानों को खेती-किसानी में प्राकृतिक रूप से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। इस कड़ी में बिलासपुर जिले के बेलगहना तहसील के 4 गावों के 164 ओला पीड़ित किसानों को 9 लाख रुपए की मुआवजा राशि के चेक का वितरण किया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने कोनचरा में आयोजित कार्यक्रम में प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि के चेक वितरित किए। शेष किसानों को आरटीजीएस के जरिए राशि बैंक खातों में जमा करा दी गई। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत प्रति हेक्टेयर नुकसान के लिए 8500 रुपए की मुआवजा दी जाती है। 33 प्रतिशत अथवा इससे अधिक नुकसान पर मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। गौरतलब है कि बेलगहना के ग्राम पहांदा, कोनचरा, सुखेना और जरगा के किसानों का रबी धान की फसल को ओला वृष्टि से नुकसान पहुंचा था। उन्होंने जनदर्शन में कलेक्टर को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की थी। कलेक्टर ने टीएल में रखकर इसकी प्रगति की समीक्षा की। राजस्व निरीक्षक और पटवारियों को तेजी से सर्वे कर प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403